सुप्रभात
रांची, मंगलवार
28.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 135



12 आलिया भट्ट ने जीता बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड

## न्यूज डायरी

### गुमला में सीआरपीएफ जवान ने की आत्महत्या

**गुमला।** जिला के सिलम स्थित सीआरपीएफ कैंप में जवान संजय कुमार ने आत्महत्या कर ली है। संजय हिमाचल प्रदेश के रहने वाले थे और 218 बटालियन सिलम गुमला में प्रतिनियुक्त थे। उन्होंने किन वजहों से आत्महत्या की है इसका खुलासा नहीं हो सका है।

### पीएम का फेक वीडियो फैलाने पर केस दर्ज

**भोपाल।** चुनाव नतीजों से पहले एमपी पुलिस ने पीएम मोदी समेत अन्य नेताओं के डीप फेक वीडियो सर्कुलेट करने के मामले में चार केस दर्ज किये हैं। मप्र पुलिस ने इंदौर में पीएम मोदी समेत प्रमुख राजनेताओं के तथाकथित डीप-फेक और संपादित वीडियो प्रसारित करने के मामले दर्ज किये हैं।

### पीएम ने दी पूर्णिमा देव दिवाली की शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोमवार को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर राष्ट्र को शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का दूसरों की सेवा करने और भाईचारा बढ़ाने का संदेश दुनिया के लाखों लोगों को शक्ति देता है।

### भूमि पर्चा मिलने के दो वर्ष बाद मिली जमीन

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भूमिहीन परिवार को भूमि पर्चा दिये जाने के दो वर्ष बाद लाभुक को जमीन मिली। बताया जाता है कि दो साल पहले 27 नवंबर को सीएम हेमंत सोरेन के भूमि पर्चा दिये जाने के बाद अब तक जमीन उपलब्ध नहीं कराने से संबंधित खबरों के मीडिया में वायरल होने पर उपायुक्त चंदन कुमार ने संज्ञान लिया है।

### हादसे में व्यवसायी समेत दो की मौत

**साहिबगंज।** जिले में रविवार की देर रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी, वहीं इसमें दो युवक घायल हो गये हैं। दोनों हादसा तीनपहाड़ इलाके में हुआ। मृतक लालमाटी के व्यवसायी विजय भवनीय (50) और मोनू हांसदा हैं।

### बुढ़मू : सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**रांची।** बुढ़मू प्रखंड में सोमवार की शाम सड़क हादसे में दो युवकों नवदा गंझू टोला के छोटेलाल गंझू (28) और करमा गंझू (32) की मौत हो गयी, जबकि एक घायल हो गया। तीनों युवक सोसई जतरा से नवदा गंझू टोला स्थित अपने घर जाने के दौरान गुरहा नाला के पास अज्ञात टर्बो की चपेट में आ गये।

### कई राज्यों में बारिश का अलर्ट, तूफान भी संभव

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश के कई राज्यों के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जतायी है। वहीं कुछ क्षेत्रों में तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## लुगु पहाड़ पर अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन के समापन में बोले सीएम हेमंत सोरेन

# जबतक मैं हूं, यहां कोई भी प्लांट नहीं लगेगा

- देश भर के आदिवासियों का सबसे पवित्र स्थल है लुगुबुरू
- इस धार्मिक धरोहर को हर हाल में संरक्षित किया जायेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ललपनिया।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि भारत में आदिवासियों का सबसे पवित्र स्थल लुगुबुरु है। लुगुबुरु आदिकाल से ही पूर्वजों द्वारा संचालित होता आ रहा है। हर हाल में आदिवासी समुदाय की आस्था और विश्वास से जुड़ी इस धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ को संरक्षित किया जायेगा। उन्होंने कहा, जब तक मैं हूं, किसी भी परिस्थिति में लुगु पहाड़ पर डीवीसी लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित लुगु पहाड़ पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट को स्थापित नहीं होने दिया जायेगा। मुख्यमंत्री आदिवासी समुदाय की धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा, लुगुबुरु के इतिहास को संजोकर नहीं रखेंगे, तो आने वाली पीढ़ी इस संबंध में कैसे जान सकेगी। लुगुबुरु धर्म स्थल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता है। इसे हर हाल में संजो कर रखना है।

**हम गरीब जरूर हैं, पर सभी धर्म का सम्मान करते हैं :** सीएम ने कहा आदिवासी समाज प्रकृति पूजक हैं, पहाड़, पर्वत को वे हरा-भरा रखते आये हैं। हम आदिवासी संताल गरीब जरूर हैं, लेकिन आज तक किसी के धर्म या किसी की कोई भी चीज हो हम गलत नजर से नहीं देखते। हम शांति और सद्भाव से हमेशा रहना चाहते हैं। हमें अपने धर्म के प्रति जागरूक रहना है और अपने कर्तव्य को निभाना है। हर हाल में आदिवासी समुदाय की आस्था और विश्वास से जुड़ी धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ को संरक्षित किया जायेगा। लुगुबुरु आदिकाल से ही पूर्वजों द्वारा संचालित होता आ रहा है। (शेष पेज 11 पर)



### आदिवासी सीएम को हटाने की कई साजिश

हेमंत सोरेन ने कहा कि छठी अनुसूची क्षेत्र में पूरे भारत में मात्र झारखंड में ही एक आदिवासी मुख्यमंत्री है, लेकिन इस सरकार को गिराने के लिए समय-समय पर विपक्ष तरह-तरह के षडयंत्र रचता है। यहां टीटीपीएस भी लुगुबुरु का ही एक हिस्सा है। लुगुबुरु की इस धरोहर को बचाये रखने के लिये हमेशा सजग रहना होगा। आज वनाधिकार कानून आया है, अगर आप इसका लाभ अभी नहीं लेंगे तो आनेवाले समय दिक्कत होगी। देश में अगर किसान आंदोलन नहीं करते तो केंद्र सरकार काला कानून रद्द नहीं करती। इस समाज के लोग अपने हक अधिकार के लिए जागरूक रहें। उन्होंने इस महाधर्म सम्मेलन में देश-विदेश से आए अतिथियों के प्रति आभार जताया।

**हमें अपनी रक्षा खुद करनी होगी :** सीएम ने आदिवासी एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि यदि हम सभी एकजुट हो जायें तो हमें आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। कोई बाहर से आकर आपकी रक्षा नहीं करेगा। आपको अपने घर की रक्षा खुद करनी होगी। हमारे समाज में शिक्षा का अभाव व पिछड़ापन है, इस कारण हमारे समाज में आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, जज व पत्रकार नहीं बन पाते हैं।

### प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा पर दिखी अद्भुत छटा





## आज योजनाएं एसी में नहीं धरातल पर जनहित में बनती हैं : हेमंत

# यह अंधों बहरों की नहीं संवेदनशील सरकार है

**सोबरन मांझी शहादत दिवस**

- शहीदों के सपनों का बना रहे झारखंड, आदिवासी, दलित-पिछड़ों को मिली पहचान
- तेजी से बढ़ रहा राज्य, गांव-गांव तक सरकार की नजर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने कहा कि राज्य में पहले की तरह अंधों बहरों की नहीं अभी संवेदनशील और आम जनता की सरकार चल रहीं हैं। इस सरकार में योजनाएं एयर कंडीशंड कमरे में नहीं बनती हैं। हम राज्य के हालात और जनता की जरूरतों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाते हैं। योजनाएं हकीकत में धरातल पर उतरे, हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह संवेदनशील और आम जन की सरकार है। हमारी सरकार में आदिवासी, दलित और पिछड़ों को पहचान मिली है। हम अपने शहीदों के सपनों का झारखंड बना रहे हैं। सीएम सोमवार को शहीद सोबरन मांझी के 66 वें शहादत दिवस पर लुकैयाटांड, नेमरा, गोला, रामगढ़ में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। सीएम के साथ दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने भी इस मौके पर अपने पिता शहीद शहीद सोबरन मांझी को नमन किया।



**दिख रहा बदलाव :** सीएम ने कहा कि आज झारखंड में बदलाव दिख रहा है। दूरस्थ इलाकों में भी वृहत पैमाने पर सड़कें, पुल-पुलिया बन रही है। गांव-गांव में बिजली-पानी जैसी आधारभूत सुविधाएं पहुंच रही है। हम विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हमारी सरकार सभी बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को पेंशन दे रही है। गरीबों को धोती-साड़ी मिल रहा है। बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आर्थिक सहायता दे रहे हैं। हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने के इरादे से योजनाएं बना रही हैं। आपकी योजना - आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव- पंचायत में शिविर लगा रही है। (शेष पेज 11 पर)

### शहादत बेकार नहीं जाने देंगे

सीएम ने कहा कि एक लंबे संघर्ष के बाद हमें झारखंड राज्य मिला। शहादत की देन है। हमारी सरकार इनकी शहादत को बेकार नहीं जाने देगी। आज सरकार की नजरें और योजनाएं जंगलों, पहाड़ों, तलहटी और दुरूह-दुरस्त इलाकों में रहने वाले लोगों तक पहुंच रही है। हम अपने शहीदों के सपनों का झारखंड बना रहे हैं।

## गुरुनानक के बताये मार्ग से ही मानवता की रक्षा: सीएम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिख संप्रदाय के पहले गुरु गुरु नानक देव जी की 554वीं जयंती पर सोमवार को रांची में विशेष दीवान सजा। जिसमें सीएम हेमंत सोरेन समेत कई गणमान्य शामिल हुए। सीएम ने गुरुनानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व पर राज्य के साथ देशवासियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि ईश्वर के बताये मार्ग पर ही हम सब चलते हैं। गुरुनानक देव के बताये मार्ग और उनके विचारों पर चलकर ही मानवता की रक्षा की जा सकती है। उन्होंने गुरुनानक स्कूल में सजे विशेष दीवान स्थल से गुरु पूर्णिमा की भी शुभकामनाएं दीं। प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम के साथ सांसद महुआ माजी, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह समेत कई गणमान्यों ने भाग लिया और गुरु नानकदेव के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**कार्तिक पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी :** कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को झारखंड के रांची, चतरा, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां समेत अन्य क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। रजरप्पा के मां छिन्नमस्तिका मंदिर, इटखोरी के मां भद्रकाली मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शुरू हो गयी थी। रांची के नामकुम में भक्तों ने स्वर्णरेखा रेखा नदी में डुबकी लगाकर भगवान महादेव की पूजा-अर्चना की।

# एसपी नौशाद आलम आज इडी ऑफिस में होंगे हाजिर

**अवैध खनन मामला**

- 22 को पूछताछ के लिए बुलाया गया था

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साहिबगंज एसपी नौशाद आलम मंगलवार को इडी कोर्ट में हाजिर होंगे। इडी ने उन्हें पूर्व में समन भेजा था। समन मिलने के बाद नौशाद आलम ने इडी को पत्र लिखकर समय मांगा था। साहिबगंज एसपी नौशाद आलम 22 नवंबर को पूछताछ के लिए इडी कार्यालय में बुलाया गया था, लेकिन वे हाजिर नहीं हुए।

उन्होंने इडी को पत्र लिख कर हाजिर होने के लिए समय मांगा था। इडी ने एसपी के अनुरोध को ठुकराते हुए दूसरा समन जारी किया और 28 नवंबर को एजेंसी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पेश होने को कहा था। पत्र में उन्होंने समन मिलने के बाद वरीय अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगने की बात कही। साथ ही यह भी लिखा कि वह अधिकारियों से मिलेवाले मार्गदर्शन के अनुरूप काम करेंगे। पर इडी ने समय की मांग से संबंधित अनुरोध को ठुकरा दिया. उल्लेखनीय है कि साहिबगंज के एसपी पर इडी के गवाह विजय हांसदा को भड़काने में शामिल रहने और उसकी दिल्ली यात्रा के लिए टिकटों की व्यवस्था करने का आरोप है।

## बिहार में नीतीश सरकार के सामने आयी बड़ी चुनौती

# 75% आरक्षण रोकने को कोर्ट में याचिका

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में बढ़ाये गये आरक्षण के खिलाफ पटना हाईकोर्ट में चुनौती याचिका दायर कर इसे रोकने की मांग की गयी है। याचिका में इन संशोधनों पर रोक लगाने की मांग की गयी है। कहा गया कि संशोधन जाति सर्वेक्षण के आधार पर किया गया है। इन पिछड़ी जातियों का प्रतिशत इस जातिगत सर्वेक्षण में 63.13 प्रतिशत था, जबकि इनके लिए आरक्षण 50 से बढ़ा कर 65 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रवधान भी नहीं है। याचिका को सूचीबद्ध करने से पहले उसकी प्रति महाधिवक्ता के कार्यालय को भेज दी गयी है। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की अनुमति के बाद इसे सूचीबद्ध किया जायेगा।

**दो व्यक्तियों ने दायर की याचिका :** विधानसभा से पास इस कानून के खिलाफ गौरव कुमार व नमन श्रेष्ठ ने याचिका दायर की है। हाल ही में बिहार आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ी जाति) (संशोधन) अधिनियम, 2023 और बिहार (शिक्षण संस्थानों में प्रवेश) आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 पारित किया। इनसे आरक्षित श्रेणियों के लिए पहले से दी जा रही आरक्षण की सीमा को 50 से बढ़ा कर 65% कर दिया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### क्या है मामला

बिहार में नीतीश सरकार ने सूबे में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति (बीसी) और अत्यंत पिछड़ी जाति के लोगों की सरकार में भूमिका बढ़ाने और जीवन स्तर बेहतर करने को आरक्षण का दायरा 10 से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया था। वहीं, अब सरकार के इस फैसले के खिलाफ पटना हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गयी है।

# पहली कक्षा के बच्चे की हार्टअटैक से मौत


**एजेंसी**

**इंदौर।** हार्ट अटैक का खतरा अब बड़ों के साथ बच्चों को भी अपने आगोश में ले रहा है। कम उम्र के लोगों को भी हार्ट अटैक के दौरे पड़ रहे हैं। ताजा मामला इंदौर से सामने आया है। यहां पहली कक्षा में पढ़ने वाले छह साल के एक बच्चे (मास्टर वेहान जैन) को दिल का दौरा पड़ा और देखते ही देखते मासूम बच्चे की मौत हो गयी। इतनी कम उम्र के मासूम बच्चे की हृदय गति रुकने से मौत के मामले ने सभी को हैरान कर दिया है। वह अपने घर का इकलौता पुत्र था।

इंदौर के कंचन बाग में रहने वाले राहुल जैन का 6 साल का बेटा मास्टर वेहान जैन, डेली कॉलेज स्कूल की पहली कक्षा में पढ़ता था। वह परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली गया था। (शेष पेज 11 पर)

### बदलती जीवल शैली का असर


डाक्टरों के अनुसार लोगों की बदलती जीवन शैली के कारण यह बीमारी धीरे-धीरे और घातक होती जा रही है। कुछ वक्त पहले हार्ट अटैक व हृदय रोग जैसी बीमारियां अधिक उम्र के लोगों को ही होती थीं, लेकिन बदलते जीवनशैली के कारण धीरे-धीरे अब मामूम बच्चे भी इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। वेहान को कुछ समय से कमजोरी महसूस हो रही थी। कुछ समय पूर्व उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे इंदौर में डॉक्टर को दिखाया गया था, तब वायरल फीवर की बात सामने आयी थी। डॉक्टरों ने मौत का कारण मायोकार्डिटिस बताया है। इसमें हार्ट की पम्पिंग काम हो जाती है।



### क्या है मायोकार्डिटिस

मायोकार्डिटिस या मायोकार्डियम में दिल की मांसपेशियों की सूजन आ जाती है, जिससे सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, छाती में दर्द, थकान, सिर में दर्द, बुखार या गले में खराशें जैसे लक्षण महसूस होते हैं। मायोकार्डिटिस से रक्त पंप करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। दिल में थक्के के कारण हार्ट अटैक आ सकता है। इस स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

# काशी में लाखों दीपों ने बिखेरी अद्भुत और अलौकिक छटा



### देव दीपावली

**वाराणसी (एजेंसी)।** धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक नगरी काशी में गोधूलि बेला में देव दीपावली पर लाखों दीपों ने अद्भुत और अलौकिक छटा बिखेरी। गोरक्षापीठाधीश्वर व सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहला दीप जला कर दीपावली का शुभारंभ किया। आशा, आस्था, आत्मीयता अंत्योदय के असंख्य दीयों से जगमग हो उठा अविनाशी काशी। देव दीपावली पर सजी काशी के घाटों पर 22 लाख दीपों की आभा से गंगा घाट जगमग हो उठा।

# बीबीए व बीसीए डिग्रीवालों को भी पीएच के शिक्षक पद की नियुक्ति में मौका दें : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) द्वारा फिजिकल एजुकेशन टीचर पद के लिए बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए ) एवं बैचलर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन( बीबीए ) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी पूर्णिमा कुमारी, अभिजीत कुमार सिन्हा एवं आशुतोष कुमार की कटऑफ से ज्यादा अंक आने के बाद भी उम्मीदवारी कंसीडर नहीं करने के मामले को लेकर दायर रिट याचिका को हाई कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने प्रार्थी को फिजिकल एजुकेशन के शिक्षक पद की नियुक्ति प्रक्रिया में कंसीडर का निर्देश जेएसएससी को दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा। जेएसएससी ने फिजिकल एजुकेशन शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में बीबीए एवं बीसीए की डिग्री वाले अभ्यर्थियों को क्रमश कॉमर्स एवं साइंस के ग्रेजुएशन डिग्री के समक्ष नहीं माना था साथ ही इन्हें नियुक्ति से वंचित रखा था। इससे पहले भी हाईकोर्ट ने मुकेश रंजन एवं राजदेव सिंह के केस में बीबीए को कॉमर्स के अंतर्गत तथा बीसीए को साइंस के अंतर्गत माना था। उसी के आधार पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने प्रार्थी पूर्णिमा, अभिजीत एवं आशुतोष के मामले में इन्हे भी नियुक्ति प्रक्रिया में कंसीडर करने का आदेश दिया है। साथ ही इन अभ्यर्थियों को जेएसएससी की ओर से जारी शो कॉज नोटिस को रद्द कर दिया है।

**पूर्व में हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने कहा था बीसीए साइंस स्ट्रीम का अभिन्न अंग है :** बता दें कि पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मुकेश रंजन एवं राजदेव सिंह के मामले में अपने आदेश में कहा था कि बीसीए साइंस स्ट्रीम का अभिन्न अंग है। यहां बता दें कि जेएसएससी ने ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर, फिजिकल एजुकेशन के विज्ञापन संख्या 21/ 2016 में अभ्यर्थियों के लिए साइंस, आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम में 45% अंक के साथ ग्रेजुएशन की अर्हता निर्धारित की थी जबकि प्रार्थी के पास बीबीए, बीसीए की डिग्री थी। उक्त परीक्षा में कटऑफ से ज्यादा अंक लाने के बाद भी जेएसएससी ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय प्रार्थी का कैंडिडेचर रद्द कर दिया था। जिसे उसने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया था कि बीसीए साइंस स्ट्रीम का अभिन्न अंग है। भारत में एजुकेशन सेक्टर में आज के समय में कई बदलाव हुए हैं। कई नए कोर्स आए हैं जो साइंस, आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम के अभिन्न अंग हैं। इस तरह बीसीए भी साइंस स्ट्रीम का अभिन्न अंग है। वर्ष 2014 में यूजीसी के गजट पब्लिकेशन में यह मेंशन किया गया है कि बीसीए साइंस स्ट्रीम का अभिन्न अंग है। इसी तरह के कई सारे और नए कोर्स साइंस, आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम के अभिन्न अंग है।

## चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामला : डीएनए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को साहिबगंज एसपी ने हाईकोर्ट से मांगा समय

रांची। साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया है। एसपी ने हाईकोर्ट से समय देने का आग्रह करते हुए अपनी ओर से कहा है कि डीएनए टेस्ट लंबी प्रक्रिया है जिसमें लगभग 30 दिन का समय लगता है। ऐसे में इस मामले में डीएनए रिपोर्ट दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए। बता दें कि इस मामले की सुनवाई मंगलवार 28 नवंबर को जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में होने को लेकर सूचीबद्ध है। बता दें कि खंडपीठ ने पिछले सुनवाई में दो गुमशुदा बच्चों में से बरामद किए गए एक बच्चे के डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट डायरेक्टर फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री, रांची मांगी थी। कोर्ट ने मामले में डायरेक्टर, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, रांची की ओर से नोटिस जारी किया था। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि गुमशुदा बच्चों में से एक लड़के का पता लगा लिया गया है,

**आज होगी सुनवाई**

लेकिन उसके पिता और अन्य रिश्तेदारों द्वारा उसकी पहचान को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति है। इसलिए सरकार ने पिता और लड़के का नमूना लेकर डीएनए टेस्ट के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला रांची भेज दिया गया है। अब डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मामले में प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाल और दीपक साहू ने पैरवी की थी।

**क्या है मामला :**

दरअसल, कुलदेव साह व वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेंन केस संख्या 148/ 2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ दर्ज कांड संख्या 2020/ 2022 में बी हंसदा ने अपने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## जमीन अगर नहीं रहेगी तो आदिवासीयत खत्म हो जाएगी : डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भारत सरकार के पूर्व मंत्री स्व. कार्तिक उरांव की 99वीं जयंती के मौके पर सोमवार को आदिवासी विकास परिषद की ओर से कार्तिक उरांव स्कूल सिसई में आयोजित विशाल जतरा में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्व कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर उनके कृतियों को याद करते हुए कहा कि हमें संस्कृति को बचाना है, शिक्षा को बढ़ाना है, जमीन को बचाना है, हमारी भाषा की रक्षा करनी है। जमीन अगर नहीं रहेगी तो आदिवासीयत खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा लोग ताक लगाकर बैठे हुए हैं। डॉ उरांव ने कहा यह जमीन आपकी नहीं है। यह जमीन आपके पूर्वजों ने दी है। हमें अपने भावी पीढ़ी को इस जमीन को सुपुर्द करने के लिए बचाना है। आदिवासी और आदिवासियत को बचाने के लिए हमें हमारी परंपरा, संस्कृति,भाषा बचाकर रखना है। उन्होंने कहा पिछले दिनों मैंने अपने क्षेत्र में मांदर, नगाड़ा बांटा ताकि युवाओं को अपनी संस्कृति बचाने के लिए प्रेरित किया जा सके। सरकार से हम मांग करेंगे और प्रस्ताव देंगे कि आने वाले दिनों में खासकर आदिवासी इलाके में अखाड़ा बनाये जाएं। मांडर और नगाड़े बांटे जाएंगे ताकि हमारी संस्कृति हमारी धरोहर के रूप में हमेशा संरक्षित रहे।

# लिट्टीपाड़ा इलाके में जनजातीय समाज का मलेरिया से जूझना दुर्भाग्यपूर्ण : बाबूलाल

### बड़ा कुटलो गांव में पिछले दिनों ब्रेन मलेरिया से पांच बच्चों की मौत हो गई थी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को लिट्टीपाड़ा के मलेरिया प्रभावित क्षेत्र बड़ा कुटलो ग्राम पहुंचे। मलेरिया से मृत और बीमारी से पीड़ित लोगों के परिजनों से मुलाकात की। वहां की स्थिति के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली। इसके साथ ही राज्य सरकार को निशाने पर लिया। सोशल मीडिया पर भी भड़ास उतारी। उन्होंने कहा कि लिट्टीपाड़ा और सुन्दरपहाड़ी का क्षेत्र मलेरिया की चपेट में है। इसके दुष्प्रभाव से कई लोगों की विशेषकर छोटे बच्चों की जान जा रही है। दो दिन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अपने विधानसभा क्षेत्र पहुंचे थे तो सबों को उम्मीद थी कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के मलेरिया प्रभावित गांवों का दौरा कर वस्तुस्थिति का जायजा लेंगे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे। लेकिन हेमंत सोरेन ने अपने क्षेत्र की जनता मुख्यतः पीड़ित आदिवासी समाज को निराश किया। प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किये बगैर ही वे वापस लौट गये। सोने का चम्मच लेकर पले-बढ़े राजकुमार को हो सकता है यह भय हो कि मलेरिया प्रभावित लोगों के इलाके में जाने से कहीं उन्हें भी मलेरिया न हो जाये?

**मलेरिया के प्रकोप से तात्कालिक राहत दिलाने का प्रयास :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि 21वीं सदी में भी झारखंड का हमारा जनजातीय समाज मलेरिया रोग के इलाज की कमी से जूझ रहा है। इसके साथ ही बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हालात की गंभीरता को देखते हुए वे अपने आगामी कार्यक्रमों को स्थगित कर रहे हैं। लिट्टीपाड़ा और सुन्दरपहाड़ी के गांवों में स्वास्थ्य स्थिति का जायजा लेने के अलावा जनता को मलेरिया के प्रकोप से तात्कालिक राहत दिलाने में पहल करने का प्रयास होगा।

**मोटरसाइकिल और पैदल पहुंचे गांव**

लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बड़ा कुटलो गांव जाने के बाद बाबूलाल मरांडी गोड्डा जिला के सुंदरपहाड़ी प्रखंड के जोलो बरागो गांव पहुंचे। सुंदरपहाड़ी में ये गांव लगभग 8 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस गांव में जाने के लिए सड़क तक नहीं है फिर भी बाबूलाल पैदल और मोटरसाइकिल से इस गांव पहुंचे। वहां पर मलेरिया बीमारी से जान गंवानेवालों के परिजनों और मलेरिया से पीड़ित लोगों से मिले। समस्याओं को सुना।

## बिना आइएसआइ मार्का के ब्लीचिंग पाउडर की सप्लाई लेने के आरोप में फंसे इंजीनियर पर कार्रवाई

रांची। राज्य सरकार ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता कार्य प्रमंडल आदित्यपुर नजरे ईमाम की दो वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोकने का आदेश दिया है। नजरे इमान अभी सहायक अभियंता सीडीओ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में पदस्थापित हैं। उनके विरुद्ध आदित्यपुर के पदस्थापन काल में निविदा निस्तार में नियमों की अवहेलना कर पदीय शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए अयोग्य संवेदक को आपूर्ति आदेश दिया गया था। उन्होंने तय आपूर्ति आदेश से विपरीत बिना आइएसआइ मार्का के ब्लीचिंग पाउडर की सप्लाई लेने एवं बिना गुणवत्ता वाले जल की आपूर्ति करने पर आरोप लगे। पूरे मामले की जांच करायी गयी जिसमें प्रथमदृष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया। उनसे शो कॉज भी सितंबर 2023 में पूछा गया था।

# 28 दिसंबर से मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव करेंगे पारा शिक्षक

**सरकार की वादाखिलाफी से नाराज पारा शिक्षक 3 दिसंबर से करेंगे पारा चरणबद्ध आंदोलन का आगाज**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पारा शिक्षकों की राज्य स्तरीय बैठक रांची के मोरहाबादी स्थित दादा-दादी पार्क में 27 नवंबर को बैठक झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले हुई। मौके पर पारा शिक्षकों की मांगों और सरकारी के कदम पर चर्चा हुई। इसमें चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव 28 दिसंबर से करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता बिनोद बिहारी महतो ने की। संचालन सिद्दीक शेख ने किया। मोर्चा के पदधारियों ने कहा कि सरकार की वादाखिलाफी के कारण राज्य के पारा शिक्षकों में आक्रोश है। बैठक में मुख्य रूप से बिनोद बिहारी महतो, हृषिकेश पाठक, बिनोद तिवारी, सिद्दीक शेख, सिंटू सिंह, विकास कुमार चौधरी, सुमन कुमार, निरंजन दे, बेलाल अहमद, नेली लुकास, शकील अहमद, विरेन्द्र राय, भागवत तिवारी भी शामिल थे।



**ये है पारा शिक्षकों की मुख्य मांगें :** राज्य के 62,000 सहायक अध्यापकों को वेतनमान दे सरकार। आकलन उत्तीर्ण एवं सीटेट को जेटेट के समतुल्य लाभ दे। सहायक आचार्य शिक्षक नियुक्ति में विभिन्न त्रुटियों का संशोधन करे। 15 नवंबर, 2018 को भाजपा सरकार द्वारा सहायक अध्यापक एवं परिजनों पर रांची एवं राज्य के विभिन्न थानों में किए गए मुकदमे वापस लिये जाए। झारखंड अध्यापक सेवा शर्त नियमावली मे संसोधन कर अनुकंपा, ईपीएफ का लाभ, शहरी क्षेत्र मे 4% वार्षिक वृद्धि सहित अन्य मांग।

**10 को होगी बैठक**

3 दिसंब, 2023 को राज्य के सभी सत्ता पक्ष/ विपक्ष विधायक /मंत्री के आवास पर विधानसभा के सभी प्रखंड इकाई की संयुक्त बैठक एवं मंत्री/ विधायक को संयुक्त मांग पत्र सौंपा जाएगा। 10 दिसंबर, 2023 को राज्य के सभी जिलों मे सभी संगठनों की संयुक्त बैठक होगी। 16 दिसंबर, 2023 को राज्य के सभी सहायक अध्यापक के द्वारा ट्विटर अभियान के माध्यम से मांगों को लेकर मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण कराया जाएगा। 19 दिसंबर, 2023 को एक दिवसीय झारखंड विधानसभा घेराव किया जायेगा और 28 दिसंबर, 2023 से अनिश्चितकालीन मुख्यमंत्री आवास घेराव किया जायेगा।

## जमीन पर काम कुछ नहीं, प्रचार-प्रसार और दिखावे पर चल रही सरकार : सुदेश



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में जमीनी काम नदारद हैं। साथ ही जनता के सवाल गुम हैं। हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कहा कि प्रचार- प्रसार और दिखावे में सरकार जुटी है। सिस्टम बेपटरी है। वर्तमान व्यवस्था को बदलने के लिए सकारात्मक विचारों वाले नेतृत्व के साथ आगे बढ़ना होगा। हरमू स्थित केंद्रीय कार्यलय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान उन्होंने ये बातें कहीं। मिलन समारोह में गुमला जिला से आये विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कई जनप्रतिनिधियों ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी का दामन थामा। इनमें पूर्व कांग्रेस जिला सचिव कमला सिंह, जेएमएम पंचायत पदाधिकारी विजय दास सहित कई अन्य भी शामिल थे। मिलन समारोह के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता देवशरण भगत, गुमला जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**आपके द्वार कार्यक्रम से स्कूली बच्चों की पढ़ाई डिस्टर्ब**

आजसू प्रमुख ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सरकार काम नहीं, सिर्फ प्रचार कर रही है। स्कूली बच्चों को कार्यक्रम स्थल पर बुला कर उनकी तस्वीर खींची जा रही है। इसके चलते उनकी पढ़ाई बाधित हो रही, यह काम उनके विद्यालय में भी किया जा सकता है। पीडीएस सिस्टम के तहत राशन कार्ड में नाम नहीं जुड़ रहा है जिससे गरीब लोगों को उनके हक का राशन नहीं मिल पा रहा है। लोग अपनी समस्या को लेकर लाइन में लगे हैं लेकिन उनका काम नहीं हो रहा है जबकि राज्य की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। शासन जनता के लिए होता है। यहां शासन अपने हितों के लिए राजशाही में बदल दिया गया है। पार्टी में शामिल हुए सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए श्री महतो ने कहा कि सभी कार्यकर्तओं का आजसू पार्टी में स्वागत है। राज्य की जनता का पार्टी से कनेक्शन बढ़ा है जिसका परिणाम है कि आज राज्य के हर हिस्से से लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।

## आद्रा मंडल में रोलिंग ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन होगा प्रभावित

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। इससे रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ ट्रेनें प्रभावित की गयी है। इसमें ट्रेन संख्या 18035 और 18036 खड़गपुर- हटिया- खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा एक दिसंबर को आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन तथा आंशिक प्रारम्भ होगा। इन ट्रेनों का आद्रा-हटिया-आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा। ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा 27 नंवबर, एक दिसंबर और तीन दिसंबर को यात्रा अपने निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला, मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार, मूरी होकर चलेगी।

## खबर एक नजर में

### आज राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना, दो दिसंबर तक छाये रहेंगे बादल

रांची। बंगाल की खाड़ी मे बने निम्न दबाव क्षेत्र का आंशिक असर राज्य में देखा जा रहा। मौसम विभाग की माने तो मंगलवार को राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है। बारिश की संभावना मुख्य रूप से धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, हजारीबाग, खूंटी, गुमला, पूर्वी सिंहभूम जिला शामिल है। पूर्वी और मध्य भाग में है। केंद्र की माने तो इसके साथ ही पुरवाइया हवाओं का असर भी राज्य में देखा जायेगा जिससे ठंड बढ़ेगी। वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की माने तो दो दिसंबर तक राज्य में बादल छाये रहेंगे। सुबह और शाम के वक्त कोहरा या धुंध का असर देखा जायेगा। वही हवा में नमी महसूस की जायेगी। केंद्र की मानें तो दो दिसंबर तक राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में सुबह से लेकर शाम तक कोहरे का नजारा देखने को मिल सकता है। हवा में नमी के कारण दिन में भी कोहरा जैसी स्थिति बन सकती है। राज्य के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। 29 नवंबर को पूरे राज्य के तापमान में गिरावट होने की संभावना है। गिरावट पांच डिग्री तक की दर्ज की जा सकती है।

### आय से अधिक संपत्ति केस: 5 पूर्व मंत्रियों के शिकायतकर्ता पंकज यादव को एसीबी ने बुलाया

रांची। रघुवर कैबिनेट के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति की जांच कर रही एसीबी ने सक्रियता बढ़ा दी है। एसीबी ने पत्र भेज कर शिकायतकर्ता पंकज कुमार यादव को गवाही के लिए बुलाया है। पंकज यादव को भेजे गए पत्र में पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा की आय से अधिक संपत्ति मामले में बयान दर्ज करने को बुलाया है। पंकज यादव को एक सप्ताह के भीतर एसीबी कार्यालय में उपस्थित होकर गवाही दर्ज करानी है। उल्लेखनीय है कि रघुवर कैबिनेट के पांच मंत्रियों के खिलाफ पंकज यादव ने झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी और एसीबी में भी शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आलोक में एसीबी ने पीई दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि पांच सालों में 200 प्रतिशत से 1200 प्रतिशत तक पूर्व मंत्रियों की संपत्ति में वृद्धि हुई है।

### झारखंड राज्य सूचना आयोग : मुख्य सूचना आयुक्त सहित अन्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द

रांची। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद राज्य में संवैधानिक संस्थाओं के रिक्त पदों पर नियुक्तियों के लिए प्रक्रियाएं तेज हो गयी है। इसी कड़ी में झारखंड राज्य सूचना आयोग में जल्द आयुक्तों की नियुक्ति की जायेगी। राज्य सरकार के स्तर पर इसकी तैयारी चल रही है। दिसंबर माह के पहले सप्ताह में इस संबंध में बैठक भी की जायेगी। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बैठक होगी, जिसमें मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए चयन किया जायेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रिटायर जज या रिटायर वरीय आईएएस अधिकारी को मुख्य सूचना आयुक्त बनाया जा सकता है। इसके अलावा आठ सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की जायेगी। कार्मिक विभाग की ओर से इसके लिए आवेदन मांगा गया जिसमें अब तक करीब 600 से अधिक आवेदन समाजसेवियों, पत्रकारों व अन्य बुद्धिजीवियों के प्राप्त हुए हैं। संभावना है कि इन आवेदनों में से ही किसी की नियुक्ति की जायेगी। झारखंड राज्य सूचना आयोग में लंबे समय से मुख्य सूचना आयुक्त सहित अन्य सूचना आयुक्त के पद रिक्त हैं। इस वजह से सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त आवेदनों की सुनवाई भी नहीं हो पा रही है। हजारों आवेदन पेडिंग हैं। इधर, सूत्रों की मानें तो सरकार अब इसमें नियुक्ति करने की तैयारी में है।

### सीबीआई 15 पन्नों के दस्तावेज और 5 फाइल लेकर साहिबगंज से रांची लौटी

रांची। अवैध खनन घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही ईडी के गवाह विजय हांसदा के केस में जानकारी हासिल कर सीबीआई की टीम वापस रांची लौट आई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई अपने साथ 15 पन्नों के दस्तावेज और पांच फाइलों की महत्वपूर्ण जानकारी विभाग को सौंपेगी। क्योंकि विजय हांसदा के केस की चार्टशीट दाखिल हो गई है, गवाह न मिलने के कारण पुलिस असत्य साबित हो चुकी है। दूसरी ओर इसी मामले की जानकारी लेने सीबीआई साहिबगंज पहुंची थी।

### खनन से संथाल में पोस्टेड पुलिस अधिकारी ने आसनसोल तारापीठ और सिलीगुड़ी में खरीदे आलीशान होटल

रांची/साहिबगंज। साहिबगंज जिले के नींबू पहाड़ इलाके में अवैध खनन मामले में जांच के लिए तीन दिन पहले पहुंची केंद्रीय जांच एजेंसी को संथाल परगना क्षेत्र में पोस्टेड दो पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी जांच की। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि दोनों पुलिस अधिकारियों की अवैध कमाई का एक हिस्सा राजनीतिक दलों को दिया जाता है। इसके अलावा इनमें एक पुलिस अधिकारी ने आसनसोल, सिलीगुड़ी और तारापीठ में आलीशान होटल और बिहार के भागलपुर जिले के पीरपैंती में अपने परिजनों के नाम कई जमीन खरीदी है। जबकि दूसरे पुलिस अधिकारी का रिश्तेदार पत्थर तोड़ने में काम में आने वाले विस्फोटक सामग्रियों का धंधा करता है।

### अगामी लोकसभा चुनाव में धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले को सबक सिखाएगी देश की जनता : डॉ कांगो




रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भालचंद्र कांगो ने कहा कि देश में माहौल बदल रहा है। देश के किसान मजदूर छात्र नौजवान एकजुट हो रहे हैं। धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले को देश की जनता 2024 में सबक सिखाएगी। देश के 36 राजनीतिक पार्टियों एकजुट हो चुकी है, तो दूसरे तरफ जनता एकजुट हो रही है। इंडिया एकजुट होकर चुनाव लड़ेगी और देश की जनता 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेगी, देश में महंगाई बेकारी लाचारी से आम जनता त्रस्त है। डॉ कांगों सोमवार को भाकपा के राज्य कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता, प्रदेश सचिव महेन्द्र पाठक, केडी सिंह एवं जिला सचिव अजय कुमार सिंह मौजूद थे। डॉ कांगों ने कहा कि मोदी सरकार बौखलाहट में तमाम विपक्षी पार्टियों को निशाना बना रही है। विपक्षी राज्य सरकारों को तोड़ने की कोशिश हो रही है , तो दूसरे तरफ राम मंदिर के नाम पर यानी धर्म के नाम पर राजनीति कर वोट बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसके बावजूद देश की जनता अगामी लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को हटाने का मन बना चुकी है। हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि राज्य में जल जंगल जमीन की लड़ाई, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चला रही है, राज्य के हजारीबाग चतरा सहित कई जिलों में कई महीनो से किसान धरना पर बैठे हुए हैं। अदानी कोल ब्लॉक के विरोध में लगातार बड़का गांव की जनता आंदोलन पर है। जिस पर जिला प्रशासन जीला बदर कर रही है। बेकसूर लोगों को भी जिला बदर करने की नोटिस भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून और भूमि अधिग्रहण कानून को दरकिनार करते हुए लाठी गोली के बल पर जबरन किसानो की उपजाऊ जमीन उनके बगैर मर्जी के लूटने की कोशिश हो रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सजग है लगातार आंदोलन में है और आने वाले दिन में जल जंगल जमीन को बचाने की लड़ाई तेज करेंगी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कर रही है। लेकिन इंडिया गठबंधन के साथ होने के नाते गठबंधन के आधार पर भी चुनाव लड़ना चाहती है।

## स्पीड न्यूज

### अग्रवाल समाज ने गुरुनानक जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं का किया स्वागत



मेदिनीनगर। गुरुनानक जयंती के शुभ अवसर पर निकाले गये नगर कीर्तन सह शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओ के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल टी स्टॉल की ओर से चाय, बिस्किट, पानी और शर्बत का वितरण किया गया। मौके पर अग्रवाल टी स्टॉल के प्रोपराइटर मोहन लाल अग्रवाल, मदन लाल अग्रवाल राहुल अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अनुज, मनोज, अभिषेक अग्रवाल, राहुल पांडे, नीतीश पांडे आदि शामिल थे।

### डालटनगंज विधायक ने किया भक्ति जागरण का उदघाटन



सतबरवा पलामू। डालटनगंज भंडारिया विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रविवार की रात्रि में प्रखंड क्षेत्र के खामडीह गांव के शिव मंदिर परिसर में भक्ति जागरण का उदघाटन फीता काटकर किया। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि भक्ति से शक्ति मिलती है। इस प्रकार का भक्ति जागरण का आयोजन समय समय पर होना चाहिए। गीत संगीत से मानसिक तनाव में कमी आती है। स्वास्थ्य जीवन के लिए संगीत जरूरी है। उदघाटन के पूर्व आयोजन समिति के सदस्यों ने विधायक का फूल माला से स्वागत किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, रामकरेश चौरसिया, अमलेश चौरसिया, संजय यादव, आनंद साव के अलावे भक्ति जागरण कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र यादव, कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंह ,सचिव उमेश सिंह, राजेश कुमार साहू, प्रदुमन साव समेत कई लोग मौजूद थे।

### गुरु नानक देव जी की जयंती मनी



प्रतिनिधि,मेदिनीनगर। गुरु नानक देव जी का जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। शहर के बेलवाटिका स्थित गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में गुरु ग्रंथ साहिब का दीवान सजाया गया। इसका आयोजन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा ने किया। जागत ज्योत स्वरूप श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी गुरुद्वारा से बाजे गाजे के साथ निशान साहेब की अगुआई में मेमोरियल हॉल लाया गया। इस दौरान सिक्ख समाज के लोग वाहे गुरु सतनाम का सुमिरन कर रहे थे। मेमोरियल हॉल में गुरु का दीवान सजने के बाद लोगों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से अरदास किया। इसके बाद शबद कीर्तन एवं गुरुवाणी का गायन शुरू हुआ। पंजाब के तखत केसगढ़ से आए रागी जत्था भाई कुलविंदर सिंह एवं उनके सहयोगियों ने शबद कीर्तन एवं गुरुवाणी गायन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दसमेश मॉडल स्कूल के बच्चों के अलावा स्थानीय रागी ज्ञानी सुंदर सिंह ने भी शबद कीर्तन किया। इस अवसर पर सदर सीओ अमरदीप बलहोत्रा सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन के बाद गुरु का लंगर शुरू हुआ, जिसमे सिक्ख समाज के अलावा अन्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा कमेटी के प्रधान सतबीर सिंह राजा, इंद्रजीत सिंह डिंपल, राजेंद्र सिंह बंटी, चरणप्रित सिंह, कुंवर सिंह, पुनीत सिंह, मन्नत सिंह, राजपाल सिंह, फतेह सिंह, सरदार हरप्रीत सिंह खालसा, उत्तम सिंह, बॉबी सिंह, मेला सिंह व बिट्टू सिंह, सरदार गुरुदेव सिंह, गुरवीर सिंह गोलू, रविंद्र सिंह, बिट्टू वालिया, पप्पू, सत्यजीत सिंह सहित महिला–पुरुष शामिल थे।

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड 17 में शिविर का आयोजन



प्रतिनिधि विश्रामपुर (पलामू)। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 17 स्थित जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, नप के निवर्तमान अध्यक्ष हलीमा बीबी, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी,बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, सलमुद्दीन अंसारी व एमामूल हक गुड्डू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, निवास, नक्शा, जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण सहित कई मामला आया। जिसमे से कई समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेबरेम, प्रभात कुमार, जेई बिभूती कुमार, मुकेश कुमार, अजित टुडु, सुमित कुमार, दीपक कुमार, रमेश कुमार, सुबोध केशरी, रवि चौधरी, मुबारक अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### पलामू के 17 जुडो खिलाड़ियों ने नेशनल चैंपियनशिप में लहराया जीत का परचम



प्रतिनिधि विश्रामपुर (पलामू)। पलामू के जुडो खिलाड़ियों ने आगरा में आयोजित जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में जीत का परचम लहराया। यहां के खिलाडियों ने दो स्वर्ण पदक,10 रजत पदक व पांच कास्य पदक अपने नाम किया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों पलामू जिला के विश्रामपुर, रेहला, बी मोड़, गोदरमा व कजरु पांडु क्षेत्र के कई विद्यालयों से 17 खिलाड़ियों का चयन उत्तर प्रदेश के आगरा एन्क्लेव स्टेडियम में होने वाले राष्ट्रीय जुडो चैंपियनशि में हुआ था। इस चैंपियनशिप में 18 राज्य से कई खिलाड़ी शामिल हुये। वहीं झारखंड जूडो का खेल प्रतिस्पर्धा दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ व राजस्थान के खिलाड़ियों के साथ हुआ। साथ ही झारखंड पी एस एकेडमी के निदेशक डॉ अज्जो सिद्दीकी को भी ट्रॉफी व बुक्के देकर सम्मानित किया गया। झारखंड पी एस एकेडमी के निदेशक डॉ अज्जो सिद्दीकी ने बताया कि झारखंड के सभी जीते हुये खिलाड़ी अगामी नेपाल के काठमांडू अंतर्राष्ट्रीय भगवान बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय इनडोर स्टेडियम में होने वाले इंटरनेशनल जूडो चैंपियनशिप यूथ गेम एजुकेशन फेडरेशन ऑफ इंडिया में भाग लेंगे। सोमवार को सभी विजेता खिलाड़ियों को बिश्रामपुर में सम्मानित किया गया।

### कर्नल कप : रोमांचक मुकाबले में बभंडी ने कोशी को हराया



हुसैनाबाद (पलामू)। अनुमंडल के कपूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 के पांचवां मैच बभंडी बनाम कोशी खेला गया। कोशी टीम को गोल करने का कई मौका मिला लेकिन गोल करने में कामयाब नहीं हुई। लेकिन बभंडी ने आक्रामक खेल खेलते हुए एक बाद एक लगातार तीन गोल कर मैच को 3–0 से अपने नाम कर लिया। बभंडी की तरफ से सनोज गोविंद और लव कुश कुमार ने गोल किया। इसके पूर्व इस मैच के मुख्य अतिथि कोशी पंचायत के मुखिया विजय राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया तथा उन्हें अनुशासन तरीके से खेलने का आह्वान किया। क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह ने कहा कि कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब हुसैनाबाद के होनहार युवाओं को आगे बढ़ने का मौका दे रही हैं। बताते चलें कि यह टूर्नामेंट दर्शकों भी खूब भा रही है और हर दिन ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में फुटबॉल प्रेमी इस मैच को देखने आ रहे हैं। आज मैच के दौरान क्लब के उपाध्यक्ष डबल सिंह समाजिक कार्यकर्ता अनुज सिंह उर्फ लड्डू सिंह पुर्व फुटबॉलर गोविंद सिंह, प्रमोद रजक अभिमन्यु कुमार सिंह, अनिल सिंह, विकास कुमार, नीरज सिंह, इशरार अहमद व सुधीर सिंह व बीर बहादुर सिंह सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# बागेश्वर सरकार के कार्यक्रम को न रोके राज्य सरकार : अरुणा शंकर

>> प्रथम महापौर ने कहा उपायुक्त पलामू द्वारा दिए गए पत्र में नदी के तट पर पॉल्यूशन फैलने, बरसात आने पर बड़ी दुर्घटना तथा सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सरकार आपके द्वार का प्रारंभ होना मुख्य बिंदु बताया गया है

## माननीय उच्च न्यायालय में लगाई अर्जी 30 को होगी पेसी



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। हनुमंत कथा आयोजन समिति की संयोजक मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने 10, 11, 12 दिसंबर को होने वाले बागेश्वर सरकार के कार्यक्रम जिसकी अनुमति सदर अनुमंडल पदाधिकारी, मेदनीनगर ने सभी विभागों की अनुशंसा एवं समीक्षा के बाद 2 दिन पूर्व निर्गत की थी जिसे उपायुक्त पलामू द्वारा कल स्थगीत कर दिया गया, जिसे दुखद बताया। प्रथम महापौर ने कहा उपायुक्त पलामू द्वारा दिए गए पत्र में नदी के तट पर पॉल्यूशन फैलने, बरसात आने पर बड़ी दुर्घटना तथा सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सरकार आपके द्वार का प्रारंभ होना मुख्य बिंदु बताया गया है।

जबकि मेदिनीनगर शहर एवं प्रमंडल के नदी तट पर लाखों लोगों की भीड़ के साथ अभी-अभी छठ पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। पलामू किले के समीप नदी पर वर्षो से सफलतापूर्वक तीन दिवसीय पलामू मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया गया जहां लाखों श्रद्धालु उपस्थित थे। जोड़, पूर्वडिहा, सिंगरा में भी हर वर्ष नदी के तट पर बड़े स्तर पर सफलतापूर्वक मेले का आयोजन किया जाता रहा है जहां लाखों श्रद्धालु आते हैं। हर 1 जनवरी एवं 14 जनवरी को नदी के तट पर लाखों की संख्या में लोग होते हैं। उपरोक्त समारोह पर कभी पॉल्यूशन की शर्ते नहीं रखी जाती। प्रथम महापौर कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन से पॉल्यूशन नहीं बल्कि वातावरण स्वच्छ होता है। रही बात सरकार के महत्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा तो इस योजना के तहत पदाधिकारीयो को गांव-गांव में खुद जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को देना है ना की कोई भीड़ जमा करना है। मेदिनीनगर में भारत विख्यात कथा वाचक श्री देवकीनंदन जी के सानिध्य में कथा एवं महायज्ञ चल रहा है।

जिससे पॉल्यूशन नहीं शहर को सकारात्मक ऊर्जा मिल रही है। ऋषि मुनि एवं करोड़ों श्रद्धालुओं से सजा कुंभ मेला भी नदी के संगम पर ही होता है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सरकार व जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि जन-जन में बसे बागेश्वर सरकार को आने दे ना रोके सरकार। प्रथम महापौर ने कहा कि माने की पलामू में यह कार्यक्रम नदी के तट करने का प्रस्ताव हम सबो ने दिया था जहां पॉल्यूशन फैल सकता, लेकिन रांची, धनबाद, गिरिडीह, बाघमारा में अनुमति क्यों नहीं? कहा कि जल्द हम सब जिला प्रशासन को एक-दो दिनों के अंदर नया कथा स्थल जो नदी के तट से दूर होगा को प्रस्तावित करने जा रहे हैं ताकि बागेश्वर सरकार का कार्यक्रम कराया जा सके।

एक सवाल के जवाब में प्रथम महापौर ने स्पष्ट किया कि हम सब इस कार्यक्रम को कराने के लिए माननीय उच्च न्यायालय में भी अर्जी लगाई है, जिसकी पेशी 30 नवंबर को है। हम सबों का पूर्ण प्रयास होगा कि श्रद्धेय बागेश्वर सरकार का चरण मेदिनीनगर की धरती पर अवश्य पड़े।

## प्रभु की कृपा से ही भक्ति होती है : जटाशंकर

- पूर्व आयुक्त ने प्रभु श्रीराम जी के राज्याभिषेक एवं राज तिलकोत्सव कार्यक्रम में लिया भाग
- यज्ञ महासमिति ने किया पूर्व आयुक्त को सम्मानित





**मौके पर जो थे उपस्थित :** मौके पर तुलसी मानस मंदिर के अध्यक्ष भरत सिंह, सचिव शिवनाथ अग्रवाल, संयुक्त सचिव मनीष भिवानिया, कोषाध्यक्ष बलिराम शर्मा, रवि शंकर पांडेय, संरक्षक प्रमोद तुलस्यान, सुरेश उदयपुरिया, मीनू नेमल, पूजा भिवानिया, रेखा, सुमन, किरण देवी, पुजारी सुरेश पाठक, बसंत जायसवाल, रवि शंकर उपाध्याय सच्चिदानंद मिश्र, भजन गायक उमाशंकर मिश्र, प्रियरंजन पाठक, अंशुल उदयपुर, संतोष शंघाई, सुशील गुप्ता, भीम, अंजनी पाठक, संतोष पाठक, विजय गुप्ता, ओम प्रकाश दुबे, शुभम के अलावा यज्ञ समिति के कई सदस्य, मानस पाठकर्ता विद्वान एवं मानस प्रेमी उपस्थित थे।

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के पूर्व प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी श्री रामचरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ समिति की ओर से साहित्य समाज चौक स्थित तुलसी मानस मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ के अंतर्गत आयोजित प्रभु श्री रामजी का राज्याभिषेक कार्यक्रम में भाग लेकर पूजा-अर्चना एवं आरती कर सुख समृद्धि की कामना की। प्रभु श्रीराम जी का राज्याभिषेक बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। ढोल-बाजा, नगाड़ा, भक्ति भाव एवं भजनों के साथ प्रभु श्रीरामजी का राजतिलक हुआ। पूर्व आयुक्त ने राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता जानकी, हनुमानजी, वशिष्ठ गुरुदेवजी पूरे राम दरबार में स्थापित भगवान को तिलक लगाया एवं आरती उतारी। यज्ञ के यजमान मनीष भिवानिया एवं पूजा भिवानिया थे। कार्यक्रम के उपरांत मनीष भिवानिया एवं समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों ने पूर्व आयुक्त जटा शंकर चौधरी को सम्मानित किया। मौके पर जटा शंकर चौधरी ने कहा कि हम सभी भगवान के सेवक हैं। भगवान के दरबार में न कोई अतिथि और न ही कोई विशिष्ट अतिथि होता है। भगवान के पास सभी एक समान होते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा से ही भक्ति होती है। भक्ति आने से मानव दोष दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कई उदाहरण पड़े हैं, उसे आत्मसात कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। मधुसूदन शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति आपसी सामंजस्य /समरसता, एकता एवं मेलमिलाप से रहने लग जाए, तो सोचो रामराज आ गया। यह कार्यक्रम 9 दिन तक चलता है। हवन एवं दिन बुधवार को समापन होगा। कार्यक्रम का संचालन यज्ञ समिति के सचिव शिवनाथ अग्रवाल ने किया। मौके पर उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार भी थे।

### पांकी विधायक ने पंचायत समिति सदस्यों को किया सम्मानित

## पंचायत में अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें पंसस : डॉ शशिभूषण



खबर मन्त्र संवाददाता

नीलाम्बर पीताम्बरपुर पलामू। प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने क्षेत्र के विभिन्न पंचायतो से आये पंचायत समिति सदस्यों को शॉल देकर सम्मानित किया। प्रदेश भाजपा द्वारा जिला भाजपा कार्यालय मेदिनीनगर में पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला आयोजित की गई थी। मौके पर विधायक जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, विधायक डॉ मेहता की धर्मपत्नी किरण मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, उप प्रमुख कुसुम देवी, तरहसी प्रमुख प्रिया कुमारी, पति लड्डू रजक, कमेश यादव, श्याम नंदन ओझा, संदीप यादव, मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, कुंदरी पंचायत समिति बिंदिया देवी, अजीत प्रसाद गुप्ता, रोशन सिंह, अशोक यादव, नागेंद्र सिंह, महेश यादव, पूर्व मुखिया अजय पासवान, सुधीर तिवारी, अखिलेश चंद्रवंशी, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, निर्मल मेहता,निजी सहायक सरोज चटर्जी दिलीप मेहता, समाजसेवी गोपाल यादव, देवराज कुमार साव, भाजपा कार्यकर्ता कार्तिक सिंह, पांकी विधानसभा के पंचायत समिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता शामिल थे। मौके पर विधायक ने कहा कि पंचायत समिति सदस्य अपने पंचायत में दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें। साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहायक बनें। कहा कि हेमंत सरकार हर मोर्चे पर फेल है।

## नारायण जिनके साथ हों, हार कदापि नहीं होती : देवकीनंदन ठाकुर






खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सांसारिक बल पर भरोसा करने वाले भययुक्त ही जीते हैं। लेकिन नारायण पर विश्वास करने वाले भय मुक्त होते हैं। जिनके साथ नारायण का साथ हो उनकी हर कदापि नहीं होती। उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय कथावाचक, धर्मराज, शांति दूत पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे सोमवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित पंडाल में छठे दिन श्रीमद् भागवत पुराण की कथा सुना रहे थे। श्रीमद् भागवत पुराण के प्रसंग की चर्चा करते हुए देवकीनंदन ने कहा कि लक्ष्मी व शांति हर एक घर में चाहिए। लेकिन करोड़ों अरबों के मालिक होते हुए भी 99 प्रतिशत घरों में शांति नहीं है। शांति उसी को मिलती है जो संतों के मुख से श्रीमद्भागवत कथा सुनते हैं। भागवत सत्संग से शांति जरूर मिलती है। मां लक्ष्मी को शुद्धता पसंद है। जो चाहते हैं कि उनके घर में लक्ष्मी का वास हो वे कटे -फटे वस्त्र कदापि नहीं पहने। यह तो दरिद्रता की पहचान है। आज के परिवेश व मॉडर्न जमाने पर प्रहार करते हुए देवकीनंदन ने दुख जताया। आज कल की माताएं-बहने भी कटी -फटी वस्त्र पहने लगी हैं। यह सनातन की पहचान नहीं है।

## महायज्ञ से समाज में शांति और समृद्धि आती है : मिथिलेश ठाकुर



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में मंत्री मिथिलेश ठाकुर शामिल हुए। उन्होंने यज्ञ मंडप की कथावाचक श्री देवकीनंदन ठाकुर जी के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। साथ ही यज्ञ के आचार्यों के साथ पूजन किया। उन्होंने इस महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए परशुराम युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय जी और अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी जी और पूरी कमिटी को बधाई दिया। मंत्री महाआरती में शामिल हुए। साथ ही उन्होंने भागवत कथा का भी श्रवण किया। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर जी ने मंत्री जी को साधुवाद देते हुए कहा आज उनके साथ परिक्रमा करते हुए लगा जैसे पूरी झारखंड सरकार साथ परिक्रमा कर रही है। मंत्री ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन होने से समाज में शांति और समृद्धि की वृद्धि होती है। भागवत कथा को सुनने से मानसिक शांति है और जीवन में सफलता प्राप्त होती है।

### स्टार क्लब ने मंदेया नदी छठ घाट पर मनाया देव दीपावली उत्सव, गंगा महाआरती का आयोजन



छतरपुर पलामू। छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के मंदेया नदी छठ घाट पर स्टार क्लब द्वारा रविवार को देव दीपावली उत्सव पर 5100 दीप जलाकर उत्सव मनाया गया। लोगों ने नदी में स्नान कर दीप जलकर कार्तिक पूर्णिमा मनाया। मौके पर गंगा आरती व भक्ति जागरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी, समाजसेवी रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ जी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, नगर पंचायत के भावी प्रत्याशी मोहन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। सिंह ने कार्यकर्ताओं व लोगों को देव देपावली की बधाई दी। मौके पर उन्होंने कहा कि आज मंदेया नदी छठ घाट पर दीप जलते देखकर प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने अपील किया कि अगले वर्ष 2024 में अयोध्या के राम मंदिर का उदघाटन किया जायेगा तो मंदेया नदी घाट पर 11 हजार दीप जलाकर खुशी का इजहार किया जायेगा। उन्होंने स्टार क्लब के लोगो को बधाई दी। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि स्टार क्लब छठ व्रत से लेकर कई अन्य समाजिक कार्यों में भाग लेती है। यहां के युवाओं में काफी उमंग है। भविष्य में भी इस घाट को और विकसित किया जायेगा। मौके पर पवन कुमार, आलोक कुमार, राहुल राय, रीतेश चंद्रा, अरबिंद गुप्ता समेत श्रद्धालु मौजूद थे।

### नावा जयपुर थाना में मनाई गई संविधान दिवस



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के नावाजयपुर थाना में संविधान दिवस मनाया गया। नावा जयपुर थाना प्रभारी संजय रजक ने संविधान का शपथ जवानों को दिलाया। वहीं पाटन थाना में पुलिस निरीक्षक विशनुदेव पासवान ने जवानों को शपथ दिलाया। संविधान दिवस पर पुलिस निरीक्षक विशनुदेव पासवान एवं नावा थाना प्रभारी संजय रजक ने संविधान की रक्षा करने के लिए विस्तार से चर्चा किया। मौके पर संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। मौलीक कर्तव्यों का निष्ठा से वहन करने का प्रण लिया तथा राष्ट्र के कानून का पालन करने की बात कही। मौके पर थाना के सभी पुलिस जवान एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रौनियार वैश्य महासभा की बैठक



सतबरवा पलामू। अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता ने सोमवार को रौनियार वैश्य इकाई सतबरवा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इससे पूर्व सेवानिवृत्ति शिक्षक नारायण प्रसाद के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद गुप्ता, संतोष प्रसाद गुप्ता का स्वागत किया गया। श्रवण प्रसाद गुप्ता ने बताया कि 17 दिसंबर को रांची में प्रदेश कार्य समिति सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। 24 दिसंबर को हटिया में झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा इकाई के द्वारा वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। रेड़मा पांकी रोड़ में जिला सचिव सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता के जमीन पर सोमवार को रौनियार धर्मशाला का भूमिपूजन करके शिलान्यास किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। मौके पर सोनू गुप्ता, सतीश कुमार, शंकर प्रसाद, ऋतिक कुमार, पंकज गुप्ता, शुभम गुप्ता, नान्हू गुप्ता, अंकित, अंकुर, विशाल, शशि प्रसाद, विजय समेत कई लोगों ने स्वागत किया।

## 51000 दीयों से जगमगाया कोयल का घाट



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। देव दीपावली के अवसर पर गंगा पूजन आयोजन समिति ट्रस्ट के द्वारा कोयल नदी के घाट पर गिरवर स्कूल से लेकर शिवाला घाट तक 51000 दिए एवं एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पलामू में एक अलग तरीके की छोटा बिखेर दी गई। आयोजन समिति की ओर से अविनाश कुमार राजा, मनोहर कुमार लाली, वार्ड पार्षद मनोज कुमार सिंह उर्फ बिल्लू सिंह, विकास कुमार, नितीश दुबे, उदय कुमार झा, हिमांशु त्रिवेदी, चंदा झा शामिल थे। दूसरी तरफ संत मरियम की ओर से आए हुए बच्चे बच्चियों ने दिया सजाने से लेकर उसमें तेल भरना और समय पर दीप को प्रज्वलित करने का कार्य किया। वाराणसी से आए हुए ब्राह्मणों के द्वारा मां गंगा की महा आरती का भव्य प्रदर्शन किया गया। पंकज निराला ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों के साथ दर्शकों को बांधे रखा। कार्यक्रम का संचालन शालिनी श्रीवास्तव ने किया। मौके पर पलामू आयुक्त मनोज जायसवाल, विधायक आलोक कुमार चौरसिया, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, विजयानंद पाठक, राहुल सिंह, मनोज गुप्ता, पंकज जयसवाल, विजय ओझा, चंचला देवी, संत मरियम नई संस्कृति सोसायटी मिशन समृद्धि ,पूर्व वार्ड पार्षद मनोज कुमार सिंह उर्फ बिल्लू सिंह, ट्विंकल गुप्ता आदि शामिल थे।

### पलामू दौरे पर आये कर्नाटक के प्रख्यात पर्यावरणविद पांडूरंग हेगड़े





लातेहार/मेदिनीनगर। कर्नाटक से तीन दिवसीय दौरे पर पलामू आये प्रख्यात पर्यावरणविद पांडुरंग हेगड़े ने यहां के बढ़ते तापमान पर चिंता जताते हुए कहा कि पर्यावरणविद कौशल किशोर की बातों की यहां के लोग अनदेखी करेंगे तो आने वाले समय में उनके लिए काफी महंगा साबित होगा। उन्होंने लातेहार जिला के पलामू किला में वनों पर कोलकाता से आए पर्यावरण प्रेमियों के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण पर विशेष चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल एवं कोलकाता से आये लोगों के साथ बरवाडीह के कस्तूरबा विद्यालय और खुरा पंचायत में गुरु नानक देव की जयंती के पूर्व संध्या पर आम का पौधा लगाकर लोगों के साथ पर्यावरण से जुड़ी कई बातों की जानकारी साझा किया। अपने संबोधन में पांडुरंग हेगड़े ने प्रमंडल में बढ़ती तापमान पर चिंता जताते हुए कहा कि लोग प्रकृति के साथ अर्थ के लिए अनर्थ कर रहे हैं। जबकि कौशल 50 वर्ष पूर्व से कहते आ रहे हैं कि अगर इसी तरह प्रकृति से छेड़छाड़ होते रहा तब लोगों को पानी की बोतल व ऑक्सीजन की सिलेंडर साथ लेकर चलना पड़ेगा।

## हिंदू एकता दल ने गरीब पांच जोड़ों का कराया शादी

### गरीबों का विवाह करना पुनित कार्य : चंदेश्वर प्रसाद उर्फ चंदू



खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर पलामू। चैनपुर एकता दल के तत्वाधान में चैनपुर सूर्य मंदिर के प्रांगण में पांच गरीब कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्र के रहने वाले वर-वधू पक्ष के लोग शामिल हुए। हिंदू एकता दल के अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद उर्फ चंदू ने मौके पर कहा कि गरीबों का विवाह करना यज्ञ कराने के बराबर है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए लगभग 2 महीने से लगे हुए थे जो मेहनत रंग लाया और कुछ विशेष सहयोगियों के द्वारा सहयोग किया गया जिसके बाद यह कार्यक्रम सफल हो पाया है। और बताया कि सभी कन्याएं गरीब घर से ताल्लुक रखती है व पक्ष भी गरीब है इस कारण शादी विवाह में कठिनाई उत्पन्न हो रही थी जिसे सहज बनाया गया। यह एक पुण्य कार्य है। वर रोहित कुजूर गुरियाही के रहने वाले जिनके साथ ममता कुमारी सेमरा का टोला खुरा खुर्द मनोज कुमार उर्फ रवि उरांव लातेहार निवासी जिनके साथ तारा कुमारी खुरा खुर्द प्रवेश उरांव खुरा खुर्द निवासी जिनके संग प्रतिमा कुमारी आकाश कुमार चैनपुर निवासी जिनके साथ रीना कुमारी पतरातु राहुल कुमार चैनपुर निवासी जिनके साथ अमृता कुमारी सल्तुवा निवासी शादी के बंधन में बंधे। मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक विजय कुमार गुप्ता कृष्ण प्रसाद अभय सिंह यादव अंकुश गुप्ता मनोज गुप्ता सुमित कुमार विकास कुमार आकाश कुमार अरविंद कुमार राकेश कुमार रितेश कुमार रोहित कुमार सोनू कुमार आदि के नाम शामिल है।

## खामडीह मे लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 14 फरवरी से, आज होगा हनुमत पूजा सह झंडोत्तोलन

प्रखंड क्षेत्र के खामडीह गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हेतु यज्ञ समिति के अध्यक्ष भोला सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई



खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा पलामू। प्रखंड क्षेत्र के खामडीह गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हेतु यज्ञ समिति के अध्यक्ष भोला सिंह के अध्यक्षता में रविवार को बैठक की गई। जिसमें यज्ञ संचालन समिति का गठन किया गया। मुखिया प्रतिनिधि सह समाजिक कार्यकर्ता विनय सिंह को यज्ञ समिति का मुख्य संरक्षक बनाया गया है। वहीं भाजपा नेता अवधेश सिंह चेरो,भाजपा सतबरवा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, महेश सिंह, सुखसागर सिंह को यज्ञ समिति के संरक्षक तथा देखरेख के लिए नियुक्त किए गए। बिरेंद्र मेहता, गनपत चौधरी, सुदेशी मेहता, लिलेश्वर सिंह, बब्लू साव, श्री निवास ठाकुर, अजय सिंह, रविंद्र यादव,मंदीप यादव, इश्वरी साहू समेत कई लोगों को विधि व्यवस्था की कमान सौंपी गई है। इस दौरान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 28 नवंबर दिन मंगलवार को हनुमत पूजा सह झंडातोलन किया जायेगा तथा 24 घण्टे का अखंड कीर्तन होगा। अवधेश सिंह चेरो ने बताया कि यज्ञ 14 फरवरी 2024 से प्रारंभ होगा और महायज्ञ नौ दिनों तक चलेगा।

स्पीड न्यूज

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में खेलकूद समारोह आज से

**बाघमारा।** सोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा में 34 वां प्रांतीय खेलकूद समारोह शिशु वर्ग 2023 को लेकर एक वार्ता का आयोजन किया गया। पेस वार्ता को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि दिनांक 28 नवंबर 2023 से दिनांक 30 नवंबर 2023 तक विद्यालय प्रांगण में पूरे झारखंड अस्तर का 34 व प्रांतीय खेलकूद महोत्सव आयोजित है जिसमें लगभग 225 विद्यालय के 500 भैया बहन भाग लेंगे। प्रेस वार्ता में संतोष कुमार साहू प्रचार्य सुदेश मंडल विवेक रंजन पाण्डेय विनय पाण्डेय गोपाल अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### निरसा गुरुद्वारा पहुंचे पूर्व विधायक अरूप चटर्जी

**कुमारधुबी ।** गुरुनानक जयंती के शुभ अवसर पर निरसा गुरुद्वारा भवन में पहुंचे पूर्व विधायक अरूप चटजी सिख समुदाय के लिए आज का दिन काफी महत्वपूर्ण होता है, गुरुद्वारा में सुबह से भजन कीर्तन का कार्यक्रम चल रहा है सिख समुदाय की ओर से प्रसाद का भी वितरण किया गया।आज सुबह में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया तथा उसके साथ शरबत का भी आयोजन किया गया था, सिख समुदाय ने बहुत सारे लोगों को शरबत पिलाया।

### सिंदरी के गंगा मेडिकल में 15 हजार की चोरी

**सिंदरी ।** सिंदरी के सुप्रसिद्ध दवाईयों की दुकान गंगा मेडिकल में रविवार की देर रात चोरी की घटना प्रकाश में आई है। सोमवार की सुबह लगभग आठ बजे गंगा मेडिकल संचालक रणधीर सिंह दुकान खोलने पर देखा कि छत पर लगे सीट और फाल्स सिलिंग टूटा हुआ है। उन्होंने बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज जाँच करने पर पता चला कि छत पर रॉड रखा हुआ है और शायद इसी से घटना को अंजाम दिया गया होगा। उन्होंने बताया कि लगभग बारह हजार रुपए की नकदी समेत चार डिटॉल की बोतल गायब है। हालांकि उन्होंने बताया कि अभी सीसीटीवी फुटेज की जाँच चल रही है। अभी स्पष्ट नहीं बताया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अभी इस घटना की लिखित सूचना सिंदरी पुलिस को नहीं दी गई है।

### प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष बसंत मित्तल का स्वागत

**बेरमो।** फुसरो नया रोड स्थित प्रमोद अग्रवाल के आवास में प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष का बसंत मितल और सम्मेलन के वरीय सावरलाल शर्मा के आगमन पर बेरमो शाखा के पदाधिकारीगण ने भव्य स्वागत किया। बसंत मितल ने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन के सभी समस्याओं का निराकरण के लिए मेरा प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे चुना गया हैए उन पर मैं खरा उतरूंगा। समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका हमारी होगी। उन्होंने कहा कि संगठन बड़ी चीज हैए लोगों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में वरीय सदस्य प्रमोद अग्रवालए ओम प्रकाश अग्रवालए रामावतार कारीवालए दिलिप गोयल सहित बेरमो शाखा के अध्यक्ष सुरेंद्र खेमकाए उपाध्यक्ष सरवन अग्रवालए सचिव नेमीचंद गोयलए और कोषाध्यक्ष मुरारीलाल बदालका आदि दर्जनों लोग मुख्य रूप से शामिल थे।

### अवैध बालू लदे तीन वाहन जब्त, जांच जारी

**धनबाद।** कोयलांचल में खनिज संपदाओं की हो रही चोरी एवं अवैध ट्रांसपोर्टिंग के खिलाफ ऊरढ अमर पांडेय ने गोविंदपुर इलाके में अहले सुबह कार्रवाई करते हुए बालू लदे तीन वाहनों को पकड़ा जिसमें जांच के दौरान एक के पास वैध चालान पाया गया जबकि दो के पास किसी प्रकार के कागजात नहीं पाए जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश डीएसपी के द्वारा स्थानीय थाना को दिया गया है। पूरे मामले पर जानकारी देते हुए डीएसपी ने बताया कि खनिज संपदाओं की हो रही चोरी के खिलाफ लगातार जिला पुलिस सजग है और कार्रवाई करते आ रही है। तीन वाहनों को पकड़ा गया जिस पर बालू लदे थे एक के पास माइनिंग चालान थे जबकि अन्य दो के पास कागजात नहीं थे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर पत्नी संग लुगुबुरू पहाड़ पर पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# बेरमो: लुगुबुरु घंटाबाड़ी में सरना धर्मावलंबियों ने की पूजा-अर्चना

**महासम्मेलन में देश विदेश से पहुंचे सरना धर्मावलंबी**

खबर मन्त्र संवाददाता



23वें अंतरराष्ट्रीय महासम्मेलन में शामिल देश-विदेश के सरना धर्मावलंबी।

**बेरमो।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़ गोमिया के ललपनिया में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित 23वां अंतर्राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन 2023 में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने लुगुबुरू पहाड़ स्थित पुनाय थान में अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पूजा अर्चना बोंगा बुरु कर राज्य की खुशहाली की कामना की। लुगुबुरु में चाई चंपा पार्क में लुगु बाबा और लुगु आयो की प्रतिमा का मुख्यमंत्री ने अनावरण किया। दो दिवसीय महासम्मेलन में देश-विदेश के लाखो सरना धर्मावलंबियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने हाइडल पावर प्लांट को लेकर कहा की मैं आश्वस्त करता हूं जब तक मैं हूंए लुगुबुरू में प्रोजेक्ट नहीं लगेगा। उन्होंने कहा की लुगुबुरू आदिकाल से पूर्वजों द्वारा संचालित होता आ रहा है। ऐसे में आदिवासी प्रकृति पूजक हैं। पहाड़.पर्वत को हरा भरा रखते आएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक मैं हूं किसी भी परिस्थिति में आदिवासी संतालियों के धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ पर दामोदर घाटी निगम डीवीसी लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित को स्थापित नहीं होने दिया जाएगा। हर हाल में आदिवासी समुदाय की आस्था और विश्वास का धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ को संरक्षित करने का काम होगा। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री आदिवासी समुदाय के आस्था और विश्वास का धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन के समापन समारोह में बतौर मुख्य रूप अतिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने संथाली भाषा में कहा लुगुबुरु आदिकाल से ही पूर्जवों द्वारा संचालित होता आ रहा है। समय के हिसाब से जिस प्रकार समाज जागरुक हो रहा हैए उसी तरह आदिवासी सरना धर्म को भी आगे बढ़ना चाहिए।

### लुगुबुरू के इतिहास को संजो कर रखें : सीएम

मुख्यमंत्री ने संथाली भाषा में मंच से कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति के पूजक हैं। पहाड़ए पर्वत को वे हरा.भरा रखते आए हैं। हम आदिवासी संताल गरीब जरूर हैए लेकिन आज तक किसी के धर्म या किसी की कोई भी चीज हो हम गलत नजर से नहीं देखते। हम शांति और सद्भाव से हमेशा रहना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा लुगुबुरू के इतिहास को संजो कर रखना है। अगर ऐसा नहीं होगा तो आने वाली पीढ़ी इस सम्बंध में कैसे जान सकेगी। इसपर कार्य होना चाहिए। हमें अपने धर्म के प्रति जागरूक रहना है और अपने कर्तव्य को निभाना है। हर समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। पहले तीर धनुष से लड़ाई लड़ी जाती थीए अब बुद्धि से लड़ाई होती है। इसलिए शिक्षा का महत्व है। इस अवसर पर मंत्री चंपाई सोरेन मंत्री बेबी देवी पूर्व विधायक सह राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त योगेन्द्र महतो लुगुबुरु घंटाबाड़ी के अध्यक्ष बबुली सोरेन सहित लाखो श्रद्धालु उपस्थित थे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए सभी को शुभकामनाएं दिए।

## 1.86 करोड़ की मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास



**सांसद, विधायक प्रतिनिधि शामिल किया शिलान्यास**

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गोसाईडीह से जोड़िया नंदग्राम होते हुए मां काली भट्ठा तक 3 किलोमीटर सड़क का शिलान्यास समारोह हुआ। पथ का निर्माण 1.86 करोड़ की लागत से होगा। शिलान्यास सांसद पीएन सिंह, सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, झरिया विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, जिप सदस्य प्रतिनिधि एजाज अहमद एवं मुखिया रेशम कुमारी ने सोमवार को इसका विधिवत शिलान्यास किया । झरिया विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह ने कहाकि जन समस्या को लेकर आम जनता की मांग पर गत दिनों झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा पहल किया गया । जिनके अथक प्रयास से उक्त सडक का कार्य पास हो सका। सड़क निर्माण से जनमानस को काफी सहूलियत होगा। मौके पर आप पार्टी नेता डीएन सिंह, सांसद प्रतिनिधि नितिन भट्ट, सिंदरी विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, रतिरंजन गिरि, सुभाष गिरि, प्रदीप महतो, अमित कुमार, राजकिशोर गोप, नितेश गोप, एनपी सिंह, बालेश्वर चौरसिया, मोहसिन अंसारी, उदय कुमार, माथुर अंसारी, अजय तिवारी, विकास गिरि, उमेश गिरि, तुलसी कुमार , जयप्रकाश गिरि, खालिद अंसारी आदि मौजूद थे।

## लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ नुक्कड़ नाटक का आयोजन

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के सोनपुरा पंचायत में महिला हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत लिंग आधारित हिंसा के विरोध में आयोजित नुक्कड़ नाटक में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि महिला हिंसा के खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर लिंग आधारित हिंसा पर काबू पाना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर होने वाले घरेलू हिंसा बाल विवाह यौन हिंसा दहेज हिंसा डायन हिंसा को रोकने के लिए दीवार लेखन खेल प्रतियोगिता सेमिनार तथा ग्रामीणों के साथ बैठक कर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष सहयोगिनी के द्वारा किया जाता है। यह अभियान आगामी 10 दिसंबर तक चलेगा। कार्यक्रम में सहयोगिनी की कुमारी किरण मंजू देवी अंजली सिंह अनामिका कुमारी बेबी कुमारी शामिल हैं।

## कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए नदी तट पर उमड़ा हुजूम



बोकारो। बोकारो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित नदियों सरोवरों के तट पर स्नान करने को लेकर दिन भर भारी भीड़ रही। कहीं कहीं तो प्रशासन को आवागमन का रास्ता भी बंद करना पड़ा। स्नानार्थियों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद ही आवागमन सामान्य हो सका। रेंगते हुए व खड़े सभी तरह के वाहनों की लम्बी कतार को सामान्य करने में भरी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय गरगा नदी एवं दामोदर के किनारे स्नानार्थी व्यस्त रहे।

## एक नजर में

### लोकसभा चुनाव में जदयू धनबाद से खड़ा करेगा प्रत्याशी : पिंटू सिंह

**धनबाद।** सोमवार को धनबाद जिला जनता दल यू. के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह ने परिषदन भवन में संवादाता सम्मेलन में सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता दल यू. के संगठन को मजबुती के लिए पुरी पार्टी सभी विधानसभा क्षेत्रों में एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन जनवरी 2024 में करेंगी और आने वाला लोकसभा चुनाव में जनता दल यू. धनबाद से उम्मिदवार खड़ा करेगी जिसकी तैयारी जोर-सोर से चल रही है, लोकसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जनता दल यू. संसदीय दल के नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राजसभा सांसद खीरू महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे और पार्टी के सवोर्मान्य नेता एवं बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का कार्यक्रम जनवरी में रांची में होगा जिसमें धनबाद से दो हजार पार्टी के कार्यकर्त्ता शामिल होगी।

### वार्ड सदस्य गुड्डू सिंह अध्यक्ष निर्वाचित

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक भवन शंकरडीह में प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत के वार्ड सदस्यों की बैठक रखी गई। जिसकी अध्यक्षता वार्ड सदस्य गोविंद मुर्मू के द्वारा की गई। तथा सभी के सर्वसम्मति से संगठन निर्माण का निर्णय लिया गया। जिसमें लटानी पंचायत के वार्ड सदस्य गुड्डू सिंह को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष में रीता देवी, सावित्री कुमारी एवं, संजीत कुमार हांसदा को बनाया गया। सचिव में जालिम रजक,रासमुनि सोरेन, सुधीर हांसदा को चुना गया। महासचिव दुलाल कुमार दा, श्यामपद दत्ता तथा कोषाध्यक्ष विकास चंद्र मंडल को बनाया गया। सह कोषाध्यक्ष कुसुम भोक्ता, सोशल मीडिया प्रभारी उत्तम रजवार, सदस्यों में रीता देवी, बबिता साहनी, झरना दत्ता, मोहम्मद इम्तियाज अंसारी, तथा दर्जनों लोगों को सदस्य बनाया गया।

### डीवीसी कर्मियों ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ली शपथ



**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने यहां के अंबेडकर भवन के प्रांगण में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संविधान की शपथ ली। मौके पर आयोजित समारोह में उप महाप्रबंधक प्रशासन टीटी दास ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाया। कार्यक्रम में वरीय प्रबंधक दिलीप कुमार प्रबंधक रविंद्र कुमार प्रवीण कुमार राम कुमार दुबे जयंतो सरकार विनोद कुमार संजीव कुमार रवि रंजन सिंह लक्ष्मण प्रसाद सत्येंद्र कुमार सिंह साकिब राजा अमरजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

### कथारा में प्रकाश पर्व पर भंडारे का आयोजन

**बेरमो।** 555 वें प्रकाश गुरु पर्व पर सोमवार को कथारा गुरुद्वारा मे श्री गुरु सिंह सभा कथारा द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें गुरु नानक देव जी का 555 व प्रकाश उत्सव मनाया गया। इतिहास की जानकारी एवं भजन कीर्तन सुरजीत सिंहए गुरमीत सिंहए अमरीक सिंह द्वारा टाटा नगर से पधारे गुरु ने दी। मौके पर सेंट्रल कमेटी के अध्यक्ष गुरपीत सिंहए सचिन अमृतपाल सिंह गुरु नाम सिंह आदि मौजूद थे।

## एसपी ने किया डीपीएस के सदनोत्सव का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में गंगा जमुना और रावी हाउस द्वारा आयोजित द्विवार्षिक सदनोत्सव का बतौर मुख्य अतिथिश उद्घाटन करते हुए बोकारो के एसपी प्रियदर्शी आलोक ने कहा कि विद्यार्थी समय रहते अगर अपने जीवन का लक्ष्य तय कर उसे पाने की दिशा में आत्मविश्वास व ईमानदारी के साथ अनवरत प्रयास करेंगे तो कोई भी बाधा उनकी सफलता के आड़े नहीं आ सकती। सृष्टि और दृष्टि थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों के जरिए देश की कलात्मक व सांस्कृतिक विविधता का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। मौके पर प्राचार्य डॉ गंगवार ने विद्यालय की उपलब्धियों पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति कटिबद्धता व्यक्त की। अभिभावकों से अपने बच्चों के साथ समय बिताने व साथ बन उनका मार्गदर्शन करने की अपील भी की। इस क्रम में अतिथियों ने विद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका जेनिथ के नए संस्करण का विमोचन भी किया। प्राचार्य ने एसपी को स्मृति.चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जमुना हाउस की वार्डन पी कलावती एवं नीतू सिंह ने गंगा जमुना व रावी सदन के विद्यार्थियों की सालभर की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन रावी हाउस की वार्डन ई शर्मिला एवं श्वेता शुभम ने किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा अदिति देवोलीना हिमांगी ऋद्धिमा व छात्र आरुष राज ने किया।

## नीतीश कुमार ने बिहार में जातीय जनगणना करा कर देश में पेश किया मिसाल : रामस्वरूप

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। सोमवार को जनता दल यू. पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक धनबाद परिसदन में की गई। जिसकी अध्यक्षता पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला संयोजक राम ईश्वर यादव ने किया तथा इस बैठक का मुख्य अतिथि पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप यादव उपस्थित थे।बैठक को सम्बोधित करते हुए पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप यादव ने कहा कि जनता दल यू. पिछड़ा वर्ग को लेकर हमेशा आगे बढ़कर काम किये है और गत दिनों बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार ने जो बिहार में 75% आरक्षण लागू किये है उसका हम स्वागत करते है और खासकर पिछड़ वर्गों के उनलोगों जो काम कर रहे है यह काबिले तारिफ है, पूर देश में आज तक कोई प्रदेश इतना आरक्षण लागु नहीं किया है और बिहार में जो महागठबंधन की सरकार चल रही है और उन्होनें जो बिहार में जातिय जनगणना कराकर पुरे देश में मिशाल पेश किया है, क्योंकि जिसका जितना भागेदारी उतना उसका हिस्सेदारी होगी और बिहार में जो एक लाख पच्चीस हजार शिक्षकों कि बहाली हुई है और यह बहाली आरक्षण के तहत हुआ है इसका भी हम स्वागत करते है।

### वैज्ञानिक चेतना अभियान को लेकर पद यात्रा

**धनबाद/पुटकी।** रविवार को विवाह मंडप, 2 नंबर पुटकी में ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा भारत ज्ञान विज्ञान समिति व अखिल भारतीय जन विज्ञान नेटवर्क का राष्ट्रव्यापी वैज्ञानिक चेतना अभियान को लेकर आओ मिलकर भारत को समृद्ध बनाएं-वैज्ञानिक चेतना को जन-जन तक फैलाएं, शिक्षा और ज्ञान के महत्व को जानें - विज्ञान की शक्ति को पहचानें।

## हेल्पिंग कॉर्प्स फाउंडेशन ने मंत्री बेबी देवी को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** एनजीओ हेल्पिंग कॉर्प्स फाउंडेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष विशाल गंभीर के नेतृत्व में मंत्री बेबी देवी को दो सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। पहली मांग राज्य में धार्मिक स्थल स्कूल व कॉलेज के आसपास संचालित शराब दुकानों को बंद कर दूसरे स्थान पर चलाने तथा सरकारी शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक मूल्य पर खुलेआम शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने इसके लिए जांच टीम का गठन कर दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की भी मांग की। इस संबंध में मंत्री बेबी देवी एवं उनके प्रतिनिधि अखिलेश महतो ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी तथा दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज चावला राजेश राणा धनबाद जिला सचिव गुरमीत सिंह धनबाद मानव अधिकार सेल के जिला कोऑर्डिनेटर विकास कुमार दसौंधी पर्यावरण सेल के जिला कोऑर्डिनेटर शुभेंदु भौमिक गिरिडीह के मानवाधिकार के जिला संयोजक सुनील महतो बोकारो बाल संरक्षण के जिला समन्वयक अफजल खान धनबाद बाल संरक्षण सेल की जिला संयोजक भावना चौहान आदि शामिल रहे।

# गुरुनानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में भजन कीर्तन

**राज सिन्हा ने गुरुद्वारे में माथा टेका**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सोमवार को विधायक राज सिन्हा नें सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की 554वीं जयंती के अवसर पर बैंक मोड़ धनबाद स्थित बड़ा गुरुद्वारा में आयोजित प्रकाश पर्व में सम्मिलित होकर माथा टेका, कीर्तन और गुरबानी सुनकर गुरुनानक देव जी के विचारों से अवगत हुए। मौके पर विधायक राज सिन्हा नें बताया की दुनिया को एक ओंकार का संदेश देने वाले सिख धर्म के पहले गुरु नानक देव जी ने हमेशा जात-पात का विरोध किया, उन्होंने हमेशा एक साथ मिलकर चलने का संदेश दिया। उन्होंने अपने समय में लंगर की शुरूआत की, जिसका मकसद छोटे-बड़े, अमीर-गरीब सब एक साथ बैठकर भोजन प्राप्त कर सकें ताकि किसी के मन में किसी भी व्यक्ति के लिए भेदभाव न हो। गुरुनानक देव जी के विचारों से हम सदा निहाल होते हैं। विधायक राज सिन्हा नें सभी को गुरुनानक जयंती की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी दीं।

### बोकारो गुरुद्वारा में धूमधाम से मनी गुरु नानक देव जी की जयंती

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर दो स्थित गुरुद्वारा एवं चास जोधाडीह मोड़ के निकट स्थित गुरुद्वारा में गुरु नानक जयंती सह प्रकाशोत्सव उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। बिजली बल्बों की रंग बिरंगी जगमगाहट से दमकते व आकर्षक तरीके से सजे हुए गुरुद्वारों में एवं उसके समीप लगे पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सिख धर्म के संस्थापक गुरुनानक देव की जयंती पर मत्था टेकने से लेकर अरदास और शबद कीर्तन का दौर लगातार चलता रहा। आसपास का पूरा वातावरण वाहेगुरु के भजनों से गूंजता रहा। नगर के सेक्टर 2 गुरुद्वारा को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया है। समाचार लिखे जाने तक प्रति वर्ष की भांति चास गुरुद्वारा से सेक्टर दो तक निकलने वाली शोभायात्रा के विषय पर प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने आदि की चर्चा व्याप्त है।

### सिंदरी गुरुद्वारा में मनी जयंती

**सिंदरी।** सिख धर्म के संस्थापक सह सिखों के पहले गुरु गुरुनानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व को सिंदरी गुरुद्वारा में प्रबंधक कमेटी द्वारा सोमवार को देर शाम आतिशबाजी और दिन में कीर्तन के साथ धूमधाम से संपन्न किया। इस मौके पर कई अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सिंदरी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान डॉ स्मृति नागी ने बताया कि गुरुनानक जयंती की शुरूआत कई दिनों से चल रहे गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ की समाप्ति से की गई। सरदार लखजीत सिंह ने निशान साहिब की सेवा की। पटना से आए रागी जत्था जगत सिंह की टीम व स्थानीय जत्थों द्वारा शब्द कीर्तन किया गया। कीर्तन में अवल अल्लाह नूर उपाया कुदरत के सब बंदे, एक नूर ते सब जगह उपजे कौन भले कौन मंदे की वाणी से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया था। इसके बाद सिंदरी गुरुद्वारा के ग्रंथी सरदार बलबीर सिंह ने गुरु ग्रंथ साहिब के सामने पूरे विश्व की भलाई के लिए अरदास लगाई और संगत के बीच गुरु का अटूट लंगर लोगों ने छका। इस मौके पर सिख समुदाय सहित अन्य लोगों ने भी मत्था टेका और लंगर का स्वाद पाया।

# अधिकारों की बात


एक ओर तो हम सम्प्रभु राष्ट्र के नागरिक होने के नाते हर तरह के अधिकार सुनिश्चित करने वाली देश की आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहे हैं और इसे यादगार अवसर मानकर केन्द्र सरकार भी अमृत महोत्सव की भव्य पैमाने पर तैयारियां कर रही है; वहीं दूसरी तरफ यह भी विडम्बना है कि भारत के नागरिकों की धार्मिक आजादी और समानता के अधिकार पर जबर्दस्त प्रहार किये जा रहे हैं। सरकार का यह संवैधानिक कर्तव्य है कि वह नागरिकों के हर तरह के अधिकारों की रक्षा करे लेकिन यहां उल्टी गंगा बह रही है। केन्द्र सरकार और उस पर काबिज भारतीय जनता पार्टी के ही प्रश्रय में नागरिकों के इन बुनियादी अधिकारों का हनन हो रहा है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिये यह बेहद दुखद और खतरनाक संकेत है क्योंकि हमारा देश विविधताओं से भरा समाज है। यहां अलग-अलग धर्म, जातियों एवं सम्प्रदायों के लोग रहते हैं। अगर समय रहते इस प्रवृत्ति को नहीं रोका गया तो पूरे समाज और देश पर इसके बहुत ही नकारात्मक परिणाम होंगे। हाल ही में देश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसी कई दुखद घटनाएं हुई हैं जो बतलाती हैं कि लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के अधिकार को कुचलने के उपक्रम समाज के उन लोगों द्वारा किए जा रहे हैं तो सत्ता के निकट हैं। इसलिए सरकार द्वारा इसकी रोकथाम के कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे हैं जो अधिक दुर्भाग्यजनक है। इससे ऐसे लोगों को बढ़ावा मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 15 के प्रावधानों के अनुसार धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव की सख्त मनाही है। इसे ही समानता का अधिकार कहा जाता है। वहीं दूसरी तरफ अनु. 25 देश के सभी व्यक्तियों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है।

# वायु प्रदूषण की मार

यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा किये गए अध्ययन में बताया गया है कि कुछ शहरों में वायु प्रदूषण भारतीयों की जीवन प्रत्याशा को नौ साल तक कम कर सकता है। कह सकते हैं कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित लोग अपनी जीवन प्रत्याशा को तेरह प्रतिशत अधिक खो सकते हैं। उम्र में कमी के अलावा लोग कई तरह के असाध्य रोगों की भी चपेट में आ जाते हैं, जिसका दंश उन्हें सालों-साल भुगतना पड़ता है। फलतः परिवारों को भावनात्मक व आर्थिक संकट भी झेलना पड़ता है। यह अध्ययन स्मरण कराता है कि भारत में गंगा के मैदानी इलाकों के शहरों में करीब 48 करोड़ लोग जिस प्रदूषित वातावरण में सांस ले रहे हैं, उसका स्तर यूरोप व उत्तरी अमेरिकी की तुलना में कई गुना अधिक है। निस्संदेह, समय-समय पर सामने आने वाले तथ्यों के दृष्टिगत नागरिकों व नीति-निमार्ताओं को इसे खतरे की घंटी मानते हुए सजग हो जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश के लोगों की जीवन प्रत्याशा में आशातीत वृद्धि हुई है। दुनिया में बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट के अनुसार वर्ष 1990 और 2019 के बीच भारत में जीवन प्रत्याशा 59.6 से बढ़कर 70.8 हुई है। हालांकि यह प्रत्याशा राज्यों के स्तर पर अंतर रखती है। यह भी हकीकत है कि दुनिया में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों में एक बड़ा हिस्सा भारत का भी है। वहीं संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि वर्ष 2100 तक भारतीयों की जीवन प्रत्याशा 81 वर्ष होगी। बेहतर जीवन के लिये हमें प्रदूषण की समस्या का कारगर समाधान तलाशना होगा। हालांकि, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की रिपोर्ट का आकलन वर्ष 2019 की स्थिति पर आधारित है क्योंकि अब प्रदूषण महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश आदि को भी चपेट में लेने लगा है और वातावरण गर्म होने की शिकायत आ रही है।

# भगवान श्री राम सांस्कृतिक बोध के राष्ट्रीय प्रतीक





**रमेश शर्मा**

**अयोध्या** में भगवान राम का राज्याभिषेक साधारण नहीं था। उसमें पूरे भारत के सभी क्षेत्रों और समाज की सहभागिता थी। अब वही स्वरूप रामजन्मभूमि पर रामलला प्राणप्रतिष्ठा में भी देखने को मिलेगा। इसके लिये भारत के सभी पाँच लाख गाँवों को पीले चावल के साथ आमंत्रण भेजा गया है, जिसका वितरण आरंभ हो गया है। रामजन्मभूमि में निर्मित हो रहे भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह भी त्रेता में भगवान राम के राज्याभिषेक की भाँति भव्य और असाधारण होगा। पाँच सौ वर्षों के लंबे संघर्ष और लाखों प्राणों के बलिदान के बाद आये इस अवसर पर पूरे देश के सनातनियों की सहभागिता ठीक उसी प्रकार होगी जैसी रामजी के राज्याभिषेक के अवसर पर थी।

वनवास काल के बाद अयोध्या लौटे भगवान राम का राज्याभिषेक एक शासक का पदारूढ़ होने अथवा लंका पर विजय का उत्सव आयोजन भर नहीं था। वह पूरे भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक, सामाजिक क्षेत्रीय एकत्व का स्वरूप था। इसकी तैयारी दोनों प्रकार से की गई थी। अयोध्या में रामजी के स्वागत के लिये भरतजी ने सभी समाजों, संतों और शासन प्रतिनिधियों को एकत्र किया था तो श्रीलंका से लौटते समय राम जी भी विभिन्न समाज, शासक और ऋषि-संतों को आग्रहपूर्वक अपने साथ लाये थे।

वस्तुतः रामजी का अवतार सामाजिक संगठन, साँस्कृतिक पुनर्जागरण और मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिये हुआ। संपूर्ण धरती के प्राणियों को अपना परिवार मानना, जीने और जीने दो के सिद्धांत पर जीवन जीना मानवीय स्वभाव है जबकि दूसरे की धन संपत्ति और का स्त्रियों का हरण करना आसुरी प्रवृत्ति है। सबका उनके मौलिक स्वरूप का सम्मान मानवीय स्वभाव है और सबको अपने रंग जैसा बनाना आसुरी लक्ष्ण। लंका रावण की नहीं थी। कुबेर की थी। लेकिन रावण बलपूर्वक अधिकार करके स्वामी बन गया था। मानवों के अशक्त और असंगठित होने से ही आसुरी शक्तियाँ प्रबल होती हैं। रामजी ने जीवन भर संपूर्ण भारत राष्ट्र के निवासियों को उनके मौलिक और क्षेत्रीय संस्कृति के साथ संगठित करने में बिताया। इसकी झलक उनके राज्याभिषेक आयोजन में दिखती है।

रामजी का वह राज्याभिषेक समारोह पूरे भारत के राष्ट्रीय स्वरूप का स्वरूप प्रतिबिंब था। भारत राष्ट्र के उसी सांस्कृतिक, सामाजिक क्षेत्रीय स्वरूप के दर्शन 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे जन्मभूमिस्थल पर बने मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में होंगे। इसके लिये अयोध्या से भारत के सभी पाँच लाख गाँवों के लिये आमंत्रण और पीले चावल भेजे गये हैं। भारत के विभिन्न प्रांतों और उपप्राँतों का अपना सामाजिक जीवन है। बोली और शैली में भी कुछ अंतर है। अयोध्या से विधिवत पूजन के बाद जो आमंत्रण पत्र और अन्य सामग्री विभिन्न प्रांतों में भेजी गई है वह उनकी स्थानीय भाषा और परंपरानुरूप है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने आमंत्रण और अक्षत के साथ जो पत्रक तैयार किया है उसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने नगर, मुहल्ले और गांव के प्रमुख मंदिर में दीप जलाकर उत्सव मनाने का आग्रह किया गया है । चूकि सभी लोगों का उस दिन अयोध्या पहुंचना संभव नहीं है । यह यातायात के साधनों और अयोध्या में ठहरने आदि की व्यवस्था की व्यवहारिक कठिनाइयाँ हैं। इसलिये श्रद्धालुओं से अपने गाँव में ही उत्सव मनाने और आयोजन से जुड़ने की अपेक्षा की गई है। न्यास द्वारा पत्रक और आमंत्रण भेजने के इस कार्य में विश्व हिन्दू परिषद सहित अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वयंसेवी संगठन सक्रिय हो गये हैं। विशेषकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता आमंत्रण पत्र वितरण का समन्वय कर रहे हैं।

यदि यह कहा जाय कि रामजन्म भूमि के लिये चले निर्णायक आँदोलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका केन्द्रीभूत चेतना के रूप रही हो अनुचित न होगा। उसी प्रकार संघ के कार्यकर्ता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन की तैयारी में सक्रिय हैं। प्रयास है कि 22 जनवरी को अयोध्या में जन्मभूमि मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के साथ देशभर के सभी पाँच लाख गांवों में उत्सव आयोजन हो और प्रमुख मंदिरों में टी वी आदि के माध्यम से सभी श्रद्धालु समारोह का सीधा प्रसारण देख सकें। ताकि देशवासी आयोजन से सीधे जुड़ सकें। त्रेता युग में लंका विजय के बाद हुए भगवान राम के राज्याभिषेक की भाँति इस प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से भी पूरे देशवासियों को साँस्कृतिक रूप से जोड़ने की व्यवस्था की दृष्टि से पूरे भारत को 45 प्रांतों में बांटा गया है। व्यवस्था के लिये प्रभारी अथवा समन्वयक भी निश्चित किये गये हैं।

आमंत्रण पत्र जिस प्रांत में भेजे गये हैं वह उसी प्रांत की भाषा में हैं। विभिन्न प्रान्तीय भाषाओं में दो करोड़ आमंत्रण पत्र तैयार कराये गये हैं।विश्व हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सहयोग से ये अक्षत कलश और आमंत्रण पत्र विभिन्न प्रांतों में पहुँच गये हैं तथा वितरण कार्य आरंभ हो गया है। जन्मस्थान मंदिर से पूरे देश को साँस्कृतिक और सामाजिक रूप से जोड़ने का यह पहला प्रयास नहीं है। आँदोलन और कारसेवा के लिये भी देशभर से कार्यकर्त्ता गये थे। शिला पूजन और निर्माण के लिये देशभर की सभी पवित्र नदियों का जल भी अयोध्या भेजा गया था।

अब इसी शैली में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण पत्र समस्त देशवासियों को भेजे गये हैं। जो भगवान राम के अवतार हेतु के अनुरूप हैं। लगातार आक्रमणों और आक्रांताओं के विध्वंस के बीच यदि भारत राष्ट्र की संस्कृति जीवन्त है तो वह साँस्कृतिक जागृति से संभव हुई। इसकी रक्षा सामाजिक संगठन के एकत्व से ही संभव है। किसी भी राष्ट्र और उसकी स्वाधीनता के अमरत्व के लिये जितना आवश्यक स्वत्व और स्वाभिमान जागरण होता है। उतना ही आवश्यक सामाजिक संगठन भी है। आसुरी शक्तियों से मानवता की मुक्ति केलिये रामजी का यही संदेश उनके अभियान से झलकता है। वे नारायण के अवतार हैं। वे जहाँ हैं वहीं से दुष्टों का अंत कर सकते हैं, उनकी भृकुटि झपकते ही प्रलय हो सकती है। फिर वे अवतार लेते हैं, वन वन भटकते हैं।

> 22 जनवरी को अयोध्या में जन्मभूमि मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के साथ देशभर के सभी पाँच लाख गांवों में उत्सव आयोजन हो और प्रमुख मंदिरों में टी वी आदि के माध्यम से सभी श्रद्धालु समारोह का सीधा प्रसारण देख सकें। ताकि देशवासी आयोजन से सीधे जुड़ सकें। त्रेता युग में लंका विजय के बाद हुए भगवान राम के राज्याभिषेक की भाँति इस प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से भी पूरे देशवासियों को साँस्कृतिक रूप से जोड़ने की व्यवस्था की दृष्टि से पूरे भारत को 45 प्रांतों में बांटा गया है।

## खास बात

### पारस में घातक ट्यूमर का सफल सर्जरी

एक 16 वर्षीय अविवाहिता युवती रोगी 5 दिनों तक पेट में तीव्र दर्द और फैलाव की शिकायत के साथ पारस अस्पताल के सामान्य बाह्यरोगी विभाग में आई। उसे मतली/उल्टी/बुखार जैसी कोई समस्या नहीं थी। प्रकरण से पहले कोई पेट में गांठ या मूत्राशय आंत्र संबंधी कोई शिकायत रिपोर्ट नहीं की गई। पारस अस्पताल में शारीरिक परीक्षण करने पर, पूरे पेट में एक तनावपूर्ण सिस्टिक, सूजन देखी गई, जो बाईं पसली के पिंजरे तक पहुंच गई थी । अस्पताल में एक तत्काल यूएसजी किए जाने पर 20 गुणक 15 सेमी की एक बड़ी सिस्टिक सूजन का पता चला। इसके कारण शरीर में होनेवाले संक्रमण एवं बीमारी की जटिलता को देखते हुए घातक कैंसर (कैंसर) के संभावित किसी भी खतरे को दूर करने के लिए रक्त ट्यूमर मार्कर और एक टफक किया गया। पारस अस्पताल के ऑन्कोलॉजिस्ट की सलाह से तत्काल सर्जरी की गई। मरीज की हालत में सुधार होने पर उन्हें ऑपरेशन के बाद एक दिन बाद छुट्टी दे दी गई। मरीज अब बिलकुल सामान्य जीवन व्यतीत कर रही है।

पारस अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनुपमा कहती हैं कि मरीज का फॉलो-अप में मरीज का सामान्य मासिक धर्म होने के कारण कोई समस्या नहीं पायी गई । मरीज अब बिलकुल स्वस्थ है। प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं में ऐसी परिस्थिति अक्सर पाए जाते हैं। मध्यम बड़े आकार (प्वाइंट 5 सेमी) के ट्यूमर का समय पर मूल्यांकन किया जाना चाहिए और मरोड़ जैसी आपात स्थिति से बचने के लिए आवश्यक सर्जिकल हस्तक्षेप किया जाना चाहिए ताकि अंग और उसके बाद की प्रजनन क्षमता में कोई फर्क.न पड़े ।

पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल परिवार मरीजों के प्रति हमेशा ज़िम्मेवार और समर्पित रहा है। गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को प्रतिबद्ध पारस ब्लिस में, अत्याधुनिक सुविधाओं और कुशल टीम के साथ पारस एचईसी के भरोसे और विश्वास को बनाए हुए है।परंतु तेलंगाना में उन्होंने जाति को लेकर अच्छा माहौल बनाया, खासतौर पर मडिगाज को लेकर जो दलितों में सबसे बड़ा समूह है।

**मुड़मा** में बाबा कार्तिक उरांव की जयंती समारोह के आयोजन में सहभागिता का अवसर मिला. इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 भी आयोजित हुआ जिसमें प्रतिभावान बच्चों के मध्य बैग एवं अन्य पाठ्य सामग्री वितरित किया।


**– शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक, मांडर**

## रोचक ट्वीट

जय श्री राम!! श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम को नमन करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। श्री राम जन्मभूमि मंदिर (अयोध्या) के तीव्र गति से जारी निर्माण कार्य को देखकर सुखद अनुभूति हुई।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**तेलंगाना** के लोगों ने केसीआर और कांग्रेस से मुक्ति पाने का मन बना लिया है। राज्य के विकास के लियेभाजपा के साथ चलने को तैयार हैं। हम विकसित और निवेश युक्त तेलंगाना बनाने को तैयार हैं।

**–नरेंद्र मोदी**

# त्याग की धर्म

## धर्म-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**आत्मत्याग ही सर्वोच्च धर्म**

जीवन का एक लक्ष्य है ज्ञान और द्वितीय सुख । ज्ञान और सुख के समन्वय का ही नाम मुक्ति है। आत्मचिंतन के द्वारा माया बंधनों और सांसारिक अज्ञान को काट लेते हैं और विषय-वासना से छूट जाते हैं तो हम मुक्त हो जाते हैं, किंतु ऐसी मुक्ति तब तक नहीं मिल सकती, जब तक सृष्टि के शेष प्राणी बंधन में पड़े हैं।

जब तुम किसी को क्षति पहुँचाते हो तो तुम अपने आपको क्षति पहुँचाते हो। तुम में और तुम्हारे भाई में कोई अंतर नहीं हैं। जिस तरह छोटे-छोटे अवयवों से मिलकर शरीर बना हैं, उसी प्रकार छोटे-छोटे प्राणियों से मिलकर संसार बना हैं। कान को दुःख होता है तो आँख रोती है, उसी तरह समाज के किसी भी व्यक्ति का दुःख तुम्हारे पास पहुँचता है, इसलिए केवल अपने दुःख से मुक्ति की कल्पना नहीं की जा सकती।

इस कसौटी पर जब लोगों को अपने लिए बढ़-चढ़कर अधिकार माँगते देखता हूँ तो ऐसे आदमी से मुझे बड़ी घृणा होती है। अधिकार व्यक्ति को स्वार्थी और संकीर्ण बनाते हैं। विश्व में जो कुछ अशुभ है, उसका उत्तरदायित्व प्रत्येक व्यक्ति पर है। अपने भाई से अपने को कोई पृथक नहीं कर सकता। सब अनंत के अंश हैं। सब एक दूसरे के रक्षक और सहयोगी हैं। वास्तव में वही सच्चा योगी है, जो अपने में संपूर्ण विश्व को और संपूर्ण विश्व में अपने को देखता है।

( विश्व गायत्री परिवार)

## कार्टून वर्ल्ड

**कैसा विकास?**



साभार कॉटूनमूवमेंट डॉट काम

## लेटर टू एडिटर

### डीपफेक के खतरे

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा डीपफेक पिक्चर और वीडियो का मुद्दा उठाए जाने के बाद अब सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री ने इस मुद्दे पर एक बैठक बुलाई है। फेसबुक-इंस्?टाग्राम की मूल कंपनी मेटा और गूगल सहित विभिन्न पक्षों को बैठक में बुलाया गया है। मोदी ने बीते शुक्रवार को डीपी फेक वीडियो के प्रसार के प्रति सतर्क रहने के लिए कहा था।

**–हितेश कुमार, जमशेदपुर**

### संवेदनशीलता

**यमुनोत्री** धाम की यात्रा को सुगम बनाने हेतु बनाए जा रहे सुरंगी मार्ग में 41 श्रमिक एक सप्ताह से फंसे हुए थे। इस प्रकरण से स्पष्ट है कि पर्वतीय क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों को पूर्ण सुरक्षित नहीं माना जा सकता है। विडंबना है कि ऐसे प्रकरणों का खमियाजा भुगतने के बाद भी पहाड़ों में निर्माण कार्य, पहाड़ों की खुदाई और वृक्षों की कटाई जारी है।

**–अजय, रांची**

# स्तरीय शिक्षा से ही समाज में सुख-शांति

**श्री कृष्ण गोपाल**

हमें समझना होगा कि साक्षरता एवं पुस्तकीय ज्ञान शिक्षा का एक अंग भर हैं, शिक्षा का पूरा संसार नहीं। शिक्षा के इस अंग का उपयोग नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के संरक्षण-संवर्धन के लिए किया जाना चाहिए। साक्षरता जनित पुस्तकीय ज्ञान विज्ञान की तरह ही दुधारी तलवार है। भारतवर्ष की सनातन सांस्कृतिक परंपरा में शिक्षा स्वयं में बहुअर्थगर्भित शब्द है। यहां शिक्षा का अभिप्राय साक्षरता अथवा शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की उपलब्धता मात्र नहीं है। शिक्षा यहां मानव-मन को शुभसंस्कारों से सज्ज करने का माध्यम है; मनुष्य को मनुष्य बनाने की कला है; उसमें सामाजिक दायित्वबोध का जागरण है और उदात्त मानव-मूल्यों की प्राप्ति का कल्याणकारी संदेश है, जिसमें अक्षरज्ञान, संस्था-पदत्त प्रमाणपत्र आदि औपचारिकताओं का स्थान गौण है और मनुष्य का चारित्रिक उत्थान प्रधान है।

व्यापक यूरोपीय प्रभाव के कारण जब से भारतीय-समाज ने शिक्षा के उपर्युक्त स्वरूप और उद्देश्य को विस्मृत कर संस्थागत प्रमाणपत्रीय औपचारिक शैक्षणिक स्वरूप को ही शिक्षा के अर्थ में सीमित-संकुचित कर दिया है तब से समाज शिक्षा के वास्तविक प्रकाश से वंचित होकर अशिक्षा एवं अज्ञान के घोर अंधकार में भटकता हुआ अपराध के पतन-गर्त में गिर रहा है; गिरता ही जा रहा है। समितियों और आयोगों ने नई-नई नीतियां अनुशंसित की हैं; व्यवस्था के कर्णधारों ने उन्हें क्रियान्वित करने के लिए जनता की गाढ़ी कमाई को जी भरकर खर्च किया है किंतु परिणाम क्या है ? सामाजिक अशांति, संघर्ष और अपराध की बढ़ती भयावह स्थितियाँ ! विगत सौ वर्षों में देश के कोने-कोने में स्कूल-कॉलेज खुल गए; विश्वविद्यालयों और तरह-तरह के शैक्षणिक संस्थानों की बाढ़ आ गई; युवाओं का बड़ा वर्ग साक्षर हुआ, बड़ी-बड़ी डिग्रियों से अलंकृत हुआ किन्तु समाज में सुख-शांति और समृद्धि नहीं आई।

उपर्युक्त कथित शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ हमारे समाज में अनुशासनहीनता, सामाजिक-सांस्कृतिक मानमूल्यों की अवमानना, पारिवारिक-कलह, सामाजिक संघर्ष, रोजगार के संकट, आर्थिक-भ्रष्टाचार, लूट-हत्या-बलात्कार एवं हिंसक अपराधों के प्रकरण निरंतर बढ़े हैं। इस तथाकथित शिक्षा ने मनुष्य की मनुष्यता ही छीन ली है- कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के विकट संकट काल में बड़े-बड़े नामी-गिरामी चिकित्सा संस्थानों के उच्चशिक्षित डिग्री धारी डॉक्टर-व्यवस्थापक रोगियों के कपड़े उतार रहे हैं; उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ वकील न्यायालय की अवमानना कर रहे हैं, नक्सलवाद और आतंकवाद के बेलगाम घोड़ों की लगामें बड़े-बड़े प्रोफेसरों के हाथों में दिखाई दे रही हैं, भारत में रहकर भारत से पोषण पाकर ह्यभारत तेरे टुकड़े होंगेह्व जैसे देशद्रोही कारनामों को अंजाम देने वाले और उनके समर्थन में खड़े होने वाले सब उच्च शिक्षित हैं। किन्तु मनुष्यता के प्रकाश और सामाजिक दायित्वबोध से कोसों दूर हैं। ऐसी शिक्षा की सार्थकता स्वयं में बड़ा प्रश्नचिन्ह है।

कंप्यूटर और तकनीकी शिक्षा में पारंगत युवा साइबर क्राइम की दुनिया में रोज नए काले कारनामे कर रहे हैं। कब किसके खाते से कितनी रकम चुरा ली जाएगी, कुछ पता नहीं। प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन व्यक्ति का ट्वीटर जब हैक किया जा सकता है तब साधारण व्यक्ति की तो बिसात ही क्या है ?

तात्पर्य यह है कि शिक्षा के मूल्यनिष्ठ सांस्कृतिक धरातल से विचलित होकर औपचारिक संस्थागत साक्षरतापरक पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित होने की भारी कीमत समाज पिछली शताब्दी से अब तक निरंतर चुकाता आ रहा है और जब तक शिक्षा वर्तमान छद्म आवरण को तोड़कर मनुष्य को मनुष्य बनाने के प्रति संकल्पित नहीं होगी तब तक शिक्षा के माध्यम से समाज के कल्याण का स्वप्न अपूर्ण ही रहेगा।

# बैंकिंग में हिंदी का उपयोग कम से कम होना शर्मनाक

**सुधांशु कुमार**

**बैंको** में औपचारिक समारोह का प्रतीक बनकर रह गया है हिंदी दिवस। चौदह सितंबर को या फिर पूरे सितंबर महीने में बैंकों में विविध प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाती हैं। पुरस्कार और नाश्ते के लालच में बैंककर्मी प्रतियोगिताओं में शामिल होते हैं। हालांकि हिंदी में काम करने के प्रति न तो उनकी कोई दिलचस्पी होती है और न ही कोई लगाव। अमूमन फिल्मी कलाकारों को मुख्य अथिति के रूप में समारोह में बुलाया जाता है, ताकि बैंक के अधिक से अधिक कर्मचारी और अधिकारी हिंदी से जुड़ी प्रतियोगिताओं एवं कार्यकर्मों में हिस्सा लेकर हिंदी दिवस को सफल बना सकें। बैंकों के प्रशासनिक कार्यालयों, स्थानीय प्रधान कार्यालयों और बैंक के कोपोर्रेट केंद्र या हेड ऑफिस में हर तिमाही, हिंदी में किए जा रहे काम-काजों की समीक्षा की जाती है। आंकड़ों में सभी विभाग हिंदी में काम करने के लक्ष्य को हासिल कर लेते हैं, लेकिन हकीकत में कोई भी विभाग हिंदी में कार्य नहीं करता है। कुछ विभाग हिंदी में जरुर पत्राचार करते हैं, लेकिन कोई भी हिंदी में टिप्पणी या नोट नहीं लिखता है।

गृह मंत्रालय को दिखाने के लिए या हिंदी की प्रगति की समीक्षा करने वाली संसदीय समिति के निर्धारित मानकों पर खरा उतरने के लिए सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के कंप्यूटर डेस्कटॉप पर मंगल फॉण्ट या यूनिकोड को इंस्टाल किया जाता है, लेकिन हकीकत में कोई भी कर्मचारी व अधिकारी कंप्यूटर पर हिंदी में काम नहीं करते हैं। बैंकों में हिंदी कर्मचारियों और निचले स्तर के अधिकारियों की भाषा मानी जाती है। हिंदी में लिखने-पढ़ने वालों को हीनता की नजरों से देखा जाता है। उन्हें बेवकूफ माना जाता है। बैंकों में ज्ञान का पैमाना भाषा है। जो अंग्रेजी में बोल या लिख सकता है उसे ही ज्ञानवान माना जाता है। हालांकि, बैंक की उत्तर भारत की सभी शाखाओं में बैंककर्मियों को हिंदी में बात करनी पड़ती है, क्योंकि अधिकांश ग्राहक हिंदी या बोलियों में बातें करते हैं। दक्षिण भारत के अनेक हिस्सों में ग्राहक हिंदी में बात करते हैं। बावजूद इसके, बैंक शाखा में पदस्थ कर्मचारी व अधिकारी आंतरिक पत्राचार अंग्रेजी में करते हैं। निजी और विदेशी बैंकों में तो कोई भी हिंदी में बात नहीं करता है।

## भाषा



सच कहा जाए तो बैंकों में हिंदी की वर्तमान दुर्दशा के लिए बहुत हद तक बैंकों के शीर्ष कार्यपालक जिम्मेदार हैं, क्योंकि वे खुद तो हिंदी में कार्य नहीं करते हैं। कई बार हिंदी में काम करने वालों को दंडित भी किया जाता है। हिंदी में काम करने वाले कर्मचारियों व अधिकारीयों का बैंकों में मजाक उड़ाना आम बात है। आजकल बैंकों में सभी लोग बैंकिंग से जुड़े सारे कार्य अंग्रेजी में कर रहे हैं। भले ही, उन्हें अंग्रेजी भाषा का ज्ञान न हो। विवशतावश ही बैंक के अधिकारी हिंदी में लिखने-पढ़ने या बोलने के लिए तत्पर होते हैं। वे हिंदी की रोटी खाकर अंग्रेजी के मोहपाश में जकड़े रहते हैं। उनका अंग्रेजी प्रेम इतना अटूट होता है कि उनके बच्चों की शिक्षा-दीक्षा कान्वेंट स्कूलों में होती है। उनके बच्चे हिंदी की गिनती तक नहीं जानते हैं।


वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक, प्रकाशक प्रधान संपादक

**अभय कुमार सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

स्थानीय संपादक

**अविनाश ठाकुर***

**फोन :95708-48433**

पिनः -834006

e-mail

khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.

JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।

प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## कटकमसांडी में भूमिदान जमीन पर भू माफियाओं की नजर


भूमिदान जमीन।

**कटकमसांडी।** प्रखंड मुख्यालय के इर्द गिर्द भूमिदान जमीन को खरीद फरोख्त धड़ल्ले से जारी है। जमीन दलालों लालच देकर भूदान मै मिले जमीनों को पैसे की लालच देकर एग्रीमेंट करने में लगे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खाता नंबर 51, प्लाट नंबर 2294 व रकबा 1.20 एकड़ जमीन दुनुवा भुईयां पिता बितला भुईयां के नाम से पंजी-2 में दर्ज है। जमीन दलालों ने उसके वंशज से एग्रीमेंट कराकर विभिन्न लोगों के नाम से बेचना शुरू कर दिया है। उक्त जमीन पर घर मकान बनना व ट्रेंच खुदाई जारी है। यह सब जमीन मालिक के वंशजों के मनमर्जी से किया जा रहा है। जबकि सरकारी नियम यह है कि भूमिदान जमीन की खरीद बिक्री नहीं की जा सकती है। बावजूद इसके जमीन दलालों के चक्कर में जमीन प्राप्तकर्ता अपने भूमिदान मे मिली जमीन को बिक्री हेतु एग्रीमेंट करने पर आमदा है। मामले की जानकारी अंचल अधिकारी कटकमसांडी को भी है। मगर अंचलकर्मियों के मिलीभगत से दलालों को हरी झंडी मिलने के बाद जमीन की खरीद बिक्री धड़ल्ले से जारी है।

## हनुमत मंदिर बिगहा पहुंचे अंतरराष्ट्रीय युवा कथाकार विवेक महाराज


अंतरराष्ट्रीय युवा कथाकार विवेक महाराज।

**चौपारण।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पूरे प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना और दीपदान का आयोजन किया गया। इस दरम्यान बिगहा स्थित हनुमत मंदिर, गढ़काली मंदिर में विशेष पूजा अनुष्ठान का आयोजन हुआ। इस पूजा अनुष्ठान में चित्रकूट के प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय युवा कथाकार विवेक जी महाराज भी सम्मिलित हुए। उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर, गढ़काली मंदिर, गणपति मंदिर, बजरंगबली मंदिर और फलाहारी बाबा के आश्रम का दिव्य दर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर आस्था और विश्वास का एक बड़ा केंद्र है। मंदिर प्रबंधन से जुड़े सभी युवा बधाई के पात्र हैं कि वह सनातन धर्म के लिए इस तरह के विशेष आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में मंदिर प्रबंधन द्वारा आयोजित समारोह में अवश्य हिस्सा लेंगे तथा झारखंड के धरा से सनातन धर्म को और अधिक बिखरने तथा युवा वर्ग में आस्था विश्वास को और जागृत करने का काम किया जाएगा। मौके पर मंदिर प्रबंधन के अध्यक्ष आनंद चंद्रवंशी ने कहा कि प्रबंधन समय-समय पर विविध धार्मिक आयोजन कर लोगों को जागृत कर रहा है। इस दौरान विवेक जी महाराज को मंदिर प्रबंधन के अध्यक्ष आनंद चंद्रवंशी और सुशांत राय, राहुल कुमार, विनोद सिंह आदि द्वारा सम्मानित भी किया गया। मंदिर में आयोजित दीपदान तथा विशेष अनुष्ठान में बड़ी संख्या में लोग जुटे।

## स्व. सोना सोबरन के शहादत दिवस में शामिल होने झामुमो कार्यकर्ता रवाना


रवाना होते झामुमो के लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्व. सोना सोबरन के शहादत दिवस में शामिल होने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ता सोमवार को गोला नेमरा के लुकैयातांड़ के लिए रवाना हुए। इसके पूर्व पतरातू प्रखंड कमेटी के सैंकड़ों झामुमो पदाधिकारी व कार्यकर्ता मतकमा चैक भुरकुंडा में एकत्रित हुए। यहां झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया के पहुंचने पर शीबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिन्दाबाद का नारा बुलंद किया गया। रवानगी से पूर्व संजीव बेदिया ने बताया कि स्व. सोना सोबरन के शहादत दिवस में शामिल होने के लिए झामुमो के सैकड़ों लोग गोला नेमरा के लुकैयातांड़ के लिए रवाना होंगे। जहां सोना सोबरन को श्रद्धांजलि दी जायेगी। रवाना होने वालो में राजेंद्र बेदिया, उदय अग्रवाल, मुकेश राउत, संजय वर्मा, रोहन बेदिया, जयराम बेदिया, हरिलाल बेदिया, जग्गू घांसी, बीरेंद्र यादव, नरेश बेदिया, इस्लाम अंसारी, चरेन्द्र बेदिया, रोहन मुंडा, कलिंद्र यादव, गणेश बेदिया, सतीश मांझी, अलीम अंसारी, दौलत सिंह, भरत मांझी, करण उरांव, टिंकू बेदिया, चरकु गंझू, शशि प्रसाद, सनोज राम, लक्ष्मी राम सहित झामुमो के दर्जनों लोग शामिल थे।

## जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान आरम्भ

**इचाक।** घनश्याम मेहता महाविद्यालय इचाक से महिला मुक्ति संस्था के द्वारा बाल विवाह रोकथाम, यौन हिंसा, जेंडर भेद-भाव, असमानता से समानता सबकी गिनती एक समान, महिलाओं और लड़कियों, ट्रांसजेंडर, विकलांगता के प्रति समान दृष्टि रखने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महिला मुक्ति संस्था की लीला कुमारी ने 16 दिवसीय अभियान के ऊपर चर्चा करते हुए कहा कि महिला, किशोरी, ट्रांसजेंडर, विकलांग के साथ आज भी असमान दृष्टि से लोग व्यवहार करते हैं, इन सबके साथ हिंसा होता है जिसका विरोध हम सबको मिलकर करना चाहिए। इस पखवाडा के दौरान हमलोग हिंसा के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक जन जागरूकता अभियान चलाएंगे कार्यक्रम में शिक्षक झ्र शिक्षिका, छात्र- छात्रा सहित महिला मुक्ति संस्था से मोना कुमारी, बबिता देवी, शांता सांगा, काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी, डॉली खातून, प्रेरणा कुमारी ने भागीदारी निभाई और जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ अभियान में सहयोग करने की बात की।

# कार्तिक पूर्णिमा के पवित्र मौके पर पूजा-अर्चना के लिए नृसिंह स्थान पंहुचे हजारीबाग विधायक

▸▸ श्रद्धालुओं के बीच स्टॉल लगाकर किया चना का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता


आर्शिवाद लेते सदर विधायक।

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल कार्तिक पूर्णिमा के पवित्र अवसर पर सोमवार को सदर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां स्थित नृसिंह स्थान मंदिर परिसर पंहुचे व पूजा-अर्चना कर भगवान नृसिंह बाबा, भोले शंकर और अन्य सभी देवी- देवताओं के समक्ष माथा टेकते हुये क्षेत्र की सुख, शान्ति और समृद्धि हेतु कामना की। तत्पश्चात विधायक श्री जायसवाल प्रख्यात एकदिवसीय बहुआयामी नृसिंह मेला में घूम- घूम कर लोगों से मिले और मिलन संपर्क कर सबों का हाल चाल जाना। मेले में पंहुचे विधायक श्री जायसवाल का नृसिंह स्थान समिति द्वारा चुनरी ओढ़ाकर और फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। पूजा-अर्चना के पश्चात विधायक श्री जायसवाल ने मेले के सफल संचालन में सेवारत कई पुलिस कर्मियों, हिन्दू राष्ट्र संघ और संचालन समिति के सक्रिय कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न स्टॉलों के संचालकों से मिलकर उन्हें बाबा नृसिंह का प्रसाद देते हुए सबों के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। विधायक ने खुद उपस्थित होकर श्रद्धालुओं के बीच चना का वितरण किया और लोगों को कार्तिक पूर्णिमा, देव दीपावली और नृसिंह मेला की ढेरों शुभकामनाएं और अनंत बधाई दिया। उन्होंने बाबा नृसिंह से समस्त हजारीबाग और झारखंडवासियों की खुशहाली की कामना भी की । मौके पर विषेशरूप से कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, जिला परिषद सदस्य जीतन राम, कृषि एवं जन वितरण प्रणाली के विधायक प्रतिनिधि इंद्र नारायण कुशवाहा, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष मिथिलेश यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष तुलसी प्रसाद कुशवाहा, महामंत्री बीरेंद्र साव, जगन्नाथ साव, कुसुंभा मुखिया कल्लू राम, कटकमदाग मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार, बसंत कुमार, प्रीतम प्रसाद, समाजसेवी किशोर सावंत, लखन गोप, चंदन कुमार, हिंदुत्व प्रचारक इंजिनियर अमन कुमार, मंदिर समिति के भावेश मिश्रा, अजय मिश्रा, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## वर्षों से विकास के इंतजार में है पशु प्रक्षेत्र गोरियाकरमा

▸▸ डीडीसी ने निरीक्षण के दौरान दिया विकास का भरोसा

खबर मन्त्र संवाददाता


पशु प्रक्षेत्र का निरीक्षण करती डीडीसी व अन्य अधिकारी।

**बरही।** बरही स्थित राजकीय पशु प्रक्षेत्र विगत कई वर्षों से सरकारी मद से विकास की आस लगाए है ।ताकि पशुओं के लिए उचित रखरखाव व खाली पड़े कर्मचारियों की बहाली किया जा सके ।परन्तु डीडीसी प्रेरणा दीक्षित ने प्रक्षेत्र के प्रबंधक डॉ संजीव कुमार सिंह को भरोसा देते हुए कहा कि उन्हें समुचित विकास का अवसर दिया जायेगा ।डीडीसी प्रेरणा दीक्षित ने राजकीय पशु प्रक्षेत्र गौरियाकरमा का औचक निरीक्षण के दौरान प्रक्षेत्र के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर वर्तमान स्थिति की जानकारी लिया। इसी क्रम में उन्होंने पशुपालन, केवलिया डैम शुकर प्रजनन प्रक्षेत्र, जैविक कंपोस्ट उत्पादन क्षेत्र इत्यादि का जायजा लिया। इस इस दौरान प्रक्षेत्र के प्रबंधक डॉक्टर संजीव कुमार सिंह, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की उप निदेशक श्रीनिवास गिरी और शूकर प्रजनन प्रक्षेत्र के प्रभारी डॉक्टर राजीव भारती ने उन्हे प्रक्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। डीडीसी ने पदाधिकारियों की बातो को गंभीरता से सुना और प्रक्षेत्र के विकास के लिए हर संभव कोष उपलब्ध करवाने की बात कही। उन्होंने बताया कि सोमवार को जिला से अभियंता भेजकर विकास का प्रारूप तैयार कराया जायेगा। साथ ही विकास के लिए एस्टीमेट निर्धारण कर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इस दौरान प्रक्षेत्र के ज्ञानी चौधरी सहित अमरेंद्र यादव और कई कर्मी मौजूद रहे।

## किशोरी राणा ने ग्रामीण से मिल सहयोग का दिया आश्वासन


किशोरी राणा व अन्य।

**हजारीबाग।** नव झारखंड फाउंडेशन के अध्यक्ष किशोरी राणा ने रामगढ जिला के भुरकुंडा में भ्रमण कर लोगों का हालचाल जाना। साथ हीं अपने संगठन के विस्तार की भी चर्चा की। इसके बाद वे वहां से केरेडारी पंचायत के हेन्देगिर पहुंचे जहां स्थित पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान ठंड को देखते हुए उन्होने लोगों के बीच कंबल का वितरण किया साथ में वहां के देवी मंडप के मरम्मती में सहयोग देने की भी बात की। कहा कि लोगों का सेवा करना हीं उनका व उनके संगठन का मूल मकसद है। वे गरीब-गुरबों के बीच रहें हैं पले हैं। वे इनके दर्द से वाकिफ हैं। उनसे जो भी संभव हो सकेगा उसके लिए मदद करेंगे। इस दौरान उनके साथ चमन लाल, विनय नायक, सुदामा केसरी, विनोद गंझू, प्रयाग गंझू, विकास जायसवाल के अलावे सैंकड़ो लोग मौजूद थे।

## दामोदर और भैरवी नदी के संगम में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी


रजरप्पा मंदिर।

**रजरप्पा।** पवित्र कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रजरप्पा स्थित दामोदर भैरवी नदी के संगम पर श्रद्धालुओं ने अहले सुबह में पवित्र स्नान किया। हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर भगवान सूर्य को जल अर्पण किया। सुबह से ही रजरप्पा में देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र भैरवी और दामोदर नदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद रजरप्पा मंदिर में माता छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना कर मंदिर प्रांगन पर गरीबों में दान पुण्य किया. साथ ही पूजा अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। दामोदर नदी तट पर अहले सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। रजरप्पा मंदिर के वरीय पूजारी लोकेश एवं छोटू पंडा ने बताया की माना जाता है कि भगवान विष्णु का प्रथम मतस्य अवतार आज ही हुआ था। पुराणों के मुताबिक, कार्तिक मास में दो दिवाली पड़ती हैं। अमावस्या के दिन मनुष्यों की और कार्तिक पूर्णिमा के दिन देवताओं की होती है। इस कारण कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान और पूजा अर्चना करने वाले को अक्षय पुण्य और स्वस्थ जीवन की प्राप्ति होती है।

## कोयलांचल भुरकुंडा में धूमधाम व भक्तिभाव से मना श्री गुरूनानक देव जी का 554वां प्रकाशोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता


गुरूद्वारा में सजे दिवान के समक्ष मत्था टेकती।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल, वाहे गुरू जी की खालसा, वाहे गुरू जी के फतेह आदि जयकारों से सोमवार को भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास का क्षेत्र गूंजता रहा। अवसर रहा श्री गुरूनानक देव जी महाराज के प्रकाशोत्सव पर्व का। इस अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा भुरकुंडा में सोमवार को सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी की 554वां प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाई गई। गुरुद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकू ने शबद कीर्तन, सुखमणि साहब का पाठ और अरदास लगाई। इसके बाद अटूट लंगर का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं गुरुद्वारा में हजारी लगाने पहुंची बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद और भारतीय जनतंत्र मोर्चा की महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय को समिति के ओर से सरोपा देकर सम्मानित किया गया। दोनो अतिथियों ने दरबार में मत्था टेक क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। निशान साहेब की सेवा, प्रभात फेरी, सबद-कीर्तन, सत्संग, महिला समूहों द्वारा भजन आदि धार्मिक आयोजन हुए। इसके बाद अटूट लंगर का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं रात्रि में जमकर आतिशबाजियां भी की गई। मौके पर समाजेसवी निशांत सिंह, डब्लू सिंह, संत निरंकारी मंडल के मुखी अशोक चैहान, सूबेदार एचएन यादव, जसपाल सिंह, शिक्षक वसीम, अमन चैहान सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरूद्वारा के ग्रंथी अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, तजेन्द्र त्रेहन, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, निशांत सिंह, नरेन्द्र सिंह रेखी, परमजीत सिंह धामी, रिंकू धामी, जसपाल सिंह, गुरजीत सिंह रेखी, जगतार सिंह, गुरदीप सिंह, हनी सिंह, राजा सिंह, सोनू सिंह, पीयूष सिंह, अंग्रेज सिंह, यशवंत सिह, प्रियांश, नवजोत सिंह, रतन सिंह रेखी, साजन सिंह, जसवीर कौर, अनिता कौर, संगीता कौर, उषा कौर, जसमित कौर, रेखा कौर, सरबजीत कौर, अमरजीत कौर, दलविन्दर कौर रिंकी कौर, राज कौर, हरभजन कौर, शीतल कौर, अमृता कौर, सविन्दर कौर, राजरानी कौर, रतन कौर, करम कौर, कमलेश कौर, पूनम कौर सहित सिख समाज के दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

# बीएड़ कॉलेज द्वारा आयोजित जनजातिय शिक्षा और विकास पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यशाला के उद्घाटन में शामिल लोग।

### झारखण्ड के लोक-गीत, संस्कृति, शिक्षा को आगे बढ़ाने पर जोर

**विष्णुगढ़।** प्रखंड स्थित मां बागेश्वरि नगर बनासो मे दौलत महतो बीएड़ कॉलेज द्वारा आयोजित जनजातिय शिक्षा और विकास पर कार्यशाला आयोजित की गई। दो दिनी देश स्तरीय कार्यशाला के आयोजन मे देश भर के कोने कोने से शिक्षाविद उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आयोजन दौलत महतो बीएड कॉलेज व कोलाबेरीयम एजुकेशन डेवलपमेंट कौंसिल ऑफ पटना ने की। कार्यशाला में मुख्य रूप से यूपी के लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ मुनेश कुमार, बीबी यूनिवर्सिटी लखनऊ के प्रोफेसर डॉक्टर बीबी मलिक, विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉक्टर तनवीर यूनुस, बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी गया के डॉ रविकांत, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी धनबाद के ज्योग्राफी डिपार्टमेंट के हेड प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह, महात्मा गांधी ऑस्ट्रेलिया हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा महाराष्ट्र के सुनील कुमार सुमन, छत्तीसगढ़ राज्य के गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर एजुकेशनल हेड प्रोफेसर डॉक्टर सुनील सेन, उत्तर प्रदेश एमजेपी एसोसिएट प्रोफेसर गौरव राय, टीचर ट्रेनिंग कॉलेज नादिया वेस्ट बंगाल के प्रिंसिपल महबूब हसन, समेत झारखंड के कोल्हान प्रमंडल, पलामू प्रमंडल उत्तरी छोटा नागपुर व दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के कई महाविद्यालय वह विश्वविद्यालय के शिक्षाविद व प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं भाग लिया। गोष्ठी में झारखण्ड के अनुसूचित जाति-जन जाती के जनसंख्या, शिक्षा और विकास से जुड़े मुद्दे पर सभी ने जोरदार वकालत की। बारी-बारी से आगंतुक मेहमानों द्वारा झारखण्ड के लोक-गीत, संस्कृति, शिक्षा, विकास को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। वही मेहमानों को शॉल, सील्ड व पौधा दे कर सम्मनित किया गया। वही झारखंडी नागपुरी लोकगीत का फोक डांस की भी प्रशिक्षण विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी कार्यक्रम में बी. एड कॉलेज के प्राचार्य अनिल चतुवेर्दी, विद्यालय सेक्रेटरी गौरव पटेल प्रबंधक सुनील कुमार पांडे, उपस्थित थे। मंच का संचालन प्रोफेसर ओंकार शर्मा ने किया।

एक नजर में

## पेयजल की समस्या को लेकर ग्राम सभा मुखिया ने दी आंदोलन की चेतावनी


ग्राम सभा में शामिल लोग।

**कुजू।** पेयजल की समस्या को लेकर कुजू पश्चिम पंचायत के पकरिया टोला में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता कुजू पश्चिमी मुखिया जयकुमार ओझा व संचालन वार्ड सदस्य किरण देवी ने किया। ग्राम सभा में पकरिया टोला में व्याप्त जल समस्या के संबंध में चर्चा की गई। बताया जाता है कि पकरिया टोला में आदिवासी और दलित के 30 घर है जिसकी आबादी लगभग 200 की है। परंतु पेयजल की कोई भी समुचित व्यवस्था नहीं होने की वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीण और मुखिया के द्वारा पेयजल विभाग को कई बार जानकारी देकर पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की गई थी। इस मौके पर ग्रामीणों ने व्याप्त जल समस्या से मुखिया जयकुमार ओझा को अवगत कराया जिस पर मुखिया जय कुमार ओझा ने पेयजल विभाग से जलमीनार लगवा कर हर घर नल जल योजना लागू करने को लेकर आवेदन देने का निर्णय लिया। मौके पर मुखिया जयकुमार ओझा ने कहा कि अगर 10 दिनों के अंदर पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी पेयजल विभाग की होगी। ग्राम सभा में वार्ड सदस्य नरेश करमाली, सुरेश राम, पवन करमाली, गिरधारी भुईयां, नरेश करमाली, दिनेश भुईयां, भवानी भुईयां, दिलीप करमाली, सुनील भुईयां, अजय भुईयां, विमला देवी, सीता देवी, धनेश्वरी देवी, मीना देवी, पर्वतीय देवी, सोहा देवी, बिंदु देवी, बनवा देवी, रिंकी देवी, रेखा देवी, प्रमिला देवी, गीता देवी, देवकी देवी, पूनम देवी, रूपा देवी, गीता देवी, गुड़िया देवी, उमा देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## करियातपुर पंचायत में तिलेश्वर साहू सेना का हुआ कमिटी विस्तार


कमिटी विस्तार में शामिल टीएसएस के अधिकारी व अन्य।

**बरही।** तिलेश्वर साहू सेना के पंचायत स्तरीय कमिटी विस्तार को लेकर बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत भवन में सुनील केसरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र प्रजापति व संचालन सूरज पासवान ने किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तिलेश्वर साहू सेना के प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार व विशिष्ट अतिथि तिलेश्वर साहू सेना के प्रखंड प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो शामिल हुए ।मुख्य अतिथि संतोष रजवार ने सबका आभार व्यक्त किया और कहा कि तिलेश्वर साहू सेना संगठन झारखंड का उभरता हुआ संगठन है। ये संगठन बरही विधानसभा में नि:स्वार्थ भाव से सेवा कर रहे शहीद तिलेश्वर साहू जी की स्मृति में उनके विचारों और कार्यों को आगे बढ़ाने हेतु बनाया गया है। हम सब उनके पदचिन्हों पर चलकर उनके अधूरे सपनों को पूरा करेंगे, इसलिए बरही विधानसभा में बदलाव की चाह रखने वाले अभिभावक, बुजुर्ग व युवा हमारे संगठन से जुड़ें और बरही विधानसभा में एक सकारात्मक बदलाव लाने हेतु हमारा साथ दें। इस कार्यक्रम में सर्वसम्मति से करियातपुर पंचायत अध्यक्ष नितेश केसरी व प्रभारी रामेश्वर रविदास को चुना गया ।कार्यक्रम पर उपस्थित सभी लोगों ने बारी–बारी से अपना विचार व्यक्त किया और तिलेश्वर साहू सेना संगठन के विचारों से प्रभावित होकर संगठन से जुड़कर कार्य करने का प्रण लिया। मौके पर मुख्य रूप से सकलदेव शर्मा, महादेव पासवान, प्रदीप रविदास, मुन्ना ठाकुर, सत्येंद्र पासवान, ओम प्रकाश केसरी, सिकंदर रविदास, हेमंत दास सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सिख धर्म के प्रवर्तक गुरूनानक देव का 555वां जन्मोत्सव मना सजा दीवान


सजा दीवान।

**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक गुरूनानक देव जी का 555वां जन्मोत्सव सोमवार को गुरूनानक स्कूल परिसर में उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर स्कूल परिसर में विशेष दीवान सजाया गया। जिसके बाद लंगर का वितरण किया गया। मौके पर रागी जत्था अमरजीत सिंह तान ने गुरूवाणी द्वारा संगत को निहाल किया। इसके उपरांत अन्य रागी जत्थों ने गुरूवाणी का गायन किया। वहीं, गुरूपर्व को लेकर विद्यालय परिसर को फूलों से सजाया गया था। रात का दीवान गुरूद्वारा में सजाया गया।
मौके पर मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, हरपाल सिंह अरोड़ा, कुलजीत सिंह कालरा, पप्पू जस्सल, रमिन्दर सिंह गांधी, बलजीत सिंह बेदी, अजय सिंह छाबड़ा, कमलजीत सिंह लांबा, मीडिया प्रभारी कर्मजीत सिंह जग्गी, यश छाबड़ा, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, रविंद्र सिंह, रोमा छाबड़ा, मंजीत अरोड़ा, सुमी जौली आदि उपस्थित थे।

## आर के मेहता ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



उद्घाटन में शामिल लोग।

**इचाक।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरका खुर्द के सायल कला गांव में ट्रांसफार्मर कई दिनों से जल जाने के कारण लोगों को सिंचाई के साथ–साथ घरों में भी किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिससे किसान काफी परेशान थे और फसल पानी बिना मर रहा था ट्रांसफार्मर जल जाने की सूचना क्षेत्र के जुझारू नेता सह झारखंड आंदोलनकारी आर के मेहता को ग्रामीणों के द्वारा दी गई किसानों की परेशानियों को देखते हुए आर के मेहता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग से संपर्क साधा और 25 केवीए ट्रांसफार्मर की जगह 63 केवीए ट्रांसफार्मर वहां के किसानों को दिलाया गया जिसका उद्घाटन आज विधिवत रूप से आर के मेहता ने सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता मुखिया सीता कुमारी पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार मेहता की उपस्थिति में फीता काटकर एवं नारियल तोड़कर किया गया। 25 केवीए ट्रांसफार्मर की जगह 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगने से यहां के किसान काफी खुश है। उपस्थित सभी लोगों ने आर के मेहता का आभार प्रकट किया। आर के मेहता ने कहा की क्षेत्र में बिजली से संबंधित समस्या का समाधान मैं हमेशा करते आया हूं और करते रहूंगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत मेहता शंभू मेहता प्रमोद मेहता विनय मेहता दीपक मेहता सीताराम भुइंया बिरजू मेहता शन्नी मेहता अर्जुन राम पंकज प्रजापति सोना प्रजापति तारों देवी महेश राम बिरजू मेहता राजा बाबू सीताराम मेहता नरेश प्रजापति नागेश्वर मेहता नरेश मेहता राजेश मेहता उमेश मेहता गौतम मेहता रिंकू कुमार मेहता संदीप मेहता गणेश मेहता, हेमराज मेहता कुलदीप मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### बजरंग दल के सदस्यों ने किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के पांच कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में मुकेश सिंह, बबलू साहू, सकलदीप नाथ शाहदेव, भुवन सिंह और अनिमेष श्रीवास्तव के नाम शामिल है। सभी रक्तदाताओं ने सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों की सहायता करने के लिए रक्तदान किया। बजरंग दल विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में ब्लड बैंक में भी ब्लड की कमी है और स्थिति को देखते हुए कुछ दिन बाद संगठन के द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। मौके पर यशराज सिंह, रविंद्र सिंह, रवि नायक लैब टेक्नीशियन अंजू कुमारी, राकेश कुमार, रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

### जिले की 10 पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन आज

**गुमला।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुमला नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 05 एवं 06, घाघरा के बिमरला पंचायत, सिसई के लकेया पंचायत, बसिया के बनई पंचायत, भरनो के डोंबा पंचायत, रायडीह के उपर खतंगा, डुमरी के जैरागी, पालकोट के बाघिमा पंचायत एवं गुमला के कुलाबिरा पंचायत में शिविर लगाया जायेगा। ये शिविर सभी पंचायत भवनों के परिसर में लगेगा। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने नागरिकों से अपील की है कि अपने निकटतम शिविरों में जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें और आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के उद्देश्य को पूर्ण करें।

### तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के जमगाई में तालाब में डूबने से एक वृद्ध की मौत हो गयी। मृतक की पहचान जमगाई के स्व भूलू उरांव के पुत्र चेरो उरांव के रूप में हुई। सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक के स्वजनों ने बताया कि चेरो दो दिनों से घर से लापता था। इस दौरान उसकी काफी खोजबीन की, परंतु उसका कहीं पता न चला। रविवार की सुबह चेरो का शव जमगाई टाना तालाब में देखे जाने की जानकारी मिली। इसके उपरांत ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना भंडरा थाना पुलिस को दिया। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि भंडरा थाना पुलिस मामले को लेकर अग्रतर जांच-पड़ताल में जुट गयी है। साथ उन्होंने बताया कि चेरो हमेशा नशे की हालत में रहता था।

### फुटबॉल टूर्नामेंट कमेटी की बैठक संपन्न



**सेन्हा-लोहरदगा।** स्व नंदलाल प्रसाद मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर आयोजन कमेटी की बैठक दुर्गेश कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत स्थित नंदगांव फार्म में 13 से 17 दिसंबर तक टूर्नामेंट कराने की तिथि निर्धारित की गयी। वहीं आयोजन कमेटी ने टूर्नामेंट के सुचारू संचालन हेतु विचार विमर्श करते हुए पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष भव्य रूप रेखा तैयार कर कमिटी का विस्तार को लेकर चर्चा की। आयोजन कमेटी की बैठक में दुर्गेश साहू, सुखैर भगत, जयनाथ साहू, शौकत अंसारी, इम्तियाज अंसारी, फिरोज अंसारी, प्रकाश उरांव, धर्मवीर उरांव, गौतम प्रसाद साहू समेत कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

### सामाजिक अंकेक्षण की जनसुनवाई



**भंडरा।** प्रखंड गड़रपो पंचायत सचिवालय के सभागार में सोमवार को मनरेगा योजना की सामाजिक अंकेक्षण पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक मनीष अग्रवाल, मुखिया सुमित उरांव, पंसस जीवन लकड़ा, ज्यूरी सदस्य प्रधान चूमनु उरांव, लीलावती व सामाजिक अंकेक्षण के सदस्य वसीम अकरम, अनमोल यादव, दयानंद यादव, गीता कुजूर, पुष्पा टोप्पो व पंचायत सेवक व रोजगार सेवक व मुखिया उपस्थित थे। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के 2021-22 व 2022-23 की क्रियान्वित योजना का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इसमें पंचायत क्षेत्र के गड़रपो, पोडहा, अमदारी, तिलसिरी, पलमी, सेमरा, धनामुंजी गांव की मनरेगा योजना सामाजिक अंकेक्षण किया गया। जन सुनवाई में डोभा, बगवानी, मनरेगा कूप निर्माण आदि योजनाओं में ससमय पुरा कराने की बात कही गयी। मौके पर ग्रामीण अशोक उरांव, दिलीप उरांव, इस्तियाक अंसारी, दशरथ लोहरा, तपेश्वर लोहरा, राजेश उरांव मौजूद थे।

### कार्तिक पूर्णिमा : भक्तों ने किया गंगा स्नान

**कैरो।** कार्तिक पूर्णिमा पर प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में सोमवार को भक्तों ने सुबह से ही स्नान दान व विभिन्न मंदिरों व देवालयों में पूजा अर्चना कर वरदान मांगा। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान दान का सबसे बड़ा महत्व है, जिसे लेकर कुछ भक्त अपने घरों में तो कुछ सिमडेगा जिला स्थित रामरेखा धाम तो वहीं क्षेत्र से दर्जनों की संख्या में काशी बनारस भी गंगा स्नान व पूजा के लिए पहुंचे हैं। पुरोहितों के अनुसार आज का दिन पूरे वर्ष भर से कहीं ज्यादा शुभ व सीधा मोक्ष की प्राप्ति के साथ साथ पुण्य कमाने का दिन होता है, इस लिए भक्तों को चाहिए कि आज के दिन सात्विक रहकर पूजा अर्चना व दान पुन: करना चाहिए। प्रखंड मुख्यालय स्थित शिवालय, खरता हनहट दक्षिणि कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर, महादेव स्थान गजनी, सढ़ाबे शिव मंदिर सहित पूरे क्षेत्र में दिन भर भक्ति का वातावरण रहा। विभिन्न गांवों में कीर्तन भजन हुआ।

### मसमानो में संविधान दिवस पर कार्यक्रम

**भंडरा।** संविधान दिवस पर मसमानो गांव स्थित डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर स्मारक स्थल मे लोहरा समाज संघर्ष समिति एव रविदास विकास मंच के सयुक्त तत्वाधान मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे वक्ताओं ने संविधान की महत्ता और इसकी बारिकियां बताई गई। मौके पर लोहरा समाज लक्ष्मण लोहरा ने कहा आज का दिन हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए संविधान दिवस मनाया जाता है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। संविधान हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक होने की भावना का अहसास कराता है। जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमारी रक्षा करते हैं।

# सीआरपीएफ हवलदार ने एके 47 से खुद को मार ली गोली

- मृतक हवलदार हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला का निवासी था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले के सिलम घाटी स्थित सीआरपीएफ 218 बटालियन में तैनात हवलदार जीडी संजय कुमार ने सोमवार को डयूटी हेतु जारी किये गये एके 47 से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह एके 45 हथियार गार्ड रूम में लेकर गया और रूम में ही गोली मार ली। गोली चलने की आवाज से कैंप में सनसनी फैल गयी। सीआरपीएफ के अन्य जवान गार्ड रूम की ओर दौड़े। जहां हवलदार जीडी संजय कुमार को मृत पाया। इधर हवलदार की आत्महत्या की जानकारी सीआरपीएफ के वरीय अधिकारियों को दी गयी। साथ ही इसकी सूचना एसपी हरविंदर सिंह को भी दी गयी। वरीय पदाधिकारी घटना स्थल पहुंचकर मामले की छानबीन कर की। मृतक हवलदार हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला का निवासी था। जानकारी कमांडेट ने देते हुए बताया कि मृतक हवलदार 15 दिन की छुट्टी के बाद 21 नवंबर को अपनी डयूटी पर रिपोर्ट किया था। समाचार लिखे जाने तक हवलदार द्वारा आत्महत्या किये जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका था और मृत हवलदार का शव सीआरपीएफ कैंप में ही था।

# उमरा के दौरान इबादत पर खास ध्यान दें: मौलाना अब्दुल हमीद

- इबादत की नियत से पूरी ईमानदारी और श्रद्धा के साथ पूरा करें सभी अरकान : मुफ्ती उमर फारूक
- 09 दिसंबर को लोहरदगा, गुमला, जमशेदपुर और रांची आसपास से उमरा जायरीनों का होगा प्रस्थान : हाफिज मोहम्मद इमरान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम को संबोधित करते मौलाना।

**लोहरदगा।** उमरा के पवित्र यात्रा पर जाने वाले भाग्यशाली तीर्थयात्रियों के लिए सईद कॉम्प्लेक्स न्यू रोड लोहरदगा में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज मोहम्मद इमरान द्वारा कुरआन पाक की तिलावत से की गयी। प्रशिक्षकों ने आगामी 09 दिसंबर को हज उमराह पर जाने वाले जायारीनों को उमराह से संबंधित प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक जनाब अल्हाज हाफिज मुहम्मद इमरान हज एवं उमरा सर्विस लोहरदगा ने बताया कि जायरीन को हज के दौरान अरकानों को पूरा करते समय कुछ जरूरी चीजों का खास ख्याल रखना चाहिए। जायरीन अपने साथ जरूरत का ही सामान लेकर जाएं, सामानों की पैकिंग सही तरीके से करें, जो व्यक्ति कोई विशेष बीमारी की दवा खाता है तो अपनी दवा साथ ले जाए। अपने साथियों के साथ ही कैंप में रहें, कोई दिक्कत हो तो घबरायें नहीं बल्कि पूछताछ केंद्र से संपर्क करें, हज उमराह के अरकान पूरा करते समय अन्य लोगों का खास खयाल रखें आदि। इस अवसर पर आयोजित बैठक को मुफ्ती मुहम्मद उमर फारूक काजी ए शरीयत लोहरदगा ने कहा कि आमतौर पर जो लोग पहली बार उमरा के लिए जाते हैं, उन्हें हरम मक्का में प्रवेश और तवाफ की शुरुआत और अंत के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है।

**काबा का तवाफ करते समय संतुष्टि दिखायें**

ऐसे लोगों को काबा का तवाफ करते समय संतुष्टि दिखानी चाहिए और निर्धारित नियमों का ध्यान रखना चाहिए, ताकि वे शांति से तवाफ कर सकें और इस मुबारक कार्य को इबादत की नियत से पूरी ईमानदारी और श्रद्धा के साथ करें। मौलाना अब्दुल हमीद (इमाम, मस्जिद ए बिलाल) ने कहा कि उमरा के दौरान इबादत पर खास ध्यान दें। अपने समय को कीमती बनाने की भरपूर कोशिश करें, दिल से दुआ करें, अपने लिए साथ ही साथ देश में अमन, चैन और खुशहाली के लिए भी दुआ करें। शरीयत की रोशनी में हर कार्य को करने का प्रयास करें। उन्होंने तीर्थयात्रियों से आग्रह किया और कहा कि यात्रा में हर साथी को एक-दूसरे का खयाल रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर पर खरीदारी पर ज्यादा ध्यान नहीं दें। मौके पर हाजी एहरार आलम साहब, हाजी शरफुल साहब, ताबिश आलम आदि ने भाग लिया। हाजी हाफीज मोहम्मद इमरान आलम ने बताया कि इस बार कुल 48 लोग हज उमरा के लिए जा रहे हैं। लोहरदगा के इस ट्रेनिंग कैंप में जायरीनों में रांची, लोहरदगा, गुमला, जमशेदपुर से कुल 48 लोग शामिल हुए, जिनमें 8 महिला जायरीन शामिल थीं।

### सिसई प्रखंड के बाल विकास विद्यालय स्व कार्तिक उरांव जतरा सह मेला आयोजित

# छोटानागपुर के लौहपुरुष थे कार्तिक उरांव : रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम को संबोधित करते वित मंत्री रामेश्वर उरांव।

**सिसई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्तिक उरांव बाल विकास विद्यालय परिसर में सोमवार को स्वर्गीय कार्तिक उरांव के 99 वें जयंती और जतरा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय के हजारों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बौतर मुख अतिथि वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने स्व कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने कहा कि कार्तिक उरांव छोटा नागपुर के धरती का लौह पुरुष थे। उन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समाज के नाम समर्पित कर दिया ताकि झारखंड के आदिवासी का विकास हो सके। उन्होंने ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित समाज बनाने के लिए सभी को शिक्षा होना जरूरी है। उन्होंने ने कहा कि अपनी संस्कृति को बचाने के लिए शिक्षा जरूरत है। इसके लिए हेमंत सोरेन कि सरकार कार्य कर रही है।

**खास बातें :** सरना कोड की मांग के लिए हमलोग केबिनेट में पास करा कर केन्द्र को भेजा हमारे झारखंड सरकार सरना कोड लागू करने में गंभीर है। उन्होंने कहा कि सरकार आप के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन जगह जगह में हो रहा उसका लाभ जनता उठाएं। जिसका वृद्धा पेंशन राशन कार्ड नहीं है है वे अपने आवेदन जमा करे। इस मौके पर जतरा का भी आयोजन किया गया। जतरा में प्रखंड के सैकड़ों गांव के पड़हा दलों ने पारंपरिक वेशभूषण में भाग लेकर अपनी संस्कृति का झलक पेश की। सभी पड़हा दलों का आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

# गुरुनानक जी ने ही रखी थी सिख धर्म की नींव : दामोदर

- गुरु नानक जयंती पर शोभायात्रा का स्वागत करते चैंबर सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के द्वारा जसपुर रोड स्थित पटेल पार्क के सामने गुरू नानक जयंती तथा प्रकाश पर्व के अवसर पर सिख समुदाय के द्वारा निकाले गये शोभा यात्रा में शामिल पंच प्यारे का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मिठाई और जल का वितरण कर शोभायात्रा में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा की आज गुरू नानक जी की जयंती है। गुरू नानक जी ने ही सिख धर्म की नींव रखी थी।



पंच प्यारे का स्वागत करते चैंबर सदस्य।

**खास बातें :** इस दिन गुरु नानक जी का जन्म हुआ था। गुरु नानक सिंह सिख समुदाय के पहले गुरु थे उन्होंने अपना पुरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने जात-पात मिटाने के लिए लोगों को एकता के सूत्र में बांधने के लिए उपदेश दिए थे। गुरू नानक जी ने समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाने के लिए कार्य किये थे। इसी वजह से गुरू नानक जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। स्वागत कार्यक्रम में मौके पर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, अमित माहेश्वरी, राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल, बिनोद कुमार, बबलु वर्मा, बृज किशोर फोगला, अजय सिंह राणा, विकास सिंह, आदित्य गुप्ता, आनंद गुप्ता, मनीष गुप्ता, श्याम गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, राहुल केशरी, इम्तियाज मिनी भी थे।

### महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र कोलिंग की लक्ष्मी देवी ने सोमवार को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मां से कहा सुनी होने के बाद लक्ष्मी ने यह कदम उठाया था। उसे समय परिवार के सभी सदस्य खेत काम करने गये हुए थे।

### अज्ञात बोलेरो से टक्कर में मोपेड सवार की मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के नवडीहा करंज टोली के समीप रविवार देर शाम सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत घटनास्थल पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बेलागड़ा ग्राम निवासी लगभग 25 वर्षीय सुरेश उरांव अपने टीवीएस मोपेड से अपना घर बेलगड़ा जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात बोलेरो ने सीधी टक्कर मारी जिससे यह घटना घटी। घटना के बाद सुरेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। बोलेरो चालक वाहन लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना घाघरा थाना को दी। जहां घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर थाना ले आये। परिजनों को भी जानकारी दे दी गयी है।

### मोतियाबिंद जांच शिविर 30 को

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन 30 नवंबर बृहस्पतिवार को लायंस क्लब आई हॉस्पिटल में किया है। प्रत्येक रविवार को आंखों की निशुल्क जांच होगी। शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ नवल एवं उनकी टीम रोगियों की जांच करेगी। शिविर में निशुल्क चश्मा, दवा व भोजन मिलेगा। मरीज अपना रजिस्ट्रेशन अशोक जायसवाल मेन रोड के प्रतिष्ठान में करा सकते हैं। इस शिविर में अपने साथ वोटर आईडी या आधार कार्ड का फोटो कॉपी अवश्य लेकर पहुंचे।

### 10 को शांति आश्रम में होगा आर्य युवा सम्मेलन



**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण लोहरदगा में आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रांत प्रभारी आचार्य शरचचंद्र आर्य ने की। 10 दिसंबर को महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती को लेकर आर्य युवा सम्मेलन ने बैठक की थी। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हुई। कार्यो का बंटवारा हुआ। कार्यक्रम में इंटर एवं स्नातक के अध्यनरत युवाओं की भागीदारी होगी। सम्मेलन में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 150 युवा शामिल होंगे। उनके बीच युवाओं को जागरुक करते हुए महर्षि दयानंद जी का राष्ट्र और समाज के लिए योगदान एवं वर्तमान परिदृश्य में राष्ट्र एवं समाज के प्रति युवाओं के कर्तव्य विषयक क्षेत्र के जाने-माने विद्वानों व समाजसेवियों द्वारा उनका मार्गदर्शन किया जायेगा।

# कुआं से मिले शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा लोहरदगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो।** थाना क्षेत्र के हनहट स्थित कुआं में सोमवार तड़के सुबह शव मिलने से हड़कंप मच गयी। जिसके बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर कैरो थाना प्रभारी शंखनाद उरांव व एएसआई संजय कुमार हनहट पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। शव की पहचान हनहट के लछु उर्फ दुखना उरांव के पुत्र समी उरांव (17) के रूप में हुई। मृतक विकलांग था और 24 नवंबर से लापता था। जिसके बाद परिजन लगातार खोज बीन कर रहे थे। इधर, ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के माता-पिता गरीबी के कारण दूसरे राज्य रोजी रोटी के लिए अपने दो बच्चों को लेकर गये हैं और घर में मृतक सहित तीन भाई बहन को अपने वृद्धा पेंशन से मिलने वाली राशि से वृद्ध दादी नन्हिया उरांव पालन पोषण करती है। सोमवार अहले सुबह घर के पास ही बुद्धदेव उरांव के कुआं में तैरता शव मिलने से पूरे क्षेत्र में शोक था।

# शहीद के गांव पहुंचे सीआरपीएफ डीआइजी, परिजनों से की मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** प्रखंड के तुरियाडीह स्थित शहीद संतोष उराव के गांव सोमवार को सीआरपीएफ के डीआइजी रविंद्र भगत पहुंचकर शहीद के परिजनों से मुलाकात किया। इस क्रम में संतोष उराव के चित्र पर माला व पुष्पपर्चन कर श्रद्धांजलि दी। वही शहीद की मां पत्नी व भाई को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत ने कहा कि संतोष उराव का शहीद होना बहुत बड़ी क्षती है। उसकी भरपाई कभी नहीं किया जा सकता है। लेकिन उनके आश्रितों को सहयोग करना यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बच्चों के पढ़ाई बेहतर हो जिसके लिए हर संभव प्रयास करूंगा। नौकरी मुआवजा के प्रावधान जो है उसे जल्द से जल्द पूरा करने का कार्य करूंगा। किसी भी तरह की कोई भी सहयोग की जरूरत पड़े तो निशंकोच हमें फोन करें। मैं विभाग से हर संभव मदद के लिए कार्य करवाऊंगा।

# योजना से गांव पंचायत के मजदूर को मिलेगा रोजगार

- मजदूरों के पलायन पर लगेगा लगाम : राधा तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** पंचायत ग्राम में पीसीसी पथ निर्माण कार्य से मजदूरों को मिलेगा रोजगार मिलेगा। साथ ही पलायन पर लगाम लगेगा। उक्त बातें पीसीसी पथ शिलान्यास के दौरान जिप सदस्य राधा तिर्की ने कही। सेन्हा प्रखंड के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत ग्राम में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास गांव के पाहन पुजार ने आदिवासी रिति रिवाज से पूजन कर जिप सदस्य राधा तिर्की ने विधिवत फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर किया गया। शिलान्यास के पूर्व कार्य प्रगति का जायजा संवेदक से लेते हुए राधा ने बताया कि विशेष कार्य प्रमंडल योजना से करीब 24 लाख की लागत से सेरेंगहातु से श्मशान घाट तक करीब 1500 फीट लंबा पीसीसी पथ बनना है।

### गुमला रेंजर के भ्रष्टाचार के विरुद्ध धरना आज

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार के बैनर तले जंगल बचाओ अभियान समिति, गुमला वन क्षेत्र के कार्यकताओं द्वारा गुमला रेंजर के भ्रष्टाचार के विरुद्ध जिला मुख्यालय गुमला में पूर्व घोषित धरना कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। विदित हो कि गुमला रेंजर द्वारा वृक्षारोपण चेकडैम निर्माण व अन्य कार्यों में अनियमितता कर करोड़ों रुपए की हुई घपले की जांच की मांग को लेकर जंगल बचाओ अभियान समिति के कार्यकताओं ने गुमला वन प्रमंडल पदाधिकारी डीएफओ

# सरकार आदेश दे तो देश के किसी भी हिस्से से चीनी लाकर बांटेंगे थोक विक्रेता

- लेवी चीनी विक्रेता ने मंत्री रामेश्वर उरांव को पत्र प्रेषित कर आदेश देने की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** त्योहारों के सिजन में राज्य के 55 लाख गरीबों को सरकार की ओर से राशन दुकान से मिलने वाला चीनी नहीं मिल पाया। जिसे लेकर लेवी चीनी विक्रेता रमेश कुमार ने राज्य के खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री रामेश्वर उरांव को पत्र प्रेषित कर लाभुकों के बीच देश के किसी भी हिस्से से चीनी का उठाव कर वितरण करने की बात कही है। श्री कुमार ने कहा कि अगर राज्य सरकार आदेश देगी तो गुमला जिला के लेवी चीनी विक्रेता जो 20 वर्षों से चीनी का उठाव कर सुचारू रूप से वितरण किया था। आदेश निर्गत होते ही देश के किसी भी हिस्से से चीनी लाकर लाभुकों के बीच वितरण करने को तैयार है। गुमला जिला के लेवी चीनी लाइसेंस धारी विक्रेता लंबे समय से चीनी वितरण करने की मांग करते आ रहे हैं। वे 1986 से 2004 तक महाराष्ट्र, पुना आदि से चीनी लाकर राशन डीलर के माध्यम से लाभुकों के बीच उपलब्ध कराते थे।

### 8वीं सब जूनियर झारखंड राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# गोड्डा की टीम ने खिताब पर जमाया कब्जा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विजेता टीम पुरस्कृत करते अतिथि।

**घाघरा।** हाई स्कूल मैदान में घाघरा में आयोजित आठवीं सब जूनियर झारखंड राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत, उपप्रमुख शिवा देवी, पूर्व मुखिया गीता कुमारी, समाजसेवी आजाद साहू, अनिरुद्ध चौबे, आशीष कुमार सोनी, विजय कुमार साहू, सुशील टोप्पो, बालकिशुन भगत ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल मैच बालिका टीम में गोड्डा बनाम साहिबगंज के बीच खेला गया। जिसमे गोड्डा की टीम ने 24-3 से जीत हासिल किया। मौके पर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत ने कहा कि इस तरह का खेल होने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में एक नया संचार होता है। बच्चो में उत्सुकता के साथ नये खेल को देखकर खेलने की इच्छा बढ़ती हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बच्चों के जीवन में जरूरी है। जिससे उनका मानसिक शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। बच्चे खेल के माध्यम से भी अपना भविष्य बना सकते हैं।

**खास बातें :** वहीं झारखंड नेटबाल के महासचिव भूपेंद्र नाथ राम ने कहा कि गोड्डा में होने वाले नेशनल टीम में सभी जिलों से आए टीमों में बालक बालिका का सेलेक्शन कर एक टीम बनाकर खेलाया जायेगा। वहीं अतिथियों ने विजेता उपविजेता और तृतीय स्थान पर आने वाले बालक बालिका के खेल टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व अतिथियों को बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में अमित ठाकुर, मंटू ठाकुर, अमन ठाकुर, मोनालिशा कुमारी, बालमणि कुमारी, अब्दुल कादिर, अरुण बेरा, गुंजन कुमार झा, संजीव पाल, जोहरा बेगम भी थे।

वही अन्य अतिथियों ने भी संबोधन कर बच्चों को उत्साह वर्धन किया और बेहतर खेल कर आगे बढ़ाने की बात कही।

# जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना मेरी प्राथमिकता : संदीप कुमार

- किस्को जिप सदस्य ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** किसको प्रखंड के बेटहट पंचायत के पतगच्छा गांव में जिला परिषद द्वारा निविदा के माध्यम से कराये जा रहे पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने विधिवत किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने कहा की जन समस्याओं को हल करना उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र के जनता के लिए वो 24 घंटे तत्पर है। लोगो को जो भी समस्या हो उनसे सीधा संपर्क कर सकते है। मौके पर उन्होंने संवेदक को कार्य को गुणवतापूर्ण करने को कहा।



शिलान्यास करते जिप सदस्य।

**खास बातें :** मौके पर गांव के ग्रामीणों ने जिप सदस्य को क्षेत्र के अनेक समस्याओं से अवगत कराया जिस पर संदीप कुमार ने उन्हें आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में इन सभी समस्याओं का निदान हो जायेगा। उन्होंने आगामी 9 दिसंबर को बेटहट पंचायत में आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर लोगों को जागरूक करते हुए कहा की अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन के माध्यम से इस शिविर में जरूर पहुंचे। उन्होंने वैसे लोग जिन्हें अभी तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला है उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर जेई नवनीत कुमार, उमेश सिंह, एमडी सहजाद सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संविधान दिवस का आयोजन



**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में एनएसएस इकाई के बैनर तले संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं प्राचार्य डॉ.लक्ष्मी सरकार ने कहा कि भारतीय संविधान भारत का प्रमुख दस्तावेज है, जिसके आधार पर कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका अपने-अपने कर्तव्यों का क्रियान्वयन करती है। साथ ही भारतीय लोगों को अपने अधिकार के साथ-साथ कर्तव्यों की अनुभूति कराती है। हमारे देश का संविधान बहुत वृहद और व्यापक है। भारत लोकतंत्र की जननी है और लोकतंत्र का आधार संविधान है। अत: हम सभी शिक्षण संस्थानों का दायित्व है कि अपने बच्चों को संविधान के प्रति जानकारी प्रदान करें, साथ ही संविधान में विश्वास रखें। वहीं शैक्षिक कार्यक्रम पदाधिकारी सहायक प्राध्यापक डॉ.संजीव कुमार ने संविधान की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए वृहद व्याख्यान दिया। वहीं समन्वयक सप्रा. राजेश पांडेय ने कहा कि संविाान की आत्मा इसकी प्रस्तावना है। वहीं सीसीए प्रभारी सप्रा.विनोद यादव ने संविधान के नीति-निर्देशक तत्वों पर वृहद व्याख्यान प्रस्तुत किया। अंत में एनएसएस प्रभारी सप्रा.मो.सेराज ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया। मौके पर सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, शाम्भवी नारायण, आनंद कुमार, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, संतु कुमार, गौरव कुमार, कुंदन कुमार सहित सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु मौजूद थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में गुरुनानक जयंती हर्षोउल्लास के साथ मना




**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में गुरुनानक जयंती का पर्व बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का तिलक, दीप प्रज्वलन तथा गुरुनानक जी के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। वहीं विद्यालय के अयक्ष रामलखन सिंह उपस्थित रहे। वहीं प्री.प्राइमरी कोऑर्डिनेटर दलजीत कौर द्वारा शबद गुरबानी कीर्तन से सभी बच्चों को निहाल किया गया। वहीं विद्यालय की शिक्षिका प्रीति सिंह ने गुरु नानक जयंती से संबंा बहुमूल्य जानकारी बच्चों को प्रदान की। विभिन्न वर्ग के छात्र छात्राओं ने गुरु नानक देव जी से संबंाित कविताएँ, भाषण, प्रेरक प्रसंग तथा उनके विचारों को व्यक्त किया। विद्यालय के अयक्ष ने बच्चों की प्रतिभा की सरहाना की तथा अपने आशीर्वचन में उन्होंने कहा कि सभी ार्म और जाति एक है, सभी मनुष्य एक हैं। सबके खून का रंग लाल होता है। जिस प्रकार गुरु नानक जी सभी जाति-ार्म को एक इंसानियत के तौर पर देखते थे, वैसे ही हमें भी बिना किसी भेद भाव के सभी मनुष्य को एक मानना चाहिए। हमें उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। वहीं कार्यक्रम का संचालन कक्षा चतुर्थ की आश्वी सिंह तथा कक्षा पंचम की अल्फिया नोमानी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सीईओ ए के लाल ने बच्चों की सराहना की तथा शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए गुरु नानक जी द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्कूल के एचआर आशीष मृणाल, प्रदीप गुरु, सैफुद्दीन खुशदिल एवं विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाए मौजूद थे।

## 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का उद्घाटन



**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम गरहाइ दुर्गा मंडप में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। अखंड हरी कीर्तन का उद्घाटन महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, झामुमो नेता गोपाल यादव, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, जिप सदस्य महेंद्र यादव, लक्ष्मण यादव, मुखिया रमेश यादव, पूर्व मुखिया राजू यादव ने संयुक्त संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अखंड हरी कीर्तन में ग्राम लरियाडीह, खरखरो, वृंदा, अनंतडीह, गरायडीह, बेहराडीह, नईटांड, रतिथमहाइ, ककुरिया थमाई, खैरीडीह, झरीटांड, बसारवा, बेलगडहा, सियारीटांड, सिंहपुर, बिछीपहरी आदि गांव के लोग शामिल रहेंगे। वहीं कमेटी के सदस्यों ने अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। वहीं लारियाडीह पंचायत के मुखिया रमेश यादव ने महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज को रामायण पुस्तक देकर सम्मानित किया। वहीं भाकपा जिला मंत्री ने कहा कि इस तरह का भजन कीर्तन होने से पूरे क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। मौके पर आचार्य विद्या पांडेय, अजय पांडेय सहदेव चौरी, भीखन यादव, विष्णदेव यादव, सोना यादव, बहादुर प्रसाद यादव, जितेंद्र यादव, रामानी यादव, दिनेश्वर यादव, प्रमोद कुमार, रामचंद्र यादव, सोना यादव, गंगाार यादव, बाबून यादव, राजकुमार यादव, तुलसी यादव व सैकड़ों ग्रामीण महिला व पुरुष मौजूद थे।

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

# अंतिम पंक्ति के लोगों को भी मिलेगा लाभ : मंत्री

### मंत्री ने की कार्यकताओं के साथ बैठक, कार्यक्रम को सफल बनाने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 30 नवंबर को गढ़वा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी काफी जोर से चल रही है। इस निमित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को अपने आवास पर कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजित कर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने का मंत्र दिया। इस संबंध में मंत्री ने सभी कार्यकताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा के जिले के सभी 189 पंचायतों से काफी संख्या में कार्यकर्ता, आसपास के क्षेत्रों से अधिक से अधिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध जनों को शामिल किया जाना है। साथ ही महागठबंधन के सभी सभी दलों के नेता एवं कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा झारखंड सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है।

इस योजना से राज्य के अंतिम पंक्ति के प्रत्येक लोगों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने हक अधिकार के लिए उचित स्थान तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसी स्थिति में दबे, कुचले, वंचित एवं पिछड़े सभी वर्गों के लोगों को उनका हक एवं अधिकार उन्हें पूरी तरह से मिल सके, सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी उन्हें हो इसके लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा के मुख्यमंत्री ने काफी दूरदर्शी सोच के साथ इस योजना को शुरू किया है।

इसका लाभ लोगों को मिल भी रहा है। उन्होंने सभी कार्यकताओं, आम जनों एवं महागठबंधन के सभी दलों के नेता एवं कार्यकताओं से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

बैठक में मुख्य रूप से भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, शरीफ अंसारी, फुजैल अहमद, नसीम अख्तर, कंचन साहू, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, राजकिशोर यादव, अरविंद यादव, करीब अंसारी, चंदा देवी, अंतु दास, चंदन पासवान, नीरज तिवारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्रिजली विद्यालय में मनाई गयी गुरुनानक जयंती

### जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल से गूंज उठा परिसर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** विविध संस्कृतियों और परंपराओं के उत्सव के लिए प्रसिद्ध तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में आध्यात्मिक उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने गुरुनानक देव जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ ने उपस्थित छात्रों को सम्बोाित करते हुए कहा की ग्रिजली विद्यालय में इस प्रकार के उत्सवों ने इन शिक्षाओं को खूबसूरती से प्रतिबिंबित किया है, जिससे हमारे छात्रों के बीच एकता और सम्मान की भावना को बढ़ावा मिलता है। ग्रिजली विद्यालय द्वारा गुरुनानक देव जी की जयंती का आयोजन अपने छात्रों के बीच सांस्कृतिक जागरूकता और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने, आपसी सम्मान और समझ के माहौल को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। उन्होंने गुरु नानक देव जी के जीवन का हवाला देते हुए सिख ार्म में अंतर्निहित करुणा, समानता और निस्वार्थ सेवा के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से उनके बताए गए मार्ग पर चलने का आवाहन किया। वहीं उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने अपने सम्बोान में कहा की यह उत्सव ग्रिजली विद्यालय की न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि ऐसे कार्यक्रमों तथा उत्सवों से अपने छात्रों के जीवन को समृद्ध करते हैं, जो की दयालु और सहानुभूतिपूर्ण व्यक्तियों की एक पीढ़ी को बढ़ावा देते हैं। वहीं छात्र सौरव चौरी ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत करते हुए गुरुनानक देव जी के जीवन को छात्रों के बिच रखा।

## गुरुनानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व को लेकर सजा विशेष दीवान

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गुरुनानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में विशेष दीवान सजा। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर एक विशेष दीवान सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें लुयािना से रागी बलजीत सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब का जत्था अपने साथियों के साथ सारी संगत को कीर्तन से निहाल किया। कीर्तन करने वालों में ज्ञानी राजा सिंह शामिल थे। 2:30 बजे समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। वहीं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्राान हरजीत सिंह सलूजा ने बताया की प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारा साहिब को भव्य तरीके से सजाया गया। रात 8:30 बजे से विशेष दीवान सजेगा, जिसमें अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के उपरांत विशेष दीवान में रागी बलजीत सिंह एवं लोकल जत्थे अपने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। रात 1:40 पर गुरु महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। प्राान हरजीत सिंह सलुजा ने बताया कि 2 बजे इस साल के प्रकाश पर्व के सारे कार्यक्रमों की समाप्ति होगी।

## बैंक ऑफ इंडिया का स्थायी लोक अदालत कल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो व जामु शाखा ने 29 नवंबर को स्थायी लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी शाखा प्रबांक सुशील कुमार ने दी। वहीं उन्होंने बताया है कि एनपीए खाताारी जो किसी कारणवश कई वर्षों से ऋण खाता को सही तरीके से नही चला पाये हैं उनके लिए यह सुनहरा अवसर है।

## अवैध उत्खनन को लेकर प्राथमिकी दर्ज, एक को भेजा गया जेल

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना पुलिस ने कांटी बेचिरागी मौजा में हो रहे अवैा पत्थर उत्खनन मामले में कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। दर्ज प्राथमिकी में पत्थर के अवैा खनन व राजस्व चोरी को लेकर बद्री पासवान पिता स्व.बोधो पासवान, संजीत पासवान, उमेश पासवान दोनों के पिता बद्री पासवान सभी सा.भटबिगहा, मनोज पासवान पिता हुलाश पासवान, सा. रापुर बसरिया के अलावा जब्त पोकलेन मशीन व चारों हाइवा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने जिला में लहराया परचम




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड अधिविध परिषद् रांची द्वारा आयोजित झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण के शैक्षणिक सत्र 2021-23 का परीक्षाफल रविवार को घोषित किया गया, जिसमें ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के डीएलएड. प्रशिक्षुओं ने जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का परचम लहराया, जिससे महाविद्यालय में काफी खुशी का माहौल बना है। वहीं प्रियंका कुमारी ने 8650 प्रतिशत के साथ जिला में प्रथम स्थान, शारदा कुमारी एवं पूजा कुमारी ने 8614 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान, राजेश कुमार राज एवं एंजल कुमारी ने 8557 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान, विवेश कुमार ने 8536 प्रतिशत अंक के साथ चर्तुथ स्थान खुशबू कुमारी गुप्ता ने 85 प्रतिशत अंक के साथ पंचम स्थान, चंचल अभिषेक ने 8486 प्रतिशत अंक के साथ पंचम स्थान प्राप्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन मनीष कपसीमे एवं सचिव अविनाश सेठ ने सभी प्रशिक्षुओं को उनके इस उपलबि पर बााई दी एवं उनके खुशहाल भविष्य की कामना किया। वहीं मुख्य परिचालन आिकारी तनिष्क सेठ ने महाविद्यालय में निरंतर एवं सुचारू रूप से कक्षा संचालन प्राप्त कर हासिल उपलबि की बााई दिया। वहीं उप निदेशिका डॉ.संजीता कुमारी ने पूरे जिले में प्रथम से पंचम स्थान को हासिल करने के लिए प्रशिक्षुओं को शुभाशीष दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं प्रभारी प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत ने सभी प्रशिक्षुओं को बााई देते हुए सभी सहायक प्रायापक एवं महाविद्यालय के सभी सद्स्यों को उनके बेहतर प्रयास की सराहना की। वहीं डीएलएड. कॉर्डिनेटर मनीष पासवान ने प्रशिक्षुओं की कड़ी मेहनत साथ ही अपने टीम की कड़ी मेहनत, विशेष कक्षाओं के संचालन से प्राप्त इस उपलबि पर हर्ष वक्त किया एवं प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर सौरभ शर्मा, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल कुमार दास, मनीष सिन्हा, रोहित कुमार, निशा कुमारी, चुन्नु कुमार, दीपक पाण्डेय समेत शिक्षेकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

# डॉ भारद्वाज बने दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गढ़वा।** जिले के बिशुनपुरा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम दर्जिया के गर्ग गोत्रीय शुक्ल वंशज शिक्षक स्व. नागेश्वर प्रसाद शुक्ल एवं स्व. कृष्णा देवी के होनहार पौत्र डॉ भारद्वाज शुक्ल का चयन देश के प्रतिष्ठित दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के वाणिज्य विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। इनके पिता मार्कण्डेय शुक्ल कुशल किसान एवं माता इंद्रावती देवी धर्मपरायण गृहणी हैं। सभी प्रक्रियाओं की पूर्णता और ऑफर लेटर मिलने के बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के एसओएल के वाणिज्य विभाग में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। ज्ञात हो कि बचपन से ही डॉ. भारद्वाज मेधावी और जिम्मेवार छात्र रहे हैं। डॉ.भारद्वाज शुक्ल की प्रारंभिक शिक्षा गांव के राजकीय मध्य विद्यालय कर्णपुरा से हुई है। तत्पश्चात 2004 में उन्होंने राजकीय कृत उच्च विद्यालय रमना से प्रथम श्रेणी में झारखण्ड अधिविद्य परिषद राँची द्वारा हाई स्कूल पास किया। 2006 में उन्होंने श्री सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज गढ़वा से द्वितीय श्रेणी में आईएससी की परीक्षा जैक बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण किया। 2009 में श्री सद्गुरू जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज गढ़वा से रांची विश्वविद्यालय रांची द्वारा अकाउंट ऑनर्स से स्नातक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया। 2010 में उन्होंने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ के अपोलो कॉलेज अंजोरा, दुर्ग से बीएड की डिग्री प्रथम श्रेणी से पूरी की। 2012 में नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग से वाणिज्य विषय में स्नातकोत्तर की योग्यता प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। 2014 में उन्होंने इन्दिरा गांधी नेशनल ओपेन यूनिवर्सिटी से ग्रामीण विकास विभाग में पीजीडीआरडी की योग्यता हासिल किया। झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित दोनों शिक्षक पात्रता परीक्षाओं यथा 2013 और 2016 में भी उन्होंने सफलता हासिल की है। लेकिन वाणिज्य विषय को सामाजिक विज्ञान में शामिल नहीं होने के गलत नीति के कारण मध्य विद्यालय में में पूर्ण योग्यता के बाद भी मध्य विद्यालय में शिक्षक नहीं बन सके थे। उन्होंने परिस्थितियों के सामने हिम्मत नहीं हारी और उच्च शिक्षा की दिशा में जाने का निर्णय लिया तथा 2016 में रांची विश्वविद्यालय, रांची द्वारा आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की। उनके इस उपलब्धि पर गृह ग्राम दर्जिया सहित पूरे गढ़वा जिले और राज्य भर में उनके शुभ चिंतकों के बीच काफी खुशी और हर्ष का माहौल है।

एक नजर में

## छह वर्ष पूर्व पदमुक्त किए गए दो बीटीटी को हाईकोर्ट ने पुन: बहाल करने का दिया निर्देश





प्रबोध कुमार सिंह व सुबोध कुमार सिंह का फाइल फोटो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड में बीटीटी के रूप में कार्यरत प्रबोध कुमार सिंह एवं सुबोध कुमार सिंह को सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा हटाए जाने के छह वर्ष बाद हाईकोर्ट ने दोनों को पुनः बहाल करने का आदेश दिया है। तत्कालीन बीटीटी प्रबोध कुमार सिंह व सुबोध कुमार सिंह ने बिना कारण बताए पदमुक्त करने के खिलाफ हाईकोर्ट में परिवाद दायर किया था। बताते चलें कि सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा सात वर्षों की सेवा के बाद वर्ष 2017 में अचानक प्रबोध कुमार सिंह व सुबोध कुमार सिंह को बीटीटी के पद से मुक्त कर दिया गया था। हटाने से पहले ना तो उक्त दोनों से कोई स्पष्टीकरण मांगा गया था और ना ही उनका पक्ष लिया गया था। बिना किसी नोटिस के अचानक उन्हें पद मुक्त कर दिया गया। कई महीनो तक उन्हें पारिश्रमिक तक नहीं मिला। दोनों बीटीटी ने बताया कि इस मामले में झारखंड के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने सिविल सर्जन को पत्र लिखा था कि क्षेत्र दौरा के क्रम में उन्हें शिकायत मिला रहा कि दोनों बीटीटी का व्यवहार आपत्तिजनक और असंतोष जनक है।

उन्हें सेवा से मुक्त किया जा सकता है। उक्त पत्र प्राप्ति के बाद मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा ने 5 जून 2017 को एक पत्र जारी कर उन्हें सेवा मुक्त किए जाने का निर्देश दिया। प्रबोध कुमार सिंह एवं सुबोध कुमार सिंह ने सिविल सर्जन द्वारा उक्त दोनों को पदमुक्त किए जाने के विरुद्ध झारखंड उच्च न्यायालय में डबल्यूपीएस 5724/2017 दायर किया था। जिसमें प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग झारखंड रांची, निदेशक रांची इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज,मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक स्वास्थ्य गढ़वा को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में जस्टिस एसएन पाठक की बेंच ने बिना कोई नोटिस जारी किए एवं बिना उनसे उत्तर मांगे, पद मुक्त कर दिए जाने को अनुचित माना है।

## फाइनल मैच में हजारीबाग ने लोहरदगा को हराया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया। (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के इलेवन स्टार मैदान में चल रहे हाजी सुलेमान अंसारी एवं रामावतार सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। मैच में हजारीबाग की टीम ने लोहरदगा की टीम को 1- 0 से हराकर टूनार्मेंट के खिताब जीता। दोनों ही टीमें निर्धारित अवधि तक संघर्ष करती रही किंतु कोई भी कॉल नहीं कर सका के बाद दोनों के बीच पेनल्टी शूट करवाया गया जिसमें हजारीबाग की टीम ने एक गोल करने में सफल रहा। हजारीबाग की टीम बेहतर प्रदर्शन करते हुए लोहरदगा टीम को अंतिम छनो में हराया। मैच का आगाज दिवंगत फुटबॉल खिलाड़ियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा राष्ट्रगीत का गायन से किया गया। जिसके बाद आयोजक दल ने टूनार्मेंट के मुख्य अतिथियों सिमरिया के पूर्व फुटबाल खिलाड़ियों और पत्रकारों को साल और मोमेंटम देकर सम्मानित किया। टूनार्मेंट के अध्यक्ष मो.फारूक ने टूनार्मेंट के सफल आयोजन पर स्थानीय प्रशासन जनप्रतिनिधियों और सहयोग कताओं के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि टूनार्मेंट के आयोजन में सभी का अपार सहयोग मिला और दर्शकों ने भी उत्साह के साथ टूनार्मेंट का लुफ्त उठाया।

फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नागमणि उपस्थित थे। जबकि अतिथि के तौर पर प्रमुख रोहन साव जिप सदस्य रोहणी देवी बीडीओ नीतू सिंह मनोज चंद्रा, बिनोद बिहारी पासवान, अतीक मसूरी, जयप्रकाश सिंह, देवचरण दांगी, सुधीर सिंह, दयानिधि सिंह, कामाख्या सिंह, नेमधारी महतो, अखिलेश सिंह, बिनोद महतो आदि उपस्थित थे। टूनार्मेंट को सफल बनाने में गुड्डू आलम, सलीम अख्तर, आलोक रंजन, मो. ऐनुल मो. अख्तर, एखलाखूर रहमान, मो. मेराज आदि ने अहम योगदान दिया।

## कार्तिक पूर्णिमा पर भद्रकाली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने मुहाने नदी में स्नान कर दीप दान किया। श्रद्धालुओं स्नान करने के बाद कतारबद्ध होकर मां भद्रकाली के दर्शन किए। अहले सुबह चार बजे से ही स्नान, दान, पूजन का कार्यक्रम शुरू हो गया था। सुबह से लेकर दोपहर तक माता का दरबार श्रद्धालु भक्तों की भीड़ से पटा रहा। दर्शनार्थी भक्तों को सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ मंदिर न्यास समिति भी मुस्तैद दिखी। बता दें, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर साल भद्रकाली मंदिर में स्नान व पूजा अर्चना के लिए भक्तों की काफी भीड़ जुटती है। आज के दिन स्नान का विशेष महताव होता है। इस दिन श्रद्धालु स्न्नान करने के बाद मां भद्रकाली के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं।

# खरमास के बाद नीतीश कुमार की जेडीयू में होगी बड़ी टूट

## एक दिन कोई नाम लेने वाला नहीं बचेगा, चिराग का बड़ा दावा

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के सियासी गलियारे से बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल जमुई के सांसद और लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड में जल्द ही बड़ी टूट होने वाली है। हालांकि चिराग पासवान ने यह नहीं बताया कि जदयू को कौन-कौन नेता पार्टी छोड़ने वाले हैं। चिराग पासवान ने नीतीश कुमार पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि एक दिन आएगा जब जदयू का नाम लेने वाला कोई नहीं बचेगा। चिराग पासवान ने कहा कि नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी जेडीयू में कोई अन्य नेतृत्व नहीं बनाया है। वह दूसरी पार्टी के नेता के प्रचार में लगे हैं। वह कई बार इशारों ही इशारों में तेजस्वी यादव को अपना उत्तराधिकारी बनाने की बात कहते हैं। बता दें, नीतीश कुमार कई बार सार्वजनिक मंचों से कह चुके हैं कि 2025 का चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। वहीं चिराग पासवान ने कहा कि 19 साल बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अनुसूचित जाति के लोगों की याद आई है तब जबकि प्रधानमंत्री ने प्रमाणित किया है कि नीतीश कुमार किस प्रकार से दलित विरोधी है।



रविवार को चिराग पासवान ने कहा कि नीतीश कुमार ने किस प्रकार से मेरे पिता को अपमानित करने का काम किया, यह खुद प्रधानमंत्री ने बताया। वहीं पूर्व सीएम मांझी के लिए विधानसभा में जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया यह प्रमाणित करती है कि मुख्यमंत्री जी की सोच अनुसूचित जाति विरोधी रही है। इसके अलावा चिराग पासवान ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय नीतीश कुमार को विशेष राज्य के दर्जे की याद आती है। 2017 से 2022 तक उन्होंने कितनी बार बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग की तब वह कहां थे? 19 साल से आप मुख्यमंत्री हैं आज आपको बिहार के विशेष राज्य के दजार्ने की आंदोलन की याद आ रही है। फिलहाल चिराग पासवान ने कहा कि खरमास के तुरंत बाद जनता दल यूनाइटेड में एक बड़ी टूट होगी लेकिन कैसे होगी इस बारे में कुछ और नहीं बताया। वहीं चिराग पासवान ने जेडीयू के भीम संसद कार्यक्रम को एक सभा करार दिया। चिराग पासवान ने कहा कि नीतीश कुमार की दलित विरोधी सोच है। वह वोट बैंक की राजनीति करते हैं। सदन में मुख्यमंत्री ने जीतन राम मांझी के लिए जिस भाषा का इस्तेमाल किया था यह सारी बातें उनकी सोच को साबित करती हैं। आज भी बिहार में अनुसूचित जाति अपने अधिकारों से वंचित है और इसके लिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार है।

# हादसे में सेवानिवृत्त कर्मी समेत तीन की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। जिले दो थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में तीन की मौत हो गई। रविवार की देर शाम मुफस्सिल थाना क्षेत्र दिग्घी ओपी के मुर्गाथली एवं नगर थाना क्षेत्र के हांसदा क्लीनिक के समीप वाहन के चपेट में आने से स्कूटी सवार सेवानिवृत्त कर्मी अनिल मरांडी और ट्रैक्टर की चपेट में आने से रसका सोरेन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने राजा बस को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार बंदोबस्त कार्यालय से सेवानिवृत्त कड़हरबिल निवासी 65 वर्षीय अनिल मरांडी किसी काम से स्कूटी से बाजार से वापस घर लौट रहे थे। तभी साहिबगंज से दुमका चलने वाली राजा बस दुमका स्टैंड में यात्रियों को उतारने के बाद रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। जहां हांसदा क्लीनिक के सामने बस ने पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बस चालक बस को छोड़कर फरार होने में कामयाब रहा। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रात में ही नगर थाना की पुलिस ने बस कब्जे में ले ली थी।

इधर, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हेठ मुर्गाथली गांव के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से 27 वर्षीय रसका सोरेन की मौत हो गई। रसका गांव से कुछ दूर बंधे मवेशी खोलकर घर आ रहा था। सड़क पार करने के दौरान ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दासोराय गांव से चंद कदम दूर एक होटल के पास सोमवार की शाम को घटी। जहां पिकअप वैन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक के जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान 26 साल के इंताज अंसारी के रूप में हुई है। वह पश्विम बंगाल के वर्धमान जिले के मोहम्मद बाजार थाना क्षेत्र के नूतनडीह गांव का रहने वाला था। पुलिस परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बाइक सवार तेजी से काठीकुंड की ओर जा रहा था। होटल के समीप ऐसा लगा कि वाहन टकरा गए हो। जाकर देखा तो एक युवक घायल पड़ा है और एक पिकअप वैन तेजी से भाग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घायल बाइक सवार को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंचाई। चिकित्सक ने जीवित होने की उम्मीद से ईसीजी किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अस्पताल पहुंचने के बाद उसकी मौत हो गई।



घायल बाइक सवार को ईसीजी करते स्वास्थ्य कर्मी

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का प्रखंड स्तरीय बैठक टंडवा टाउन हॉल में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जीत गुप्ता ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार एवं बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने बताया कि अयोध्या में हो रहे श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना है। तथा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में प्रखंड के सभी गांव के प्रत्येक घरों में जाकर अयोध्या से पूजित अक्षत और राम जी का चित्र देखकर आमंत्रण करना है। साथी ही उन्होंने बताया कि 7 दिनों के अंदर टंडवा प्रखंड के सभी 96 गांव को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की समिति से युक्त करना है इसके लिए उन्होंने सभी पंचायत स्तर तक के पलकों की घोषणा की। इस बैठक में टंडवा प्रखंड के प्रखंड टोली एवं पंचायत टोली के साथ-साथ दुर्गा वाहिनी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नानक देव जी के सद्कर्म एवं विवेक उपदेश

# सदैव संपूर्ण मानवता को सही राह दिखाते रहेंगे : गीता कोड़ा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** सांसद गीता कोड़ा ने गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा चाईबासा द्वारा सोमवार को आयोजित प्रकाश उत्सव गुरु नानक देव जी जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा में माथा टेका। इस श्रेष्ठ पौराणिक दिन के मौके पर उन्होंने गुरु नानक देव जी की महत्ता को बयान करते हुए उनके अद्भुत जीवन-दर्शन, उपदेश और सामाजिक दीक्षाएं की महत्ता को साझा किया। सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन में विचार और उदारता के माध्यम से सभी मानवता के लिए मार्गदर्शन किया। उनका संदेश धर्म, सेवा और समर्पण का है, जो आज भी हमारे समाज को प्रेरित कर रहा है। गुरु नानक देव जी जयंती के इस अद्भुत अवसर पर, सांसद गीता कोड़ा ने सभी नागरिकों से अपने जीवन में उनके मूल्यों को अपनाने और उनके उपदेशों का पालन करने का संकल्प लिया।

गुरु सिंह सभा की ओर से सांसद गीता कोड़ा का शॉल ओडाक र सम्मानित किया , गुरुद्वारे में होने वाले कार्यक्रम संगत और पंगत में सांसद गीता कोड़ा ने भाग लिया, साथ ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सामने माथा टेक कर देश व प्रदेशवासियों की सुख शांति के लिए अरदास की। इस अवसर पर सांसद गीता कोड़ा के साथ त्रिशानु राय, जितेन्द्र नाथ ओझा, दिकु सावैयां, राकेश सिंह, शंकर बिरुली, मथुरा चंपिया उपस्थित थे।

# गढ़वा में होगा खेल महोत्सव का आयोजन : मंत्री मिथिलेश

## 16वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला बालक, बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड वॉलीबॉल संघ के तत्वाधान में गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ की ओर से आयोजित में 16वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला बालक, बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गया। पांच दिनों तक चले इस प्रतियोगिता के समापन मैच में बालक वर्ग के मैच में धनबाद की टीम ने 3-0 ने हजारीबाग की टीम को परास्त कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। जबकि तीसरे स्थान के लिए गढ़वा एवं रांची के बीच मैच खेला गया।

जिसमें गढ़वा की टीम ने रांची की टीम को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग के फाइनल मैच में गोड्डा की टीम ने पश्चिमी सिंहभूम की टीम को 3-0 से हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया। बालिका वर्ग का तीसरा स्थान के लिए आयोजित मैच में रामगढ़ की टीम ने गुमला की टीम को 3-0 पराजित की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर सभी ऑफिशियल को भी संघ की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी खिलाड़ियों को भी व्यक्तिगत पुरस्कार दिया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को एक अच्छा अवसर मिलता है। जिससे कि वे अपने प्रतिभा को निखार सकें। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी यहां राज्य स्तरीय कई प्रतियोगिता आयोजित कराई जा चुकी है। जिसमें एथेलेटिक्स, फुटबॉल, साइकिलिंग एवं वॉलीबॉल शामिल है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय में गढ़वा में खेल महोत्सव भी आयोजित कराया जाएगा। जिसमें सभी खेलों को शामिल किया जाएगा। आज खेल के क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं।

कोई भी खिलाड़ी मेहनत करके अपना कैरियर बन सकता। इस क्षेत्र में पैसे के साथ-साथ शोहरत भी मिलती है। आयोजन समिति के अध्यक्ष डीडीसी राजेश कुमार राय ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा निकलकर सामने आती है। खिलाड़ी को खेल भावना से खेल को खेलनी चाहिए। झारखंड वॉलीबॉल संघ के महासचिव शेखर बॉस ने कहा कि गढ़वा में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सभी की सहभागिता रही है। सभी लोग इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने इस आयोजन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपनी सहभागिता निभाई है।

उन्होंने कहा कि इतनी शांति व्यवस्था के बीच आयोजन संपन्न कराया जाना बहुत ही प्रसंसनीय कार्य है। संघ के सचिव ओमप्रकाश तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, नवीन कुमार पाठक, अशोक कुमार गुप्ता, प्रणव कुमार, रजनीश दुबे, पंकज दुबे, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, जितेंद्र सिन्हा, ओम प्रकाश गुप्ता, नारद तिवारी, फुजैल अहमद, विवेक तिवारी, कमलेश पांडेय, ओमप्रकाश चौबे, गौरव सिन्हा, नीरज सिन्हा, पंकज सिन्हा, विशाल पांडेय, पंकज मिश्रा, श्याम नारायण पांडेय, अरविंद दुबे, संजीव पांडेय, पंकज सिंह, अंकेश नारायण, राजकमल तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।





विजेता खिलाड़ियों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर, बालिका वर्ग की विजेता टीम को ट्रॉफी देते मंत्री

# पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल पहुँचे मलेरिया प्रभावित गांव बड़ा कुटलो ग्रामीणों का जाना हालचाल

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** प्रखंड के मलेरिया प्रभावित क्षेत्र बड़ा कूटलो गांव सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहुँचकर बीमार से मृत बच्चें के परिवार से मिलकर ढांढस बनाया एवं संवेदना प्रकट किया। इस दौरान श्री मरांडी मृत बच्चों के अभिभावक से बात करते हुए उनके आंखे नम हो गई। इस दौरान पत्रकार से कहा कि बड़ा ही दुर्भाग्य पूर्ण है की एक सप्ताह के अंदर अचानक पांच बच्चें की मौत हो जाना और स्वास्थ्य विभाग को इसका पता तक नहीं चला। जबकि उस गांव में सहिया,सेविका मौजुद है। जब अखबार में खबर छपा तब जाकर प्रशासन का नींद खुला। और फिर कैंप लगाया गया। उन्होंने कहा सूबे की मुखिया हेमंत सोरेन आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कराकर पीठ थप थपा रहें हैं और यहां लोग मामूली सी बीमारी में फिजूल में अपना जान गांवा रहें हैं। हेमंत सोरेन 24 एवं 25 नवंबर को बरहेट एवं पाकुड़ के कार्यक्रम में शामिल हुए उन्हें इतना फुरसत भी नहीं मिला कि इस गांव में आकार दौरा करें। उन्होंने पीड़ित आदिवासी को निराश करते हुए क्षेत्र का दौरा किए बगैर वह वापस लौट गए।

# ट्रक दुर्घटना में हुई थी शिक्षक पवन महतो की मौत, सैकड़ों लोगों ने दी अंतिम विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के कोलबड्डा ग्राम निवासी शिक्षक पवन महतो का शव रविवार की देर शाम एंबुलेंस से घर पर पहुंचते ही इलाके के हजारों लोगों के आंखों में आंसू भर आया।सड़क हादसे में शिक्षक पवन महतो की मृत्यु की खबर सुनते ही इलाके में सनसनी खींच फैल गई थी। सीधे तौर पर किसी को विश्वास नहीं हो रहा था हजारों लोग एक दूसरे को से फोन पर जानकारी ले रहे थे। व्हाट्सएप पर फोटो, वीडियो,वीडियो फुटेज और यह दुखद घटना की संदेश पढ़ने के बाद कई लोगों से बात करते थे।

तब लोगों के मन में विश्वास हो रहा था कि अब शिक्षक पवन महतो जो काफी खुशहाल मृदुभाषी हजारों लोगों के दिलों में बसने वाला प्रभावशाली इंसान इस दुनिया से चल बसा। इलाके के सैकड़ो लोग घटनास्थल ललमटिया, महागामा अस्पताल और फिर गोड्डा तक भी पहुंचे थे। सोमवार की सुबह जब अंतिम यात्रा निकालनी थी तो अहले सुबह से ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के साथ-साथ निकटवर्ती कई प्रखंडों और बिहार झारखंड के कई जिलों के हजारों लोग, सगे संबंधी, शिक्षक, संतमत से जुड़े श्रद्धालु,समाज सेवी, सामाजिक कार्यकर्ता, परिचायक कोलबड्डा गांव उनके आवास पर पहुंचे। महुवारा सत्संग भवन आश्रम परिसर में शिक्षक पवन महतो के शव को रखकर श्रद्धांजलि दी गई। संतमत विधि से स्तुति, विनती,रामायण पाठ, आरती भी की गई। वहीं पर क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडे सिंह भी पहुंची।उनकी पत्नी, पुत्र, पुत्री अन्य परिजनों को सांत्वना दिया। पत्नी, पुत्र, पुत्री, माता-पिता, बहन सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। विधायक दीपिका पांडे सिंह फिर कोलबड्डा शिक्षक पवन महतो के घर पर भी गई। वहां भी जाकर पुत्र, पुत्री, पत्नी सहित सभी परिजनों को सांत्वना दिया, ढांढस बंधाया। इलाके और दूर दराज के हजारों लोगों ने शिक्षक पवन महतो को नम आंखों से विदा किया। शिक्षक पवन महतो के परिवार में उसके एक पुत्री, एक, पुत्र पत्नी और माता-पिता है। भरा पूरा परिवार छोड़ गए। किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है लेकिन शिक्षक पवन महतो इस दुनिया में नहीं रहे इसकी कमी इलाके वालों को बहुत अधिक खल रही है।बताते चलें की रविवार को शिक्षक पवन महतो घर से गोड्डा जा रहे थे। तभी लमटिया सिद्धू कान्हु चौक के निकट घरेलू रसोई गैस सिलिंडर लधा ट्रक के पलटने से शिक्षक पवन महतो गंभीर रूप से घायल हो गया था। रेफरल अस्पताल महगामा ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित किया था।



## एक नजर में

# उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण समारोह आयोजित

**महेशपुर (पाकुड़ )।** स्थानीय विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने सोमवार को उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण समारोह मे शामिल हुए। उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण किया गया। इस दौरान गैस किट पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान साफतौर पर देखी जा सकती थी। महेशपुर प्रखंड के मेसर्स स्वर्णिलता इण्डेन गैस सर्विस के ओर से निशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इस दौरान चार सौ से अधिक लोगो को गैस कनेक्शन वितरण करने का लक्ष्य रखा गया। मौके पर विधायक ने अपने सम्बोधन मे कहा की आज भी कई परिवारों में चूल्हों पर ही खाना बन रहा है। ऐसे में उज्वला योजना हितग्राहियों के लिए अच्छी सौगात है। इससे इन परिवारों की महिलाओं को धुएं से निजात मिलेगी व स्वास्थ्य में सुधार होगा। जो आगे जाकर जीवन में भी परिवर्तन लाएगा।

# राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए स्वतंत्रता सेनानी रमणी मोहन झा

**गोड्डा।** स्वतंत्रता सेनानी रमणी मोहन झा का सोमवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ गोड्डा प्रखंड के सैदापुर ग्राम के समीप रमणी कुटिया पर अंतिम संस्कार किया गया। इसी के साथ उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र ने दी। इससे पहले राष्ट्रीय ध्वज में लिपटे उनके पार्थिव शरीर को मातमी धुन बजाकर व फायर कर गोड्डा पुलिस की सलामी टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी। स्थानीय रौतारा चौक अवस्थित उनके आवास से निकली अंतिम यात्रा कांग्रेस जिला कार्यालय होते हुए रमणी कुटिया पहुंचा। इसमें विधायक महागामा विधानसभा क्षेत्र श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव, अनुमंडल पदाधिकारी , गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पदाधिकारी ,गोड्डा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गोड्डा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोड्डा समेत जिला व पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी, जवान व कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

# प्रदूषण निजात संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

**टंडवा (चतरा)।** मिस्त्रौल हाई स्कूल समीप प्रदूषण निजात संघर्ष समिति टंडवा की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता रविंद्र कुमार सिंह व सन्चालन सरोज प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक में टंडवा प्रखंड क्षेत्र में प्रदूषण का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है, इसे रोकथाम व नियंत्रण करने हेतु कठोर से कठोर कदम उठाए जाने को लेकर आगामी 9 दिसंबर को नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत सचिवालय में महा बैठक करने की निर्णय लिया गया। जिसे सफल बनाने को लेकर उपस्थित सभी लोगों ने विचार-विमर्श किया। इस मौके पर गणेश कुमार गुप्ता रामदेव पासवान अर्जुन कुमार दास विजय राम सुबेश राम महावीर साहू मंगल देव सिंह सुरेश साहू राजकिशोर विश्वकर्मा हेमराज साहू रुक्मिणी देवी चिंता देवी समेत अन्य मौजूद थें।

# लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चतरा।** हंटरगंज पुलिस ने लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले दो अपराधियों को छापामारी अभियान चला कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में बिहार के रोशनगंज थाना क्षेत्र के सकडीहा गांव के सिंटू कुमार और प्रेमचंद कुमार है। दोनों अपराधियों के द्वारा हंटरगंज के कोशमाही गांव के जोगिंदर यादव के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। अपराधियों ने औराही गांव के पास जोगिंदर यादव के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान जोगेंद्र यादव के पास से 40 हजार नगद लूट लिया गया था। लूट की घटना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए हंटरगंज पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से छापामारी अभियान चलाकर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों को हंटरगंज पुलिस ने जेल भेज दिया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, एसआई, नितेश कुमार दुबे, अनंत शाह, एसएसआई अजय कुमार महतो सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# जिला टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई, अवैध कोयले सुरंगों को किया धवस्त

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार को जिला प्रशासन ने एक दर्जन से अधिक संचालित अवैध कोयला खदानों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया। थाना क्षेत्र के बादलपाड़ा एवं लुटिया पहाड़ मौजा में संचालित कोयले की अवैध सुरंग नमक खदानों में भारतीय प्रशासनिक सेवा की प्रशिक्षु अधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला खनन टास्क फोर्स की टीम द्वारा डोजरिंग का कार्य किया गया।

## पेज 1 का शेष

### जबतक मैं हूं...

समय के हिसाब से जिस प्रकार समाज जागरूक हो रहा है, उसी तरह आदिवासी सरना धर्म को भी आगे बढ़ना चाहिए। देश का सभी धर्म एक समान एक राह पर चलता है। सारे धर्म में जो भी लोग हैं, वह इस देश की सेवा में लगे हैं। **हम स्वाभिमान से समझौता नहीं करते :** सीएम ने कहा, आदिवासी कमजोर वर्ग से आता है लेकिन हम अपने स्वाभिमान से कोई समझौता नहीं करते हैं। लुगुबुरू में सभी आदिवासी अपने समाज के नीति निर्धारण के लिये बैठते हैं। इस धर्म स्थल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता है। जब देश में अंग्रेजों का शासन था तो उन्होंने हर समाज को इधर-उधर किया, लेकिन आदिवासी समाज को गलत करने की कोशिश नहीं की। आदिवासियों का धर्म सबसे पुराना धर्म है जो इतिहास में भी दर्ज है। इसलिए इसे बचाये रखने की जरूरत है। समारोह को मंत्री चंपई सोरेन ने भी संबोधित किया।

### यह अंधों बहरों की नहीं...

यहां अधिकारी योजनाओं की पोटली लेकर पहुंच रहे हैं। इन शिविरों में आएं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। **परिसंपत्तियां बांटी :** मौके पर उन्होंने 25 करोड़ 64 लाख रुपए की 34 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मौके पर झारखंड राज्य समन्वय समिति के फागू बेसरा (राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त), पूर्व विधायक ममता देवी और जिले के डीसी-एसपी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### 75% आरक्षण रोकने को...

**आरक्षण पर रोक लगाने की मांग :** जानकारी के मुताबिक इस याचिका में इन संशोधनों पर रोक लगाने की मांग की गई है। बिहार विधान मंडल ने 10 नवंबर 2023 आरक्षण संशोधन विधेयकों को पारित किया और राज्यपाल ने इन कानूनों पर 18 नवंबर 2023 को मंजूरी दी। राज्य सरकार ने 21 नवंबर 2023 को गजट में इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही राज्य की सेवाओं और शिक्षण संस्थानों के दाखिले में नया आरक्षण कानून प्रभावी हो गया। याचिका में ये भी कहा गया है कि संवैधानिक प्रविधानों के अनुसार, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का कोई प्रविधान नहीं है। संशोधित अधिनियम राज्य सरकार ने पारित किया है, वह भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। इसमें सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के समान अधिकार के सिद्धांत का उल्लंघन हुआ है।

### पहली कक्षा के बच्चे...

अचानक वेहान जैन की तबीयत बिगड़ गय। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान शनिवार की रात ह्रदय गति रुकने से उसकी मौत हो गयी। पिता राहुल जैन के अनुसार, बेटे वेहान की मौत ह्रदय गति रुकने से हुई है।

स्पीड न्यूज

## दुबई में कॉप28 में शामिल नहीं होंगे बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन आगामी 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक दुबई में शुरू होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप28) में भाग नहीं लेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स ने व्हाइट हाउस के अधिकारी के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी।

## चीन में भूकंप के झटके

**बीजिंग।** चीन के वानुअतु द्वीप क्षेत्र में तीव्र भूकंप के झटके महसूस हुए। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइंसेज के मुताबिक स्थानीय समयानुसार तड़के करीब 03:56 आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से करीब 10 किमी की गहराई में 21.20 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 173.93 डिग्री पूर्वी देशांतर में रहा।

## गुरू नानक जयंती पर शेयर और मुद्रा बाजार बंद

**मुंबई।** गुरू नानक जयंती के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियो का कहना है कि अब मंगलवार को सामान्य कामकाज होगा।

## दिल्ली के मयूर विहार इलाके में मुठभेड़ के बाद दो अपराधी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर अर्शदीप सिंह के गिरोह के दो शूटर को पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजप्रीत सिंह (25) और वीरेंद्र सिंह (22) के रूप में हुई है जो पंजाबी गायक एली मंगत की हत्या करने की साजिश रच रहे थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार के मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया और देश की भ्रष्टाचार रोधी संस्थान की इस गुजारिश को खारिज कर दिया कि उसे दी गई खान की रिमांड को बढ़ाया जाए। इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मुहम्मद बशीर ने रावलपिंडी की अडियाला जेल में अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई की। इसी जेल में खान बंद हैं।

## उत्तरपश्चिमी पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में दो लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर पाकिस्तानी तालिबानी आतंकवादी संगठन के एक गुट द्वारा किये गये आत्मघाती बम हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सेना की मीडिया शाखा ने सोमवार को बताया कि रविवार को बन्नू छावनी में आजाद मंडी के पास सुरक्षा बलों के काफिले को विस्फोटकों से भरे एक दोपहिया वाहन ने टक्कर मार दी।

## ओडिशा में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव

**भुवनेश्वर।** राउरकेला-भुवनेश्वर वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव किये जाने से एक्जीक्यूटिव क्लास कोच की खिड़की के शीशे क्षतिग्रस्त हो गये। पूर्व तटीय रेलवे (ईसीआर) के सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि भुवनेश्वर-संबलपुर रेलमार्ग पर ढेंकनाल-अंगुल खंड में मेरामंडली और बुधपंक के बीच कुछ लोगों ने वंदेभारत ट्रेन पर पत्थर फेंके। पथराव से एक्जीक्यूटिव क्लास कोच की खिड़की के शीशे टूट गये। आरपीएफ एस्कॉर्टिंग स्टाफ ने घटना की सूचना दी। ईसीआर की सुरक्षा शाखा ने इसे गंभीरता से लिया है और रेलवे सुरक्षा बल और सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) को सतर्क कर दिया है।

**उत्तराखंड : मौसम विभाग ने जारी किया बारिश और बर्फबारी की अलर्ट**

# रेस्क्यू ऑपरेशन को मैनुअली किया गया शुरू

एजेंसी

**देहरादून।** चारधाम यात्रा ऑल वेदर रोड परियोजना के तहत उत्तरकाशी में सिलक्यारा के पास निमार्णाधीन सुरंग में हुए हादसे को 16 दिन गुजर चुके हैं। सिलक्यारा टनल में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन को अब मैनुअली शुरू कर दिया गया है। सेना की मदद से इस ऑपरेशन किया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पीके मिश्रा उत्तरकाशी टनल पहुंचे। टनल में फंसे मजदूरों के साथ उन्होंने बात की और सकुशल बाहर निकालने का हौसला बढ़ाया।

**मौसम बदलने से बढ़ सकती है दिक्कत :** उत्तरकाशी में येलो अलर्ट जारी होने से बचावकर्मियों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। मौसम विभाग ने उत्तरकाशी में कई जगहों पर हल्की बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाले बारिश और बर्फबारी से मैदानी जिलों में तापमान में गिरावट आ सकती है। इससे दिक्कत हो सकती है।



**3 मजदूरों की तबीयत खराब**

**बताया जा रहा है कि रेस्क्यू ऑपरेशन के 16वें दिन टनल के अंदर 3 मजदूरों की तबीयत बिगड़ गई। मजदूरों को सिरदर्द, उल्टी और सीने में दर्द की शिकायत है। डॉक्टं ने पाइप के जरिये उन्हें दवाएं पहुंचाई हैं।**

### ● आर्मी रेजिमेंट ने हाथ में लिया मोर्चा

आईएएस नीरज खैरवाल ने सिल्क्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन पर अब ऑगर मशीन से आगे की ड्रिलिंग नहीं की जाएगी। दरअसल, टनल में फंसे 41 लोगों को बाहर निकालने के लिए चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत अभी वर्टिकल और होरिजेंटल दोनों तरफ से खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है।

### ● सभी मजदूर सेफ, अभियान जारी

सिल्क्यारा सुरंग बचाव अभियान में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कहा कि अच्छी खबर यह है कि अंदर फंसे 41 मजदूर ठीक हैं। उनके पास सभी चीजें जा रही हैं। मजदूरों के परिजन भी आ गए हैं, मजदूरों ने अपने परिजनों से बात की।

### ● 31 मीटर तक हुयी लंबवत ड्रिलिंग

श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए सुरंग के ऊपर से की जा रही लंबवत ड्रिलिंग 31 मीटर तक पहुंच चुकी है। सिलक्यारा में बचाव कार्यों की देखरेख कर रहे सीमा सड़क संगठन के पूर्व महानिदेशक हरपाल सिंह ने मंगलवार को बताया कि अब तक 31 मीटर लंबवत ड्रिलिंग की जा चुकी है।

# चंद सेकंड में तबाही मचाने वाला वायुसेना का हथियार मार्क-84 बम जबलपुर में होगा तैयार

एजेंसी

**जबलपुर।** शहर में स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया वायु सेना और नौसेना के लिए कुछ ऐसे हथियार बना रही है, जिससे न केवल देश की सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले बम को विदेश में बेचकर भारत को विदेशी मुद्रा भी मिलेगी। इसी के लिए ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया को लगभग 3000 करोड़ के आर्डर मिले हैं। इसमें नॉर्मल बम से लेकर कुछ बेहद खतरनाक बम बनाए जा रहे हैं. इस पर रिसर्च भी की जा रही है। साथ ही इंडियन नेवी का एक खास हथियार भी जबलपुर की इसी फैक्ट्री में तैयार किया जाएगा।

**दुश्मन की नींद उड़ा देने वाला मार्क 84 बम :** आपने वीडियो और फोटों में देखा होगा कि युद्ध के दौरान फाइटर एयरक्राफ्ट बम बरसाते हैं। इन बमों को उनकी जरूरत के हिसाब से गिराया जाता है। सेनाएं अक्सर दुश्मन देशों की जगहों को चिन्हित कर रेंज के हिसाब से बम गिराती है। इससे पुल से लेकर इमारत तक ध्वस्त हो जाती है। इन्हीं बमों में एक खास बम की सीरीज होती है, जिसे मार्क 84 बम के नाम से जाना जाता है। 12 फीट लंबाई ही इस बम की खासियत होती है कि ये काफी भारी भरकम होता है। इसका वजन लगभग 1000 किलो होता है। इस बम की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर इस विस्फोटक को किसी जगह गिराया जाए, तो लगभग 30 फीट गहरा और 50 फीट चौड़ा गड्ढा हो जाता है. यानि आसान भाषा में किसी भी बड़ी इमारत को नेस्तानबूत करने के लिए काफी है।




### विदेशों से करना पड़ता था आयात

हिन्दुस्तान की वायुसेना अक्सर इस बम का आयात विदेशों से किया करती रही है। इस बम की कीमत बीस हजार डॉलर है। यह टेंडर जबलपुर की आयुध निमार्णी खमरिया को मिला है। इस बम को यहां के महाप्रबंधक एमएन हालदार की निगरानी में तैयार किया जाएगा

### वियतनाम युद्ध की गयी थी इन बमों का इस्तेमाल

इन बमों का इस्तेमाल विश्व की काफी चर्चा में रहे युद्धों में किया जा चुका है। इनमें वियतनाम युद्ध शामिल है। इन बमों को अमेरिका ने गिराया था। जहां ये बम को गिराया गया था, उस जगह पर मौजूद करीबन 97 लोगों की एक ही बार में मौत हो गई थी। सेना में इस बम को हथियार काफी तरजीह दी जाती है।



**25 और 26 नवंबर को भैंसों के 160 जोड़े और उनके जॉकी बेंगलुरु के सिटी पैलेस मैदान में विशेष रूप से बनाए गए कीचड़ वाले ट्रैक पर दौड़े। कंबाला एक लोक खेल है जो तटीय कर्नाटक जिलों में प्रचलित है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां तुलु भाषी बहुसंख्यक हैं।**

# तिरुपति बालाजी के दरबार में पीएम मोदी, देशवासियों के लिए की प्रार्थना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के तिरुपति पहुंचे जहां उन्होंने तिरुमला के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगवान बालाजी के दर्शन किए, साथ ही पूजा अर्चना की। इस दौरान पीएम ने सभी देशवासियों के लिए प्रार्थना की।

पीएम नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के तिरुपति पहुंचे, जहां उन्होंने तिरुमला मंदिर में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगवान बालाजी के दर्शन किए। मंदिर के पुजारियों के साथ पीएम मोदी से पूरे विधि विधान के साथ के पूजा अर्चना की। साथ ही भगवान के सामने माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने 140 देश के करोड़ों भारतीयों के बेहतर स्वास्थ्य, कल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पीएम इस दौरान पूरी तरह से दक्षिण के पारंपरिक परिधान में नजर आए। पीएम के आगमन को लेकर मंदिर परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए गए. इससे पहले साल 2015, 2017 और साल 2019 में भी उन्होंने बालाजी के दर्शन किए। प्रधानमंत्री देर रात आंध्र प्रदेश पहुंचे थे। जहां एयरपोर्ट पर उनका स्वागत प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने किया। आपको बता दें कि तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार का आखिरी दौर है। ऐसे आज पीएम का तेलंगाना में चुनावी प्रचार का भी कार्यक्रम है। महबूबाबाद और करीमनगर में पीएम चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम को पीएम हैदराबाद में मेगा रोड शो करेंगे औ राज्य में बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाएंगे।



# आयरलैंड के लेखक पॉल लिंच लंदन में बुकर पुरस्कार से सम्मानित

**लंदन।** आयरलैंड के लेखक पॉल लिंच को यहां के ओल्ड बिलिंग्सगेट में बुकर पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार उपन्यास 'प्रॉफिट सॉन्ग' के लिए दिया गया। 46 वर्षीय लिंच ने यह पुरस्कार लंदन में रहने वाली भारतीय मूल की लेखिका चेतना मारू के पहले उपन्यास 'वेस्टर्न लेन' को पछाड़कर अपने नाम किया।

लंदन से छपने वाले अखबार द टाइम्स के अनुसार लिंच ने प्रॉफिट सॉन्ग में निरंकुशता की चपेट वाले आयरलैंड की तस्वीर पेश की है। यह उपन्यास एक परिवार की कहानी पर केंद्रित है, जो लोकतांत्रिक मानदंड खत्म होने की त्रासदी से जूझता है। लिंच ने 50 हजार पाउंड इनामी राशि वाला यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने के बाद कहा, मैंने आधुनिक अराजकता को देखने की कोशिश की। मैंने पश्चिमी लोकतंत्र में अशांति को देखने की कोशिश की। सीरिया की समस्या, शरणार्थी संकट का पैमाना और पश्चिम की उदासीनता भी महसूस की।

लिंच यह पुरस्कार जीतने वाले आयरलैंड के पांचवें लेखक हैं। इससे पहले आयरलैंड के आयरिस मर्डोक, जॉन बैनविले, रॉडी डॉयल और ऐनी एनराइट ने यह पुरस्कार जीत चुके हैं। द टाइम्स के अनुसार ओल्ड बिलिंग्सगेट में आयोजित समारोह में श्रीलंका के लेखक शेहान करुणातिलका ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। पिछले साल करुणातिलका को उनके उपन्यास द्यद सेवेन मून्स ऑफ माली अल्मेडा के लिए बुकर पुरस्कार दिया गया था।

इस साल बुकर पुरस्कार के लिए छह लेखक दावेदार थे। इनमें केन्या में जन्मी चेतना मारू भी शामिल हैं। मारू का उपन्यास वेस्टर्न लेन ब्रिटिश गुजराती परिवेश पर आधारित है। बुकर पुरस्कार चयन समिति ने वेस्टर्न लेन ब्रिटिश में जटिल मानवीय भावनाओं के रूपक के तौर पर स्क्वैश के खेल के उपयोग के लिए प्रशंसा की।



# नेपाल के भूकंप प्रभावित इलाके में ठंड से मरने वालों की संख्या 15 हुई

एजेंसी

**काठमांडू।** मौसम का पारा गिरने के साथ ही नेपाल के भूकंप प्रभावित इलाकों जाजरकोट और रूकुम पश्चिम में खुले आसमान के नीचे गुजर बसर कर रहे लोगों की मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। महज एक तिरपाल के सहारे रह रहे इन भूकंप पीडितों को रात गुजारना और अधिक मुश्किल होता जा रहा है।

ठंड के कारण इन दोनों जिलों में मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। मरने वालों में अधिकतर बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं हैं। बुजुर्गों की ठंड के कारण निमोनिया से मौत हो रही है जबकि अन्य लोगों में कई दूसरी बीमारियां मौत का कारण बन रही हैं। बीती रात ठंड के कारण ही नलगाड नगरपालिका वार्ड नम्बर 8 निवासी एक गर्भवती महिला शर्मिला चादार की मौत होने जानकारी वार्ड अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह ने दी है।

इसी तरह रविवार सुबह एक नवजात शिशु मृत पाया गया। भेरी नगरपालिका के वार्ड नम्बर 2 में भूकंप पीड़ितों के लिए बनाए गए आश्रय स्थल में एक महीने की नवजात निरूता पुन की ठंड से ठिठुरकर मौत हो गई। 3 नवम्बर को जाजरकोट को केन्द्र विन्दु बनाकर आए 6.4 की तीव्रता के भूकंप के बाद बेघर हुए लोगों की मौत लगातार ठंड के कारण हो रही है।

जाजरकोट और रूकुम पश्चिम दोनों ही पहाड़ी इलाके हैं, जहां सितम्बर - अक्टूबर से ही कड़ाके की ठंड शुरू हो जाती है। इस समय दोनों जिलों के ऊपरी हिस्से में तो बर्फबारी भी शुरू हो गई है। इसके कारण वहां का तापमान रात को 5 - 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। ठंड के कारण भूकम्प पीडितों को कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है।



## राष्ट्रपति मुर्मू एएफएमसी पुणे को प्रेसिडेंट्स कलर प्रदान करेंगी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक दिसंबर को सशस्त्र बल चिकित्सा कॉलेज (एएफएमसी), पुणे के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उसे प्रेसिडेंट्स कलर (राष्ट्रपति का निशान) पुरस्कार प्रदान करेंगी। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के वक्तव्य के अनुसार, एएफएमसी देश के अग्रणी मेडिकल कॉलेजों में शामिल है और यह पुरस्कार राष्ट्र के प्रति उसकी 75 वर्षों की शानदार और अनुकरणीय सेवा का प्रमाण है।

**एक नजर में**

## अमेरिका में भारत के राजदूत संधू के साथ खालिस्तान समर्थकों ने की धक्का-मुक्की



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने गुरुपर्व के अवसर पर न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में एक गुरुद्वारे में अरदास की। गुरुद्वारे में खालिस्तान समर्थकों के एक समूह ने उनके साथ धक्का-मुक्की की लेकिन सिख समुदाय के सदस्यों ने उन्हें बाहर निकाल दिया। संधू ने रविवार को सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर लिखा, ''लॉन्ग आइलैंड के गुरु नानक दरबार में अफगानिस्तान की संगत सहित स्थानीय संगत के साथ गुरुपर्व मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान कीर्तन सुना, गुरु नानक के एकजुटता, एकता और समानता के शाश्वत संदेश के बारे चर्चा की, लंगर में शामिल हुआ और सभी के लिए आशीर्वाद मांगा।

## इजराइली कारोबारी के जहाज पर अदन बंदरगाह के पास हमला, चालक दल के 22 सदस्यों में भारतीय भी

**अदन (यमन)।** यमन के अदन बंदरगाह के पास इजराइल विरोधी कथित रूप से हूथी विद्रोहियों के निशाने पर आए जहाज 'सेंट्रल पार्क' के चालक दल के सभी 22 सदस्य सुरक्षित हैं। चालक दल के सदस्यों में भारत, बुल्गारिया, जॉर्जिया, फिलीपींस, रूस, तुर्किये और वियतनाम के नागरिक शामिल हैं। यह जहाज इजराइली कारोबारी इयाल ओफर के स्वामित्व वाली कंपनी जोडैक का है। इजराइल के अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार कंपनी ने कहा है कि फॉस्फोरिक एसिड ले जाने वाले सेंट्रल पार्क जहाज पर हुए हमले के बाद चालक दल के सभी सदस्य सकुशल हैं। कंपनी ने यह विवरण नहीं दिया है कि हमलावरों के साथ क्या हुआ।

# फिल्मफेयर ओटीटी अवार्ड्स 2023: आलिया भट्ट ने जीता बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड

फिल्मों के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म का भी महत्व बढ़ रहा है। कई फिल्में और सीरियल सीधे ओटीटी पर रिलीज होते हैं और बेहद लोकप्रिय होते हैं। इस प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली फिल्में और सीरियल भी नए चेहरे लेकर आते हैं। कई बॉलीवुड कलाकार ओटीटी में अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। सैफ अली खान, मनोज बाजपेयी से लेकर शाहिद कपूर तक कई सितारे अब ओटीटी का रुख कर रहे हैं।

इस बार भी फिल्मफेयर का ओटीटी अवॉर्ड समारोह हाल ही में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आलिया भट्ट ने इस साल के ओटीटी पुरस्कार भी जीते हैं, जबकि मनोज बाजपेयी की "सिर्फ एक बंदा काफी है" ने भी अच्छे पुरस्कार जीते हैं। आईए जानते हैं कि फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2023 में किसे अवॉर्ड मिला।



## क्रिकेट पर फिल्म बनाना चाहते हैं आयुष्मान खुराना

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता आयुष्मान खुराना क्रिकेट पर आधारित एक फिल्म बनाना चाहते हैं। आयुष्मान खुराना ने बताया कि क्रिकेट पर उनकी नॉलेज और ऑब्जरवेशन अच्छी हैं। उन्होंने बताया कि वह पंजाब में अंडर-19 डिस्ट्रिक्ट लेवल के क्रिकेटर थे और वह इस खेल को बहुत जुनून के साथ खेलते हैं। आयुष्मान खुराना ने कहा, क्रिकेट पर फिल्म बनाना मेरी बकेट-लिस्ट का हिस्सा है और मुझे उम्मीद है कि यह जल्द ही पूरा हो जाएगा। मुझे लगता है कि जब भी ऐसी फिल्म बनेगी तो मेरा क्रिकेट स्किल वास्तव में काम आएगा।




वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# इफ्फी 2023: विविधता का समावेश और समावेशिता को प्रोत्साहन

महोत्सव ने दिव्यांगजनों के लिए सुलभता और सभी के लिए फिल्में सुनिश्चित कीं

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) का 54वां आयोजन सभी क्षेत्रों में समावेशिता और विविधता का एक प्रेरक प्रतीक बन गया है। इस वर्ष का इफ्फी सभी प्रकार की क्षमताओं और पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों कागर्मजोशी से स्वागत करते हुए सुलभता के एक मार्गदर्शक प्रकाशपुंज के रूप में कार्य कर रहा है। यह देश एवं दुनिया के कोने-कोने से कला और कलाकारों को एकत्रित कर रहा है और साथ ही कंटेंट को सभी उपभोक्ताओं के लिए सुलभ बना रहा है। क्षेत्रीय सिनेमा से लेकर विदेशी भाषा की फिल्मों तक, इफ्फी सिनेमाई उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करने वाले सामंजस्यपूर्ण ताने-बाने में सब कुछ का समावेश कर रहा है।

इस महोत्सव के सभी स्थलों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं के सोचे-समझे समन्वय के जरिए समावेशिता की दिशा में एक अनुकरणीय प्रगति देखी गई है। संबद्ध ऑडियो विवरण और सांकेतिक भाषा प्रावधानों से सुसज्जित दिव्यांगजन प्रतिनिधियों के लिए तैयार की गई चार विशेष स्क्रीनिंग, सभी के लिए सिनेमाई अनुभव सुनिश्चित करने के प्रतिइफ्फी के समर्पण को दशार्ती है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ल के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसे अब बढ़ाकर ह्यसबका मनोरंजनह्ल तक ले जाया गया है और जो ह्यसभी के लिए मनोरंजनह्ल की वकालत करता है।



इसके अलावा, यह महोत्सव 40 उल्लेखनीय महिला फिल्मकारोंके सिनेमाई कौशल को रेखांकित करके लैंगिक समानता का समर्थन कर रहा है। इन महिला फिल्मकारों का योगदान न केवल सिनेमाई परिदृश्य को समृद्ध करता है, बल्कि फिल्म उद्योग के भीतर समानता और प्रतिनिधित्व की मांग को भी मुखर करता है।

इफ्फी की एक पहचान पूरे भारत में फैली विविध संस्कृतियों व कथाओं को नमन करने वालेक्षेत्रीय सिनेमा का इसका उत्सव है।विभिन्न भाषाई क्षेत्रों की फिल्मों के प्रदर्शन को समर्पित विशिष्ट दिन इस प्रतिबद्धता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।पूर्वी भारत की बंगाली, उड़िया, असमिया, मणिपुरी और उत्तर पूर्वी बोलियों की जीवंत चित्रपट से लेकर तमिल, मलयालम, पंजाबी, डोगरी, भोजपुरी, राजस्थानी, उर्दू, छत्तीसगढ़ी, कोंकणी, मराठी, गुजराती, कन्नड़ और तेलुगु सिनेमा कीचमक तक, 54वां इफ्फी भारत की सांस्कृतिक विविधता की एक मनोरम यात्रा का वादा कर रहा है।



समकालीन रुझानका समावेश करते हुए, सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज (ओटीटी) पुरस्कार की शुरूआत डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से कहानी कहने के उभरते परिदृश्य कोइफ्फीद्वारा मान्यता को दशार्ती है। 15 ओटीटी प्लेटफार्मों से 10 भाषाओं की प्रविष्टियों के साथ, यह पुरस्कार न केवल उत्कृष्ट कंटेंट को मान्यता प्रदान करता है बल्कि रचनात्मक अभिव्यक्ति की विविधता को भी बढ़ावा देता है।

जैसे-जैसे यह महोत्सव आगे बढ़ रहा है, इफ्फी 54 सिनेमाई उत्कृष्टता, समावेशिता और सांस्कृतिक उत्सव के एक उत्कृष्ट प्रमाण के रूप में उभर रहा है। ह्यसभी के लिए मनोरंजनह्लके अपने आदर्श वाक्य और ह्यविविधता में एकताह्लके प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, यह महोत्सव एक अधिक समावेशी और जीवंत सिनेमाई दुनिया का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

# मिशन दक्ष



बिहार सरकार ने पढ़ने-लिखने में कमजोर 25 लाख स्कूली बच्चों के शिक्षण स्तर में सुधार के लिए एक दिसंबर से ट्र२ड्ढल्ल ऊंह्वर शुरू करने का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन दक्ष के तहत राज्य शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को कहा है कि वह अधिकतम पांच छात्रों का समूह बनाएंगे और उनका मार्गदर्शन करेंगे। शिक्षकों को ह्यचेतावनीह्ल भी दी गई है कि लापरवाही बरतने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। बिहार की नीतीश कुमार सरकार राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए पिछले एक वर्ष से कड़े कदम उठा रही है।

**पढ़ने-लिखने में कमजोर 25 लाख स्कूली बच्चों की शुरू होगी स्पेशल क्लास**

**लापरवाही बरतने पर टीचरों पर होगी सख्त कार्रवाई**

ट्र२ड्ढल्ल ऊंह्वर का लक्ष्य छात्रों की पढ़ाई में सुधार करना

इसे ध्यान में रखते हुए विभाग ने राज्य भर के सभी सरकारी स्कूलों में एक दिसंबर से ह्यमिशन दक्षह्ल शुरू करने का फैसला किया है ताकि ऐसे छात्रों के शिक्षण स्तर में सुधार हो सके। पढ़ने-लिखने में कमजोर छात्र स्कूलों में अपने अन्य साथियों से बहुत पीछे हैं। उनमें से कुछ उच्च प्राथमिक कक्षाओं में पहुंचने के बावजूद हिंदी के सरल शब्दों को ठीक से पढ़ने में असमर्थ हैं। पाठक ने निर्देश दिया कि ऐसे छात्रों की पहचान प्राथमिकता के आधार पर की जाए जिलाधिकारियों ने जुलाई में नियमित निरीक्षण और निगरानी शुरू की और यह पाया कि लगभग सभी सरकारी स्कूलों में पढ़ने-लिखने में कमजोर छात्रों की संख्या काफी अधिक है।

नियमित संख्या में हो छात्र

इसके बाद प्रधानाध्यापक शिक्षकों को अतिरिक्त कक्षाएं लेने के लिए कहेंगे, एक वक्त में पांच से ज्यादा छात्र नहीं होने चाहिए। ऐसे छात्रों को कठिन अवधारणाओं को समझने और सीखने की खाई को पाटने के लिए व्यक्तिगत रूप से ध्यान देने की आवश्यकता होती है। सभी 25 लाख ऐसे कमजोर छात्र अप्रैल 2024 में अंतिम परीक्षाओं में शामिल होंगे। यदि ये छात्र परीक्षाओं में फेल होते हैं तो शिक्षा विभाग उनके संबंधित हेडमास्टर, शिक्षक और प्रधानाचार्यों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

# टेक्सटाइल इंडस्ट्री में बनाये करियर

भारत के सबसे पुराने उद्योगों में से एक टेक्सटाइल इंडस्ट्री। पहले यह सिर्फ फैब्रिक प्रोडक्शन तक ही सीमित थी, लेकिन अब नयी टेक्नोलॉजी के आने से यह तेजी से विकसित हुई है। अब यह इंडस्ट्री अनुसंधान, विकास, मेन्युफैक्चरिंग और मर्केंडाइजिंग जैसी कई श्रेणियों में काम कर रही है। साथ ही, इसमें जॉब के अवसर भी पहले की अपेक्षा अब तेजी से बढ़ रहे हैं। अगर आप टेक्सटाइल डिजाइनिंग या प्रोडक्शन में दिलचस्पी रखते हैं, तो टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में अपना करियर बना सकते हैं।




## क्या है टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी

टेक्सटाइल्स के प्रोडक्शन, प्रोसेसिंग और डिजाइनिंग के अध्ययन को टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी या टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कहते हैं। इस फील्ड में साइंटिफिक और इंजीनियरिंग सिद्धांतों के साथ-साथ फाइबर, टेक्सटाइल व अपैरल की डिजाइनिंग और प्रोसेस कंट्रोल सब कुछ शामिल है। इसमें प्राकृतिक और मानव निर्मित मटेरियल, सुरक्षा, ऊर्जा संरक्षण, वेस्ट एंड पॉल्यूशन कंट्रोल आदि सभी बातों का खयाल रखा जाता है।

## कौन-से कोर्स करें

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए इंटर में फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स या बायोलॉजी जैसे विषय होने जरूरी हैं। इसके बाद आप टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में बीई या बीटेक, टेक्सटाइल डिजाइनिंग में बीए, टेक्सटाइल डिजाइन में बीएससी, बैचलर ऑफ डिजाइन, डिप्लोमा इन टेक्सटाइल मेन्युफैक्चर या टेक्सटाइल केमिस्ट्री में बीटेक कर सकते हैं। इसके बाद इन कोर्सेज में एडवांस्ड डिप्लोमा, एमई, एमटेक और उसके बाद पीएचडी भी कर सकते हैं।



नागेन्द्र सिंह

## कैसी है वर्क प्रोफाइल

आप टेक्सटाइल कंपनीज के प्रोडक्शन कंट्रोल, प्रोडक्ट रिसर्च एंड डेवलपमेंट, इंजीनियरिंग प्रोसेस, सेल्स, कॉर्पोरेट मैनेजमेंट, सुपरविजन आदि डिपार्टमेंट्स में काम कर सकते हैं। एक टेक्सटाइल इंजीनियर आम तौर पर इंजीनियरिंग प्रोसेस से जुड़ा होता है, जबकि अपैरल और गारमेंट्स की डिजाइनिंग और मेन्युफैक्चरिंग के लिए काम करने वाले प्रोफेशनल्स प्रोडक्ट रिसर्च एंड डेवलपमेंट डिपार्टमेंट में काम करते हैं।

## कौन-सी स्किल्स चाहिए

इस फील्ड में सर्वाइव करने के लिए उम्मीदवार के पास बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल्स, कंप्यूटर स्किल्स, एनालिटिकल स्किल्स और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स होनी जरूरी हैं। इसके अलावा उनमें चीजों की बारीकियों पर ध्यान देने की क्षमता, लॉजिकल थिंकिंग और क्रिएटिविटी होनी भी जरूरी है।

## भविष्य की संभावनायें

आप टेक्सटाइल मिल्स, एक्सपोर्ट हाउसेज, निटवेयर मेन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, टेक्सटाइल डाइंग एंड प्रिंटिंग यूनिट्स में काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप सरकार द्वारा प्रायोजित अथवा निजी सिल्क, हैंडलूम, जूट, खादी, क्राफ्ट डेवलपमेंट संस्थानों में काम कर सकते हैं। आप फैशन रीटेलर्स डिजाइन स्टूडियोज और बड़ी टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज जैसे में भी काम कर सकते हैं।

## सैलरी कितनी

एक फ्रैशर इंजीनियरिंग ग्रेजुएट को 12 हजार से 30 हजार रुपये की सैलरी मिलती है। अनुभवी उम्मीदवारों की सैलरी 50 हजार से 60 हजार रुपये तक होती है।

## प्रमुख संस्थान

- आइआइटी दिल्ली।
- गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, सेरामपुर।
- उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट, कानपुर।
- डॉ बीआर अंबेडकर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जालंधर।
- पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पानीपत।

मोटिवेशन

# मौन का संकल्प

हम सदैव सुनते आये हैं कि विश्व में शब्द सबसे खतरनाक हथियार है। गलत या सही शब्दों का चयन ही रिश्तो को बिगाड़ता या बनाता है। शब्द ही महाभारत कराते हैं या शब्द ही प्रेम संबंधो को प्रगाढ़ करते हैं। पर मुझे लगता है कि मौन रहना शब्दों के प्रयोग से भी ज्यादा घातक है। अगर हमारी समस्याओं का प्रमुख कारण अधिक मात्रा में शब्दों का प्रयोग करना है तो आवश्यकता रहने पर मौन रहना भी हमारी समस्याओं का प्रमुख कारण है। हम प्रायः उस समय मौन रह जाते हैं जब हमें शब्दों का प्रयोग करना चाहिए था। हम समाज में प्रायः अनेक गलत चीजों को मौन रहकर देखते हैं उनका विरोध नहीं करते हैं। फलतः गलत करने वालों का मनोबल बढ़ने लगता है। इससे वे गलत करने को प्रेरित होते हैं और उनका मनोबल बढ़ता जा रहा है। इसके बाद खतरनाक होता है अपनो का मौन? जी हां अपनो का मौन। यह मौन पूरे समाज में अजीब खतरनाक स्थिति पैदा करता है। जब हमें अपनो से सहयोग और प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है तब उनका मौन किसी सामाजिक अपराध से कम नहीं होता है और वे इस अपराध को अंजाम देते है जानकर-बूझकर। जब हमें अपनो की शारीरिक, मानसिक या आर्थिक मदद की आवश्यकता होती है और ऐसे में अपनो का मौन रह जाना सर्वाधिक दुखदायी होता है।कभी-कभी जब की डांट फटकारकी अपेक्षा होती है व अपने मौन रह जांये तो वे क्षण भी बहुत दुख देने वाले होते हैं। मुझे आज भी याद है कि जब मैं गलती करता था और मुझे लगता था कि मां या पिताजी से मुझे डांट मिलेगी लेकिन मां और पिताजी मौन रह जाते थे तो मुझे बहुत कष्ट होता था। उस समय मुझे लगता था कि पिताजी मौन रहकर अपने को कष्ट क्यों दे रहे हैं जबकि वे मुझे डांटकर-फटकार मुझे कष्ट देते तो मुझे अच्छा लगता। नव वर्ष का संकल्प निश्चित तौर पर मौन का ही हो क्योंकि हम इससे प्रखर हो सकते हैं,विकसित हो सकते हैं।



**एडी बाधवा**
**सीएमए, मोटिवेटर**

# भाषा में है रुचि, तो बना सकते हैं बेहतर करियर

अगर आपकी रुचि भाषा में है तो लिंग्विस्टिक्स आपके लिए एक अच्छा करियर ऑप्शन है। लिंग्विस्टिक्स शब्द लैटिन भाषा के लिंगुआ (जुबान) और इस्टिक्स (ज्ञान ) से मिलकर बना है। इसे हिंदी में भाषा विज्ञान कहते हैं। लिंग्विस्टिक्स एक ऐसा विज्ञान है, जो किसी भाषा के सामाजिक, ऐतिहासिक, राजनीतिक, बायोलॉजिकल, साइकोलॉजिकल और आर्थिक पहलू का अध्ययन करता है।



## किसके लिए है लिंग्विस्टिक कोर्स

लिंग्विस्टिक्स में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री और डिप्लोमा प्रोग्राम चलाए जाते हैं। ग्रेजुएट प्रोग्राम में एडमिशन लेने के लिए 12वीं पास होना जरूरी है, जबकि पीजी कोर्स करने के लिए लिंग्विस्टिक्स या अन्य किसी विषय में ग्रेजुएट होना अनिवार्य है। लिंग्विस्टिक्स में मास्टर्स डिग्री करने के बाद एमफिल या पीएचडी भी की जा सकती है।

## कहां मिलेगा रोजगार

एक लैंग्वेज एक्सपर्ट के लिए गवर्नमेंट सेक्टर के साथ प्राइवेट सेक्टर के दरवाजे भी खुले हैं। लैंग्वेज ट्रेनिंग के बाद आमतौर पर रिसर्च से संबंधित नौकरियां मिलती हैं। इसके अलावा लिंग्विस्टिक प्रोफेशनल्स ऑडियोलॉजिस्ट, कम्यूनिकेशन डिसऑर्डर स्पेशलिस्ट, ब्रॉडकास्टर, न्यूज रीडर, कॉपी राइटर, टेक्निकल राइटर, ट्रांसलेटर, प्रकाशक, इंटरप्रिटर, लैंग्वेज प्लानर, लेक्सिकोग्राफर, टीचर, साइको लिंगग्विस्टक, टूर ऑपरेटर, रिसर्चर की नौकरी पा सकते हैं। यही नहीं डब्ल्यूएचओ, यूएन, नाटो जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अलावा टीचिंग, बैंकिंग, अस्पताल, पर्यटन, प्रिंटिंग प्रेस, मीडिया जैसे फील्ड में भी करियर बनाया जा सकता है।

## कितनी मिलेगी सैलेरी

शुरुआत में 10,000 से 15,000 रुपये हर महीने मिल जाते हैं और अनुभव के साथ इसमें बढ़त भी होती है। अगर एक लिंग्विस्टिक्स स्पेशिलिस्ट बतौर ट्रांसलेटर काम कर रहा है तो पर- पेज के हिसाब से पेमेंट मिलती है जबकि एक इंटरप्रिटर को पर-आवर पेमेंट मिलती है।

## कहां कर सकते हैं पढ़ाई

- जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लैंग्वेज, लिटरेचर एंड कल्चर स्टडीज।
- यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद सेंटर फॉर एप्लाइड लिंग्विस्टिक्स एंड ट्रांसलेशन स्टडीज।
- यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता।
- केरल यूनिवर्सिटी, डिपार्टमेंट ऑफ लिंगग्विस्टिक्स।

# 12 वीं के बाद उड़ें आसमान में बनें पायलट

यदि हम चाहते हैं कि भारत नये वर्ष 2020 की शुरुआत से ही अपनी प्रतिभाओं और अपने कुशल और प्रशिक्षित श्रम बल से देश और दुनिया में आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की नई इबारत लिखे पायलट करिअर से रोमांच, ग्लैमर, पैसा और आकर्षण जुड़े होते हैं। उसकी जीवन शैली बेहद आकर्षक होती है। यही वजह है कि इन दिनों इस क्षेत्र में पायलटों की मांग जोर पकड़ती जा रही है।

**पायलट बनने के क्रम में लाइसेंस**

स्टूडेंट पायलट लाइसेंस (एसपीएल) : ये पहला स्तर है। इसे हासिल करने के लिए 12वीं भौतिक, रसायन और गणित के साथ कम से कम 50 फीसद अंकों के साथ पास होना जरूरी है। इसको हासिल करने की न्यूनतम उम्र 16 साल है। इसके अलावा 5 फुट लंबाई और 6/6 आंखों की नजर होनी भी जरूरी है। इसके बाद विद्यार्थी को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) यार भारत सरकार से मान्यताप्राप्त किसी फ्लाइंग क्लब में एसपीएल के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके बाद एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा होगी। इसे पास करने के बाद आप स्टूडेंट पायलट लाइसेंस हासिल कर पाएंगे।

**प्राइवेट पायलट लाइसेंस (पीपीएल):** ये दूसरा स्तर है। प्राइवेट पायलट लाइसेंस को हासिल करने के लिए विद्यार्थी को लिखित और प्रयोगात्मक दोनों तरह की परीक्षा देनी होगी। इसको पास करने की न्यूनतम उम्र 17 साल है। प्राइवेट पायलट लाइसेंस को एएफसीएमई यानी सशस्त्र बल केंद्रीय चिकित्सा संस्थान जारी करता है। इस लाइसेंस को हासिल करने में दो लाख से पांच लाख रुपए खर्च आता है।

**व्यावसायिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल):** ये अंतिम चरण है। व्यावासायिक पायलट लाइसेंस के बाद ही इसे हासिल किया जा सकता है। इसमें लिखित और प्रयोगात्मक परीक्षा के अलावा मेडिकल फिटनेस टेस्ट भी देना होता है। सीपीएल हासिल करने के लिए 250 घंटों की फ्लाइंग जरूरी है। इसे हासिल करने के लिए आठ से पंद्रह लाख रुपए तक का खर्च आ सकता है।

## योग्यता

व्यावयासिक पायलट बनने के लिए भौतिक, रसायन और गणित विषय के साथ 12वीं पास होना आवश्यक है। इसके अलावा इंजीनियरिंग में डिप्लोमा धारक और भौतिक व गणित के साथ स्नातक डिग्री हासिल करने वाले उम्मीदवार भी व्यावसायिक पायलट बन सकते हैं।

## संस्थान

'अखिल भारतीय वैमानिकी संस्थान, देहरादून

'सरकारी विमानन प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर

'कोयंबटूर फ्लाइंग क्लब, कोयंबटूर

'भारतीय विमानन अकादमी, मुंबई

'पश्चिम बंगाल फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, कोलकाता, को-ऑपरेटिव फ्लाइंग क्लब लिमिटेड, जमशेदपुर

'अमदाबाद विमानन एवं वैमानिकी, अमदाबाद,'गवर्नमेंट फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल, बंगलुरु,'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी, बरेली 'राजीव गांधी विमानन अकादमी, सिकंदराबाद

## बढ़ रही है मांग

पहले नागर विमानन का क्षेत्र सरकारी हवाई सेवा तक ही सीमित था। लेकिन जबसे निजी क्षेत्र नागर विमानन की दौड़ में शामिल हुए हैं। इसमें रोजगार की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

## वेतन


नागर विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों के मुताबिक प्रशिक्षु पायलट को 20 हजार रुपए तक आसानी से वेतन मिल जाता है। इसके बाद व्यावसायिक पायलट को शुरुआती रूप से एक लाख रुपए महीने तक मिल सकते हैं। घरेलू उड़ानों के लिए डेढ़ से दो लाख रुपए महीने और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 4 से 6 लाख रुपए महीने वेतन मिल सकता है।



## विवेक मन्त्र

जिस प्रकार सभी पर्वतों पर मणि नहीं मिलती, सभी हाथियों के मस्तक में मोती उत्पन्न नहीं होता, सभी वनों में चंदन का वृक्ष नहीं होता, उसी प्रकार सज्जन पुरुष सभी जगहों पर नहीं मिलते हैं।

चाणक्य



## एडमिशन अलर्ट

**सवाल:** मैं 12वीं में हूं और मेरे पास साइंस के सब्जेक्ट्स हैं, लेकिन इसके बाद मैं साइंस फील्ड में नहीं जाना चाहता। मुझे आर्ट्स की पढ़ाई करनी है। कुछ ऐसा बताएं जिससे आर्ट्स पढ़कर मुझे आसानी से जॉब मिल जाये। **प्रवीण**

**जवाब:** आप अगर यह सोचकर साइंस छोड़ रहे हैं कि आपको आर्ट्स लाइन में जॉब आसानी से मिल जायेगी तो ऐसा नहीं है। हर फील्ड और स्ट्रीम में अपनी तरह की चुनौतियां हैं और आज की कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए आपको इस लाइन में भी बहुत मेहनत करनी होगी। 12वीं में साइंस पढ़ने के बाद आप आगे की पढ़ाई आर्ट्स में कर सकते हैं। अपनी पसंद के हिसाब से आपके पास सब्जेक्ट चुनने के खासे विकल्प होंगे। जहां तक जॉब की बात है तो आइएएस की तैयारी से लेकर क्रिएटिव राइटर तक के ऑप्शन आपके पास हैं, लेकिन अभी आप इन सबके बारे में छोड़कर बोर्ड की तैयारी करें और इस एग्जाम में ज्यादा से ज्यादा नंबर लें।



## करियर जोन

**सवाल:** मैंने आईटी से बीएससी किया है। अभी बतौर इंटरनेट मार्केटर काम कर रहा हूं , लेकिन मुझे लगता है कि मुझे मीडिया इंडस्ट्री के प्रति गहरा लगाव है। मुझे क्या करना चाहिए? **महेश**

**जवाब:** मीडिया इंडस्ट्री में दिलचस्पी होना अच्छी बात है, लेकिन इस फील्ड में करियर बनाने से पहले यह अच्छी तरह समझ लें कि दूर से तो इसमें काफी आकर्षण है, लेकिन वास्तविकता इससे उलटा है। मीडिया लाइन में कठिन और लंबा स्ट्रगल है। शुरुआत में सैलरी भी ज्यादा अच्छी नहीं होती है। दरअसल, इस फील्ड में नौकरियों के अवसर अपेक्षाकृत कम हैं। साथ ही आपको सेल्फ एनालिसिस भी करना होगा। यानी कि आपको ये देखना होगा कि आपकी राइटिंग स्किल्स, जनरल नॉलेज, करंट अफेयर्स और कम्यूनिकेशन स्किल्स कैसी हैं। अगर आप इन मापदंडों पर फिट मानते हैं, तभी इसमें करियर की सोचें।

**सवाल:** क्या मास कम्यूनिकेशन करने के बाद अच्छी नौकरी मिलेगी? **सुमन कुमारी**

**जवाब:** मास कम्यूनिकेशन एक ऐसा फील्ड हैं जिसमें शुरुआत में काफी स्ट्रगल है और स्टैबलिश में होने में काफी वक्त भी लगता है। कई लोग शुरुआत में काफी जोश में होते हैं, फिर हार मानने लगते हैं। ऐसा करना उचित नहीं होता। हां, अगर आप टैलेंटेड हैं और आप के अंदर एक सफल पत्रकार होने की सारी खूबियां हैं तो आप एक अच्छा मुकाम

आप खबर मन्त्र के बेवसाइट पर अपना सवाल भेज सकते हैं सवाल का जवाब हम प्रकाशित करेंगे।